ARBIT
जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू
epaper.rashtradoot.com
राष्ट्रदूत
Metro
Rashtradoot



That Navratra Of Dread And Turmoil_1962

Huge Chinese armies have been marching towards the northern part of NEFA. We have had reverses at Walong and Sela. Today Bomdilla has fallen: Nehru

EPTL GRAND FINALE

AN EVENING OF SCENTED CHRONICLES



टीम इंडिया ने बांग्लादेश को हराकर क्रिकेट वर्ल्ड कप 2023 में लगातार चौथी जीत हासिल की है। भारतीय टीम ने बांग्लादेश को 7 विकेट से हराया। विराट कोहली ने 103 रन बनाकर अपने करियर का 48वां वनडे शतक बनाया और इस बेहतरीन प्रदर्शन के लिए उन्हें ''मैन ऑफ द मैच'' चुना गया। आज के मैच में विराट के नाम एक और उपलब्धि जुड़ गई। उन्होंने सबसे तेज 26 हजार इंटरनैशनल रन भी पूरे कर लिए हैं। उन्होंने 567 पारियों में यह अचीवमैंट हासिल किया। कोहली से पहले सचिन तेंदुलकर ने 600 पारियों में इतने रन बनाए थे। पुणे के एम.सी.ए. मैदान पर गुरुवार को बांग्लादेश ने टॉस जीतकर बल्लेबाजी करते हुए 50 ओवर में 8 विकेट पर 256 रन बनाए। 257 रन का टारगैट भारतीय बल्लेबाजों ने 41.3 ओवर में 3 विकेट पर हासिल कर लिया। मैच में भारतीय गेंदबाजों ने भी अच्छा प्रदर्शन किया। जसप्रीत बुमराह ने बेहद घातक बल्लेबाजी कर रहे बांग्लादेश के बल्लेबाज महमुदल्ला को जिस प्रकार से बोल्ड किया वह दृश्य अपने आप में शानदार था। मैच में टीम इंडिया की फील्डिंग भी काफी उम्दा रही। विकेट कीपर के.एल. राहुल ने बहुत ही शानदार डाइविंग से कैच पकड़कर बल्लेबाज को आउट किया। बाद में बल्लेबाजी करते हुये कैप्टन रोहित शर्मा के बल्ले से एक और सधी हुई पारी निकली, उन्होंने 48 रन बनाये तथा शुभमन गिल ने भी अर्धशतक पूरा किया।

# आखिर क्या एजेंडा था गहलोत की प्रैस कॉन्फ्रैंस का?

## राजनैतिक हल्कों में चर्चा है कि, संभवतया वे अपने समर्थक विधायकों, जिनके टिकट कट सकते हैं, को आश्वस्त कर रहे थे

-रेणु मित्तल-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 19 अक्टूबर। एक दिन पहले बुधवार को सोनिया गांधी व राहुल गांधी के हाथों झटका खाने के बाद अशोक गहलोत ने आज यह संदेश देने का प्रयास किया कि, उनकी दुनिया में सब कुछ सही है।

उन्होंने आज ए.आई.सी.सी. मुख्यालय में पवन खेड़ा के साथ मिलकर एक प्रैस कॉन्फ्रैंस की।

प्रैस कॉन्फ्रैंस का कोई विशेष एजेंडा नहीं था सिवाय अपने समर्थकों को यह बताने के लिए वे अभी ज़िंदा हैं और पूरे हाथ -पैर मार रहे हैं।

जब उन्होंने कहा कि "मैं चीफ मिनिस्टर का पोस्ट छोड़ना चाहता हूँ पर यह पोस्ट मुझे छोड़ नहीं रही है और आगे भी नहीं छोड़ेगी।" इस समय उन्होंने ऐसा जताया मानो वे लम्बे समय से भारी कष्ट झेल रहे हैं।

गहलोत के सपने और महत्वाकांक्षाएं जस की तस है। उन्हें लगता है कि वे राज करने के लिए ही जन्मे है और आने वाले समय में भी वे ही मुख्यमंत्री बने रहेंगे। इससे स्पष्ट है कि गांधी परिवार के प्रति उनके मन में जरा भी सम्मान नहीं है।

- शांति धारीवाल को टिकट देने के मुद्दे पर सोनिया के रुख और राहुल की नाराज़गी झेलने के बाद गहलोत ने गुरुवार को पूरा दिन जोड़ -तोड़ में बिताया
- गुरुवार को उन्होंने अम्बिका सोनी के साथ लम्बी मीटिंग की, जो गहलोत की प्रबल समर्थक बनी हुई हैं। गहलोत अजय माकन से भी मिले।
- बाद में उन्होंने बिना किसी स्पष्ट एजेंडा के पवन खेड़ा के साथ मिलकर प्रैस कॉन्फ्रैंस कर डाली।
- प्रैस कॉन्फ्रैंस में वे पत्रकारों से यह कहना नहीं भूले कि वे सी.एम. का पद छोड़ना चाहते हैं पर यह पद उन्हें नहीं छोड़ रहा और छोड़ेगा भी नहीं।
- इस प्रकार गहलोत शायद अपने समर्थकों को यकीन दिलाना चाहते हैं कि, आगे भी वे ही मुख्यमंत्री बनेंगे।
- गांधी परिवार से अपनी निकटता दर्शाने के लिए वे शुक्रवार को प्रियंका गांधी को अपने विशेष विमान से जयपुर ला रहे हैं। गौरतलब है कि, दौसा में प्रियंका की सभा होने जा रही है।

गुरुवार को सुबह उन्होंने अम्बिका सोनी के साथ लम्बी मीटिंग की, जो कि उनकी सबसे बड़ी समर्थक व मददगार बनके उभरी हैं। एक वरिष्ठ नेता ने कहा स्पष्ट रुप से यह समर्थन व संरक्षण किसी खास फायदे की एवज में दिया जा रहा है। गहलोत कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे से भी मिले। ज्ञातव्य है कि गहलोत चाहे जो करें खड़गे उनका समर्थन करते हैं, पता नहीं इसका क्या कारण है। पर जब सोनिया व राहुल ने बुधवार की मीटिंग में शांति धारीवाल का टिकट काटा तो खड़गे चुप रहे कुछ नहीं बोले।

गुरुवार को देर शाम गहलोत ए.आई.,सी.सी. मुख्यालय 24, अकबर रोड पहुंचे जहां उन्होंने अजय माकन से मुलाकात की। सूत्रों का कहना है कि दोनों के बीच आगामी चुनावों में फंड की व्यवस्था के मुद्दे पर चर्चा हुई।

शाम को गहलोत ने पार्टी के वॉर रुम में गौरव गोगोई से कुछ मौजूदा विधायकों के भविष्य के बारे में बात की इन विधायकों का टिकट काटने की तैयारी है पर गहलोत इन विधायकों का समर्थन कर रहे हैं।

राजस्थान के मुख्यमंत्री पूरा जोर

(शेष अंतिम पृष्ठ पर)

# गहलोत ने खुद को गांधी परिवार का ''भरोसेमंद'' जताने की कोशिश की

## गहलोत ने कहा, इसीलिए वे तीन बार मुख्यमंत्री बने

-जाल खंबाता-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 19 अक्टूबर। गुरूवार को राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने, पांच राज्यों में विधानसभा चुनाव की प्रक्रिया शुरू होने के बावजूद सी.बी.आई., एनफोर्समेंट डायरैक्टोरेट (ई.डी.) और आयकर विभाग द्वारा विपक्ष के नेताओं पर की जा रही रेड की कार्यवाही की निंदा की।

- पर जब पत्रकारों ने चौथी बार के बारे में पूछा तो गहलोत बोले पार्टी जो तय करेगी वह उसे स्वीकार करेंगे।
- गहलोत ने ई.डी. व सी.बी.आई. द्वारा रेड्स करवाने के लिए केन्द्र सरकार पर निशाना साधा और कहा कि, चुनाव के समय रेड्स नहीं होनी चाहिए।
- गहलोत ने प्रत्याशियों की घोषणा में देरी होने के मुद्दे पर कहा कि, सभी की सहमति से निर्णय लिए जा रहे हैं। जिन विधायकों ने उनसे बगावत की थी उनमें से भी अधिकांश को टिकट दिए गए हैं।

दिल्ली के कांग्रेस मुख्यालय पर एक प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि , जो लोग इन एजेन्सियों को चला रहे हैं उन्हें यह पता होना चाहिए कि उनकी निष्ठा राष्ट्र के प्रति है और उन्हें केन्द्र में सत्तासीन सरकार के कहने पर काम नहीं करना चाहिए। उन्होंने कहा, ये रिपोर्ट भी मिल रही है कि, न्यायपालिका पर भी दबाव है, जैसा कि, वर्तमान और रिटायर्ड जजों ने कहा है, और जो प्रजातंत्र के लिए अच्छा नहीं है।

तथापि चुनाव आयोग से इन रेड्स पर नियंत्रण लगाने के लिए कहने की बात पर गहलोत ने इन्कार कर दिया। उन्होंने कहा कि ये देश की प्रमुख एजेन्सियाँ हैं जिनकी कार्यपद्धति में कांटछांट नहीं की जा सकती।

गहलोत ने कहा यू.पी.ए. शासन के दौरान भी ये एजेन्सियाँ रेड करती थी, लेकिन इनकी संख्या बहुत कम थीं। मनमोहन सिंह सरकार के दस वर्षों में केवल 112 रेड हुई, जबकि, इसके विपरीत, वर्तमान सरकार के कार्यकाल में 3010 रेड हुई हैं, फिर भी केवल 881 केसों में चार्जशीट फाइल हुई है।

गहलोत ने कहा, देश लाचार है, मार्च से मणिपुर हिंसा में जल रहा है, लेकिन, प्रधानमंत्री के पास वहाँ जाने के लिए समय नहीं है। उन्होंने कहा, जब उनके नेता राहुल गांधी बार-बार मणिपुर व अडानी के मुद्दे उठाते हैं, तो सत्तारूढ़ पार्टी को कम से कम जवाब देना चाहिए।

राजस्थान विधानसभा के टिकट वितरण में हो रही देरी के बारे में पूछे जाने पर गहलोत ने कहा, कि, पार्टी सबकी सर्वसम्मति से निर्णय ले रही है और प्रत्याशियों के चयन की प्रक्रिया निर्विघ्न रूप से चल रही है। उन्होंने दावा किया कि, अधिकतर विधायक जो उनकी (गहलोत की) सरकार के खिलाफ सचिन पायलट के साथ गए थे, उनको भी टिकट दिया गया है। उन्होंने कहा कि वो "माफ करने और भूल जाने" की नीति में विश्वास करते हैं।

(शेष अंतिम पृष्ठ पर)




# केंद्रीय चुनाव समिति की बैठक आज

जयपुर, 19 अक्टूबर (का.सं.)। भाजपा की राजस्थान इकाई की कोर कमेटी की बैठक गुरूवार शाम को दिल्ली में केन्द्रीय मंत्री एवम प्रदेश चुनाव प्रभारी प्रहलाद जोशी के निवास पर सम्पन हुई। इस बैठक में भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह, भाजपा राष्ट्रीय संगठन महामंत्री बीएल संतोष, प्रदेशाध्यक्ष सी.पी. जोशी, पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे सहित सभी प्रमुख नेता मौजूद थे। इस बैठक में दूसरी लिस्ट में शामिल किए जाने वाले संभावित प्रत्याशियों के नामों पर चर्चा की गई।

- राजस्थान में भाजपा प्रत्याशियों की दूसरी लिस्ट पर मुहर लगाई जाएगी और बैठक में स्वयं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी भी मौजूद रहेंगे।

शुक्रवार की शाम दिल्ली में केंद्रीय चुनाव समिति की बैठक होगी। इस बैठक में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सहित

(शेष अंतिम पृष्ठ पर)

# 'इंडिया गठबंधन में शामिल होने पर पुनर्विचार करेंगे'

## समाजवादी पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव ने लोकसभा चुनावों में यू.पी. की सभी 80 सीटों पर प्रत्याशी खड़े करने की बात कही है

-डॉ. सतीश मिश्रा-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 19 अक्टूबर। विपक्षी गठबंधन को झटका देते हुए समाजवादी पार्टी के प्रमुख अखिलेश यादव ने कड़ा रुख अपनाते हुए कांग्रेस पर आरोप लगाया कि वह अन्य पार्टियों को बेवकूफ बना रही है।। उन्होंने कहा कि अगर उन्हे यह पता होता कि गठबंधन राज्य स्तर पर काम नहीं करेगा तो वे इंडिया गठबंधन के लिए इतना खुलासा नहीं करते।

- यादव के इस रुख से इंडिया गठबंधन को भारी झटका लगा है, जो एकजुट होकर भाजपा को हराने का दावा कर रहा है।
- यादव कांग्रेस से सख्त नाराज हैं, क्योंकि, कांग्रेस ने मध्यप्रदेश में सपा को 12 सीटें देने से मना कर दिया।
- यादव ने कहा कि, कांग्रेस ने 12 के बजाय 6 सीटें देने की बात कही थी पर जब प्रत्याशियों की घोषणा हुई तो उन्होंने एक भी सीट नहीं छोड़ीं।

किनारा करने का खेल खेलते हुए समाजवादी पार्टी लोकसभा चुनाव में कांग्रेस से हाथ मिलाने पर पुनर्विचार करेगी और सभी 80 सीटों पर चुनाव लड़ेगी। यादव कांग्रेस से इस बात पर नाराज हैं । उसने उन्हें मध्य प्रदेश में उतनी सीटें भी नहीं दी जितनी वे चाहते थे।

राष्ट्रीय स्तर पर सहयोगी कांग्रेस और समाजवादी पार्टी ने मध्य प्रदेश की 18 सीटो पर आमने-सामने प्रत्याशी खड़े किए हैं। इस घटनाक्रम से भाजपा-विरोधी वोट विभाजित हो जाएंगे और विधानसभा चुनाव में वे भाजपा के हाथों मे खेलेंगे। सपा कांग्रेस से 12 सीटों की मांग कर रही थी।

यादव ने संवाददाताओं से कहा, "हमने मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमत्री कमलनाथ से बात की जो अब पार्टी की राज्य इकाई के अध्यक्ष हैं। हमने उन्हें बताया कि पिछली बार कहां से हमारे विधायक जीते थे और कहां हम दूसरे स्थान पर थे। चर्चा रात को एक बजे तक चलती रही।"

यादव ने कहा, "उहन्होंने हमें आश्वासन दिया था कि वे हमारे लिए 6

(शेष अंतिम पृष्ठ पर)

# 47 पूर्व जज सीनियर एडवोकेट बने

-जाल खंबाता-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 19 अक्टूबर। सुप्रीम कोर्ट ने 16 अक्टूबर को हुई पूरे कोर्ट की बैंच में हाई कोर्ट के 47 पूर्व जजों को वरिष्ठ अधिवक्ता घोषित किया जिनमे 9 पूर्व मुख्य न्यायाधीश हैं, इनमें बॉम्बे हाईकोर्ट के रमेश देवकीनंदन धानुका, ओडिशा हाईकोर्ट के डॉ. एम. मुरलीधन, राजस्थान के सतीश कुमार मित्तल, गुजरात की सुश्री सोनिया गोकानी तथा जम्मू-कश्मीर के बदर दुरेज अहमद और महेश कुमार मित्तल।

- सुप्रीम कोर्ट ने हाईकोर्ट के जिन 47 पूर्व जजों को सीनियर एडवोकेट बनाया है, उनमें 9 पूर्व मुख्य न्यायाधीश हैं।

वरिष्ठ अधिवक्ता नामांकित होने वाले बॉम्बे हाईकोर्ट के सात पूर्व जज हैं संदीप काशीनाथ शिंदे, वडाने कालिदास, श्रीमती

(शेष अंतिम पृष्ठ पर)

# 'मैं विधायकों के खिलाफ ''एन्टी इन्कम्बैन्सी'' व भ्रष्टाचार के आरोप को कैसे मान लूँ?'

## गहलोत ने मीडिया को कहा कि, जब विधायकों ने सरकार गिराने के लिए 10-10 करोड़ रुपए के ऑपर को ठुकराया, तो वह भ्रष्ट कैसे हुए?

-यादवेंद्र शर्मा-

जयपुर, 19 अक्टूबर। ए.आई.सी.सी. मुख्यालय में हुई कॉन्फ्रेंस में गहलोत से जब पूछा गया कि टिकट वितरण में काट-छांट के लिए क्या नीति अपनाई जाएगी तो गहलोत ने इस सवाल का घुमावदार पर परोक्ष रूप से आक्रामक जवाब देते हुए कहा कि विधायकों के टिकट तब कटते हैं जब चुनावी क्षेत्र में उनका विकल्प उपलब्ध होता है। उन्होंने अपना जवाब इसी बयान पर खत्म नहीं किया। उन्होंने बल्कि यह दावा किया कि भाजपा नेतृत्व द्वारा सरकार गिराए जाने की "प्रथा" वह राजस्थान में इसलिए रोक पाए क्योंकि उनके पास उनके विधायकों का पूर्ण समर्थन था।

उन्होंने पुरज़ोर तरीके से यह दावा भी किया कि लोगों और कार्यकर्ताओं ने होटल में बैठे विधायकों को कहा कि वो वहां से ना हिलें। उन्होंने यह तक दावा किया कि बी.जे.पी. ने उनकी सरकार गिराने के लिए हर विधायक को 10-10 करोड़ रूपये ऑफर किये थे। उन्होंने कहा कि अगर उनके विधायक सरकार बचाने के लिए 10 करोड के ऑफर को ठुकरा सकते हैं, "तो मैं यह कैसे मान लूं कि ये विधायक भ्रष्ट हैं।"

- जबकि, कुछ दिन पहले तक गहलोत समर्थकों द्वारा यह बयान दिए जा रहे थे कि, लोगों को "मुख्यमंत्री से कोई बैर नहीं है पर स्थानीय विधायकों की खैर नही।"
- दरअसल यह जाहिर हो चुका है कि, गहलोत अपनी राजनैतिक विवशता को देखते हुए बयान बदलते रहते हैं। उनके, ई.डी., अन्य केन्द्रीय एजेन्सियों और न्यायपालिकाओं के खिलाफ दिए गए बयान भी राजनीतिक जरुरतों के हिसाब से बदलते रहते हैं।
- गहलोत और उनके समर्थकों ने पहले कई बार बयान दिए हैं कि, कई विधायकों के टिकट काटे जाएंगे परंतु आज उन्हें उन्हीं विधायकों की जरुरत है इसलिए चुनावी सूची में उनके नाम बनाए रखने के लिए प्रशंसा के पुल बांधे जा रहे हैं।

टिकट वितरण से पहले गहलोत के इस बयान को हाई कमान के खिलाफ परोक्ष रूप से आक्रामक माना जा रहा हैं क्योंकि इससे यह तो स्पष्ट है कि वह अपनी सरकार के कार्यों को अतुल्य व अद्वितीय मानते हैं, विधायकों को भ्रष्टाचार से दूर मानते हैं और उनकी सरकार के खिलाफ "एंटी इन्कम्बेंसी" को प्रासंगिक मानते हैं। चाहे उनका यह मानना जमीनी हकीकत, उनकी पार्टी के सर्वे और सच्चाई से कोसों दूर ही क्यों ना हो।

गहलोत द्वारा दिये गए बयान की विश्वसनीयता तब औंधे मुंह गिर पडती है जब प्रदेश में घटित घटनाक्रम को समझा जाता हैं। जैसा कि विदित है कि 2020 के राज्य सभा चुनाव के पहले गहलोत ने ही प्रदेश के भाजपा

(शेष अंतिम पृष्ठ पर)

# न्यूज़क्लिक मामले में सुप्रीम कोर्ट का दिल्ली पुलिस को नोटिस

नयी दिल्ली, 19 अक्टूबर (वार्ता)। उच्चतम न्यायालय ने गैरकानूनी गतिविधियां रोकथाम अधिनियम (यूएपीए) के तहत गिरफ्तार न्यूज पोर्टल न्यूजक्लिक के संस्थापक प्रबीर पुरकायस्थ और इसके मानव संसाधन (एचआर) प्रमुख अमित चक्रवर्ती की याचिका पर गुरुवार को दिल्ली पुलिस को

- सुप्रीम कोर्ट अन लॉ फुल एक्टिविटीज़ प्रिवेंशन एक्ट के तहत गिरफ्तार न्यूज़ पोर्टल के संस्थापक प्रबीर पुरकायस्थ और अमित चक्रवर्ती की याचिका पर गुरुवार को दिल्ली पुलिस को नोटिस जारी कर जवाब मांगा।

(शेष अंतिम पृष्ठ पर)

## विचार बिन्दु

परिश्रम करने से ही कार्य सिद्ध होते है, केवल इच्छा करने से नहीं। –हितोपदेश

# क्या हम जलवायु परिवर्तन के कारण प्रलय के चौराहे पर खड़े हैं?

अन्तर्राष्ट्रीय सन्धि जिसे संसार के लगभग सभी देश, जो संख्या में 198 हैं, उसका निष्पादन 2015 में हुआ था, उसे पेरिस क्लाईमेट चेन्ज एग्रीमेन्ट के नाम से सम्बोधित किया जाता है, उसका मूल उद्देश्य है सभी हस्ताक्षरकर्ता देश प्रयत्न करेंगे कि धरती का तापमान 2 डिग्री से. की सीमा से अधिक नहीं होगा तथा यों सभी देश अपनी–अपनी घोषणा के अनुसार उचित कदम उठाकर भरसक प्रयत्न करेंगे कि तापमान 1.5 डिग्री से. इण्डस्ट्रीयल लेवल से अधिक नहीं बढ़ने देंगे। वस्तुत: पेरिस एग्रीमेण्ट क्योटो प्रोटोकोल 1997 का ही एक अभिन्न अंग है। अब तक जो भी अन्तर्राष्ट्रीय एग्रीमेण्ट हुये हैं, सभी का यही उद्देश्य रहा है कि यदि धरती माँ को बचाना है तो ग्रीन हाउस गैसों के कन्सेन्ट्रेशन उस सीमा तक नहीं पहुँचने दें, जिससे सतत् विकास के लक्ष्य जो हमने निर्धारित किये हैं उन्हें क्रियाशील बना सकें और धरती को मनुष्यों ने जो नर्क बनाया है, उसे रहने योग्य बनाये रखें। विकसित देशों की प्रतिबद्धता के अनुसार विभिन्न स्रोतों से प्रतिवर्ष 100 विलियन डॉलर जमा कराने की योजना को क्रियाशील बनायें।

कॉप–28 का सम्मेलन 30 नवम्बर से 12 दिसम्बर 2023 तक Expocity Dubai United Arab Emirates में होने जा रहा है। जहां पुन: चर्चा होगी कि पेरिस एग्रीमेण्ट की पालना अभी तक क्यों नहीं हो पा रही है?

पेरिस एग्रीमेण्ट का अर्थ है देशों की कटिबद्धता कि वे तापमान को 1.5 डिग्री से. से अधिक नहीं बढ़ने देंगे और अन्तर्राष्ट्रीय सहयोग को मजबूत धरातल देंगे। Decarbonization पर तथा Carbon Pricing पर विशेष ध्यान देंगे। खेलों को देखें तो ज्ञात होगा कि सफलता दूसरे हॉफ में ही मिलती है। समय अभी है। आधा हॉफ शेष है।

हमें Sustainable Development Goals (SDG) (सतत विकास के लक्ष्यों) को प्राप्त करना होगा। 2015 में मेम्बर सदस्यों ने जो लक्ष्य रखा था उसे पूरा करेंगे किन्तु हम 15 प्रतिशत टारगेट भी पूरा नहीं कर सके हैं। शेष समय ही में हमें SDG लक्ष्य तक पहुंचना ही है। हम कर सकते हैं। हमें करना है। वस्तुत: 2023 का वर्ष लक्ष्य निर्धारित किये जाने व सन् 2030 के अन्तिम वर्ष के मध्य का भाग है। आधे बचे हुये समय में हमारे देश के लीडर्स, पोलिसी मेकर्स, सिविल सोसाइटी व समाज यह मानता है कि सतत विकास के लक्ष्य का आधा भी पूरा नहीं हुआ है, किन्तु उनका विश्वास है कि इसे पूरा करना है। यूएन के सदस्य राज्यों ने सतत विकास के लक्ष्यों को पूरा करने की घोषणा की थी; किन्तु 15 प्रतिशत तक भी पूरा नहीं हो पाया। तीन सदियां पूरी होने तक भी लिंग भेद समाप्त नहीं होगा, फलस्वरूप 2030, 575 मिलियन लोग अत्यन्त गरीबी का जीवन जीते रहेंगे।

पेरिस एग्रीमेण्ट को सफलता मिल सके सभी देश इस ओर प्रयत्नशील हैं। 8 अक्टूबर 2023 का UNFCCC ने मिडिल ईस्ट व नोर्थ अफ्रीका (MENA) ने रियाध में क्लाइमेट वीक मनाया था आशा थी नया सवेरा होगा, किन्तु यह जानकारी स्पष्ट हो सकी कि वहाँ 60 प्रतिशत आबादी को पीने का पानी उपलब्ध नहीं है और जीडीपी का 70 प्रतिशत वाटर स्ट्रेस पर खर्च होता है ताकि वहां विकास का कार्य हो सके।

जलवायु परिवर्तन (ग्लोबल वार्मिंग) सच्ची घटना है क्योंकि संसार में विनाश लीला किसी न किसी रूप में दिखाई दे रही है। उत्तराखण्ड में 2013 में जल प्रलय हुआ और 2023 में वर्षा गर्मी के मौसम में उत्तराखण्ड़ व हिमालय क्षेत्र कुल्लू घाटी, शिमला आदि के क्षेत्रों में बादल फटने की घटनायें हुई। बस्तियां बह गई, सड़कें टूट गई, मवेशी, पुल व वाहन बह गये ये घटनायें प्रलय से कम नहीं थे। शहरों में पानी घुस गया विपत्तियां विकराल रूप में कहर बन कर आई। यह वर्ष विपदाओं से भरा रहा, कहीं बाढ़ तो कहीं सूखा था। प्रलय आने वाला है, या आ चुका है, इसे देश ने देखा है। अमेरिका में 50 डिग्री सेन्टीग्रेड तापमान हो गया। यूरोप में लोग नदियों के किनारे भागने लगे। बर्बादी का जो रूप विश्व भर में देखा वह प्रलय ही का रूप था। अमेरिका द्वारा प्रकाशित नेशनल क्लाइमेट असेसमेन्ट रिपोर्ट जारी की थी, उसमें कहा था यदि गर्मी इसी प्रकार बढ़ती गई तो सन् 2100 तक धरती का तापमान 4.5 डिग्री से. बढ़ जावेगा। परिणाम स्वरूप पहाड़ पिघल जावेंगे। ध्रुव की बर्फ से समुद्र की सतह 21 फीट तक बढ़ जावेगी। पानी व खाना विष बन जावेंगे। अनाज की पौष्टिकता समाप्त हो जावेगी। कोरोना से भयंकर महामारी फैलेगी। जल प्लावन होगा।

**जलवायु परिवर्तन (ग्लोबल वार्मिंग) सच्ची घटना है क्योंकि संसार में विनाश लीला किसी न किसी रूप में दिखाई दे रही है। उत्तराखण्ड में 2013 में जल प्रलय हुआ और 2023 में वर्षा गर्मी के मौसम में उत्तराखण्ड़ व हिमालय क्षेत्र कुल्लू घाटी, शिमला आदि के क्षेत्रों में बादल फटने की घटनायें हुई। बस्तियां बह गई, सड़कें टूट गई, मवेशी, पुल व वाहन बह गये ये घटनायें प्रलय से कम नहीं थे। शहरों में पानी घुस गया विपत्तियां विकराल रूप में कहर बन कर आई।**

मानव के अधिकारों को संयुक्त राष्ट्र संघ ने मजबूत धरातल दिया है और देश की सर्वोच्च अदालत ने स्पष्ट रूप से माना है कि जीने के अधिकार का अर्थ केवल जिन्दा रहना नहीं है अपितु गरिमा मय जीवन से जीना है। जीने के अधिकार में प्रदूषण मुक्त पर्यावरण और शुद्ध पीने का पानी व पौष्टिक खाने को ऊँचा स्थान दिया है।

हमारी संस्कृति का मूल मंत्र है, ''**सर्वे भवन्तु सखिन: सर्वे सन्तु निरामया, सर्वे भद्राणी पश्यन्तु मा कश्चिदु:ख भाग्भवेत**'' अर्थात् सभी सुखी होवें, सभी लोग मुक्त रहें सभी मंगलमय घटनाओं के साक्षी बने और किसी को भी दु:ख का भागी न बनना पड़े।

सभी देश विकास की ओर कदम बढ़ायें। संयुक्त राष्ट्र संघ ने सतत् विकास पर 'रियो' (2012 का परिणाम दस्तावेज बनाया जो हमारी भविष्य की कल्पना को साकार करेगा। सतत् विकास के 17 लक्ष्य व 169 निर्देश निर्धारित किये गये हैं। मानव को गरिमा मय जीने के लिये सतत् विकास की ओर बढ़ना होगा। मानव वादी संस्कृति से आगे बढ़कर धरती माँ के अधिकारों पर भी अपनी सोच को विस्तार दिया है। नदियों को भी हमने प्राणी माना है और विवेकहीन धरती के दोहन को पाप माना है। धरती पर रहने वालों को कुटुम्ब माना है।

ग्लोबल वार्मिंग के कारण और $CO^2$ (कार्बनडाईऑक्साइड) के बढ़ने के कारण धरती, मानव व प्राणियों के रहने योग्य नहीं रहेगी। अजीब–2 घटनायें हमें देखने को मिलेंगी। रेगिस्तान में स्नो (बर्फ) गिरेगी और जंगल स्वयं जलेंगे।

हिन्दू जो शाकाहारी है, उनमें कुछ मांसाहारी हो रहे हैं और विदेशों में मांसाहारी, शाकाहारी हो रहे हैं, शाकाहारी बनो और धरती माँ को बचाओ। यह नारा विदेश दे रहे हैं।

पेरिस एग्रीमेण्ट पर अमल करना प्रत्येक हस्ताक्षरकर्ता देशों का धर्म है। यही एक मात्र तरीका है जिससे हम पृथ्वी को ग्लोबल वार्मिंग से बचा सकते हैं। अपनी–2 घोषणाओं के लिये देश ने जो उत्तरदायित्व निभाने की प्रतीज्ञा की है, उसके अनुसार आचरण करना है। यह तो सत्य है कि बड़े–2 उद्योगपतियों ने कोयले व फोसिल फ्यूअल से यानी पेट्रोलियम प्रोडक्ट से बिजली बनाई है और कार्बनडाईऑक्साइड आदि गेसेज पर्यावरण को दूषित कर रहे हैं। इन पर निर्भरता को समाप्त करना है। बिजली बनाने के कई तरीके हैं। बिजली कोयले, पेट्रोलियम प्रोडक्टस से पानी से सूर्य की किरणों से, हवा से, यूरेनियम से (Atomic Energy) बनाई जाती है। हवाईजहाज व कार, ट्रक आदि पेट्रोल अथवा डीजल से चलाये जाते हैं। सोलर एनर्जी सबसे अच्छा विकल्प है। भारत ने अपनी घोषणा के अनुसार $CO^2$ पर एक सीमा तक Solar Energy आदि से कार्बन एमीशन में कमी लाने का प्रयोग भारत कर रहा है। सूर्य की ऊर्जा ही हमारी ग्रीन ऊर्जा है। सोलर ऊर्जा टैक्नोलोजी को देश के वैज्ञानिक विकसित कर रहे हैं।

प्रत्येक फैक्ट्री, औद्योगिक इकाईयां, शिक्षण संस्थान, विश्वविद्यालय आदि को कानून के तहत् अनुमति इस शर्त पर देवें कि वे अपनी बिजली की आवश्यकता के अनुसार स्वयं उत्पादन करेंगे। साथ ही पास के गांवों को भी बिजली देंगे।

पेरिस एग्रीमेण्ट, क्योटो एग्रीमेण्ट की भांति बाध्यकारी नहीं है। आर्बीट्रेशन का क्लाज भी नहीं के बराबर था; क्योंकि आर्बीट्रेशन जब ही नियुक्त होगा जब विरूद्ध पक्ष अपनी सहमति दें। पेरिस एग्रीमेण्ट का आधार है, मानव अधिकार और मानव अधिकार कोर्टस् में प्रवर्तनीय हैं, अत: कोर्ट में अपने अधिकारों के लिये जाया जा सकता है। यों सबसे अच्छा तो यह हो कि International Court of Justice cesb Human Right के इस मामले को ले जाया जा सकता है अथवा अन्तर्राष्ट्रीय पर्यावरण ट्रिब्यूनल की स्थापना की जावे।

ग्लोबल तापमान 1.5 डिग्री से. से अधिक बढ़ चुका है प्रलय का नमूना तो हम गत 3 महिनों में देख चुके हैं। यदि पेरिस एग्रीमेण्ट की पालना नहीं की तो महा प्रलय को कोई रोक नहीं पायेगा।

''**शाकाहारी बनो और धरती माँ को बचाओ**''।

**–अतिथि सम्पादक,**
**पानाचन्द जैन**
**पूर्व न्यायाधीश, राजस्थान हाई कोर्ट**

# अवसाद की जड़ें आपकी आंतों में हो सकती हैं



डॉ. रामावतार शर्मा

सदियों पहले क्रांतिकारी जनकवि कबीर ने एक दोहा लिखा था जो अद्वितीय और कालजयी है:

**कबीरा वैद बुलाइयो, पकर के देखे बांह**
**वैद ना वेदन जानिए, करक कलेजे मांह।।**

यह दोहा आध्यात्मिक होने के साथ व्यावहारिक भी है और यहां तक कि चिकित्सा विज्ञान के लिए भी एक संदेश है। एक चिकित्सक जब किसी रोगी का उपचार करता है तो कुछ प्रतिशत रोगियों को छोड़ कर अधिकतर मामलों में निश्चितता की बजाय अंदाज़ से इलाज अधिक होता है। इस कथन को शल्य चिकित्सा से नहीं जोड़ना चाहिए क्योंकि वहां पर सर्जन जानता है कि उसे क्या करना है। इसीलिए चिकित्सा व्यवसाय को मेडिकल प्रैक्टिस (चिकित्स्कीय अभ्यास) कहा जाता है। रोगियों को कितनी ही प्रकार की ऐसी दवाएं दी जाती जो उन्हे स्वस्थ करने की बजाय मृत्यु के मुंह में भी धकेल सकती हैं। ऐसा एलोपैथी, आयुर्वेद और अन्य सब चिकित्सा पद्धितयों में होता है इसीलिए कहावत बनी है कि 'नीम हकीम खतरे जान' जिसका मतलब है कि अनाड़ी चिकित्सक आप की मृत्यु का कारण बन सकता है। अवसाद (डिप्रेशन) और अशांति (एंक्ज़ाइटी) मनुष्य जीवन की सर्वाधिक घटने वाली वाली स्थितियां हैं।

विश्व में करोड़ों लोग हर समय इन मानसिक स्थितियों से जूझ रहे होते हैं और असंख्य लोग रोजाना अवसाद या मानसिक अशांति को नियंत्रित करने की दवाओं का सेवन कर रहे होते हैं। माना कि ये दवाएं राहत देती हैं और जैसे–तैसे जीवन की गाड़ी को गतिमान रखने में सहायक होती हैं परंतु इनसे सामान्य स्थिति स्थापित नहीं होती है। जीवन पर्यंत दवा का सेवन नुकसानदेह होता है, विचारों के नवनिर्माण को रोकता है, व्यक्ति दवाओं पर आश्रित होकर आत्मविश्वास खो देता है। ऐसा इसलिए होता है क्योंकि दवाएं मस्तिष्क पर कार्य करती हैं जबकि रोग पेट की आंतों में पनप रहा होता है। कबीर के वैद्य की तरह कलेजे की करक को चिकित्सक बांह में ढूंढ रहा होता है!

नेचर कम्युनिकेशंस नामक वैज्ञानिक पत्रिका में हाल ही में एक दीर्घकालीन अध्ययन का शोधपत्र प्रकाशित हुआ है। ब्रिटेन एवम् नीदरलैंड के शोधकर्ताओं ने संयुक्त सहयोग से अपने अपने देशों में लंबे समय के अनुसंधान से पाया है कि मनुष्य की आंतों में 13 तरह के बैक्टीरिया होते हैं जो अवसाद की उत्पति में सहायक होते हैं। अध्ययन के अनुसार सूक्ष्मदर्शी जीव विभिन्न नस्लों में अपने विशिष्ट प्रभाव द्वारा आंतों में ऐसे रसायन पैदा करते हैं जिनसे अवसाद और मानसिक अशांति पैदा हो सकते हैं या फिर इनसे पूर्ण मुक्ति भी मिल सकती है। ऐसा इन बैक्टीरिया द्वारा न्यूरो ट्रांसमीटर पदार्थों जैसे सेरोटोनिन और ग्लूटामेट आदि का निर्माण करने से होता है।

अवसाद एक ऐसी मन:स्थिति है जिसमें व्यक्ति उदास, अकेला और दुखी–सा रहने लगता है। वह जीवन की खुशियों के प्रति उदासीन हो जाता है और जीवन में खालीपन महसूस करने लगता है। अवसादग्रस्त होने के कई कारण हो सकते हैं। आनुवंशिक पूर्ववृति (जेनेटिक प्रेडिस्पोजिशन), आर्थिक एवम् सामाजिक स्थिति, पर्यावरण एवम् मौसम, मनोवैज्ञानिक परिस्थितियां और शरीर में न्यूरो ट्रांसमीटर पदार्थों के स्तर में गड़बड़ी आदि अनेकों कारण हैं जो किसी व्यक्ति को अवसाद के दुष्चक्र में फसा सकते हैं। अवसाद एक ऐसा रोग है जो कि चिकित्सकों द्वारा वास्तविकता से अधिक भी डायग्नोज किया जाता है और कम भी निदानित होता है। यह विरोधाभास इसलिए है क्योंकि इस रोग का किसी रक्त या अन्य जांच द्वारा प्रमाण नहीं मिलता है। यह रोग मुख्यतया चिकित्सक के व्यक्तिगत निर्णय पर निर्भर करता है परंतु कितने ही चिकित्सक स्वयं भी अवसादग्रस्त होते हैं इसलिए यह रोग कहीं ज्यादा तो कहीं कम मात्रा में निदान किया जाता है, जिसके फलस्वरूप काफी लोग बेवजह दवाएं उपयोग में ले रहे हैं और कहीं पर जरूरतमंद लोगों को दवाएं प्रदान ही नहीं करवाई जा रही हैं।

ऐसे में यह नया अध्ययन महत्वपूर्ण हो जाता है जिसमें लोगों को संतुलित आहार इस सिद्धांत पर लेना होता है कि 'जैसा खाओगे अन्न, वैसा ही रहेगा मन।' हमारे शरीर में ग्लूटामेट जैसे न्यूरो ट्रांसमीटर होते हैं जो अवसाद, बेचैनी और घबराहट जैसी स्थितियों से संबंधित होते हैं। ये रसायन हमारी आंतों में स्थित माइक्रोबायोम के बैक्टीरिया बनाते हैं। अध्ययन में पाया गया है कि जिन लोगों में अवसाद जैसी मानसिकता ज्यादा होती है उनकी आंतों में कुछ विशेष प्रकार के बैक्टीरिया की कमी होती है। माइक्रोबायोम में नुनु, सेरोटोनिन और नोरएपीनिफ्रीन जैसे रसायन बनाए जाते हैं जो हमें प्रसन्न तथा उत्साहित रखते हैं। अब यदि हमारी आंतों में अच्छे समूह के बैक्टीरिया होंगे जैसा प्रोबायोटिक्स में पाए जाते हैं तो हम प्रसन्न, जोशीले, रोमांटिक एवम् स्नेहिल रहेंगे। इसके विपरीत यदि अच्छे समूह के बैक्टीरिया कम हो जाएं और नुकसानदेह बैक्टीरिया आंतों के माइक्रोबायोम पर कब्जा कर लें तो हम अवसादग्रस्त हो जाते हैं जिसमें गुस्सा, उदासी, निराशा, हिंसा आदि हमारे जीवन का हिस्सा बन जाते हैं और हमारा व्यक्तित्व बिखर जाता है। अध्ययन से पता चला है कि माइक्रोबायोम में बुटीरेट का उत्पाद होता है जो गाबा नामक रसायन को परिवर्तित कर ग्लूटामेट को नियंत्रित करता है। ग्लूटामेट की अत्यधिक सक्रियता अवसाद और बेचैनी पैदा करती है।

यह सर्वविदित तथ्य है कि अवसाद की दवाएं किसी भी व्यक्ति को पूर्ण रूप से ठीक नहीं कर सकती है। जीवन भर दवाओं का सेवन व्यक्ति को जोंबी बना देता है, नीरस व्यक्ति अकेला पड़ जाता है। इन सब स्थितियों को देखते हुए हमें अवसाद के उपचार के तरीकों पर पुनर्विचार करना चाहिए। यहां लगता है भोजन का संतुलित मात्रा में उपयोग करना सबसे कारगर औषधि हो सकती है। साइकोट्रोपिक दवाओं की जगह साइको प्रोबायोटिक का उपयोग लगता है एक उभरता हुआ नया उपचार होगा। मनुष्य जाति की एक विडंबना रही है कि वह स्वस्थ एवम् लंबे जीवन के लिए आसमान की किसी अदृश्य शक्ति के सामने हाथ फैलाती रही है जबकि समस्त जीवन प्रकट रूप में पृथ्वी से आता है। पृथ्वी का विनाश कर हम आकाश के ईश्वर से जीवन की उम्मीद बांधे अवसादगृत जीवन से शापित रहेंगे यदि धरती की कोख से उपजे अन्न से अनभिज्ञ बने रहे।

**–डॉ. रामावतार शर्मा,**
**( चिकित्सक एवं लेखक )**

# प्राचीन चारभुजानाथ मंदिर का हिस्सा गिरा, बड़ा हादसा टला

## वॉर्ड के लोगों ने जर्जर हिस्सा गिराने के लिए लिखा पत्र

**सांभर झील,** (निसं)। सांभर में अतिप्राचीन चारभुजा नाथ मंदिर विगत कई सालों से जीर्णोद्धार को तरस रहा था लेकिन मरम्मत और रखरखाव के अभाव में लगातार यह मंदिर जर्जर होता चला गया। देखरेख के अभाव की वजह से आखिरकार गुरुवार की दोपहर उसके आगे का हिस्सा दो चरणों में भरभरा कर गिर गया। गनीमत यह रही की उस वक्त गली मोहल्ले के लोगों की आवाजाही नहीं थी अन्यथा कोई बड़ा हादसा हो सकता था।

वर्तमान में मंदिर के स्तंभ और दीवारें पूरी तरह से फटकर दो फाड़ हो चुकी है। छत पूरी तरह से झुक गई है और पीछे का हिस्सा भी गिरने जैसी स्थिति में कभी भी आ सकता है। बताया जा रहा है कि यह मंदिर माहेश्वरी पंचायत समाज का है यहां के पुजारी राजेंद्र प्रसाद व्यास व वार्ड वासियों ने समाज को भी इसकी सूचना पहले भी दी थी और आज गिरने के दौरान भी उनसे इस संबंध में ठीक करवाने का अनुरोध भी किया गया है। सूचना पाकर पार्षद पति टीकमचंद कुमावत भी मौके पर पहुंचे और नगर पालिका कार्मिकों को इसकी सूचना दी। वार्ड के लोगों ने अध्यक्ष से मुलाकात की और उन्हें लिखकर दिया कि पालिका अपने स्तर से जान माल की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए आगे के हिस्से को गिराने के लिए तुरंत कार्रवाई करें। इस मामले में अधिशाषी अधिकारी कंचन राठौड़ ने एक आदेश जारी कर तीन कर्मचारियों को मंदिर स्थल के पास ड्यूटी पर तैनात किया है। इसकी सूचना उपखंड अधिकारी व वार्ड पार्षद ज्योति कुमावत को भी दी गई है।



सांभर में चारभुजानाथ मंदिर के आगे का हिस्सा गिर गया।

# वन विभाग ने चंदन की लकड़ी पकड़ी, एक गिरफ्तार

## चंदन की लकड़ी को तस्कर कार्गो ट्रक में भरकर लेकर जा रहे थे

**भीलवाड़ा,** (निसं)। वन विभाग ने कार्रवाई करते हुए सप्लाई हो रही चंदन की लकड़ी को पकड़ा है। इस चंदन की लकड़ी को तस्कर एक कार्गो ट्रक में लेकर जा रहे थे। क्षेत्र में चंदन तस्करी का काम काफी समय से चल रहा है। जिसको लेकर वन विभाग की टीम अलर्ट मोड पर थी और सप्लाई का इंतजार कर रही थी। बुधवार शाम को चंदन की इस सप्लाई को आते ही वन विभाग ने पकड़ लिया और एक तस्कर को भी पकड़ा है।

- **ट्रक की जांच करने पर उसमें रखे पांच बोरों में चंदन की लकड़ी मिली**

डीएफओ गौरव गर्ग ने बताया कि बुधवार को वन विभाग की टीम रात को गश्त पर निकली हुई थी। उन्हें सूचना मिली कि सर्किट हाउस के पास एक कार्गो ट्रक में चंदन तस्कर चंदन लेकर जा रहे है। इस पर टीम ने उस ट्रक को पकड़ लिया। ट्रक की जांच करने पर उसमें रखे 5 बोरों में चंदन की लकड़ी मिली। जिसके बाद टीम ट्रक को वन कार्यालय लेकर आई है। साथ टीम ने अली नगर निवासी इकबाल खां पुत्र ईशाक खां को गिरफ्तार किया है।

अभी तक की पूछताछ में सामने आया है इकबाल के पास चंदन की लकड़ियों चंदेरिया से आई थी। उसे इन्हें जयपुर सप्लाई करवाना था। वन विभाग की टीम द्वारा अब इस नेटवर्क से जुड़े लोगों के बारे में पूछताछ की जा रही है।



वन विभाग ने कार्रवाई कर चंदन की लकड़ी सहित एक जने को गिरफ्तार किया।

# कानासर में कुरजां ने दी दस्तक

**बाप, ( निसं )।** साइबेरिया, मंगोलिया से हजारों किलोमीटर का सफर तय कर कुरजां प्रतिवर्ष बाप उपखंड क्षेत्र के कई गांवों के तालाबों पर डेरा डालते है। पिछले कुछ सालो से कानासर को कुरजां पक्षियों ने शीतप्रवास का ठिकाना बना रखा है। इस दौरान बडी तादाद में कुरजां यहां रहती है। इस वर्ष प्रवासी कुरजां पक्षियों का पहला जत्था कानासर में दस्तक दे चुका है। पक्षी प्रेमी शिक्षक ओमप्रकाश ने बताया कि मेहमान परिंदों के बडे बडे समूह पडाव स्थल पर उडान भरते नजर आ रहे है। नेवा –कानासर के खेतों में भी कुरजा झुंड में दिखाई दे रही है। कानासर के अलावा कुरजां जाम्बा, बाप, शेखासर, मालमसिंह की सिड्ढ में सुरक्षित स्थल तालाबो पर कुरजां पडाव डालती है।

शिक्षक पर्यावरण प्रेमी ओमप्रकाश कानासर ने बताया कि पक्षियों के लिए इंसानों की ओर से बनाई सरहद मायने नहीं रखती है। परिंदे उडान भरते है तो वो अपनी मर्जी के मालिक होते है। दुनियां में जहां मान सम्मान व सुरक्षा मिले वहां बिना जीपीएस पहुंचते है और शान्ति का संदेश देते है। खास बात यह है कि ये पक्षी पहुंचने में न तो अपनी राह भटकते है न ही इनका समय गडबडाता है। कुदरत ने इन्हें विशेष क्षमता प्रदान की है। कुरजां एक खूबसूरत पक्षी है जो सर्दियों में साबेरिया से मंगोलिया तक फैले प्रदेश से हिमालय की ऊंचाइयों को पार करता हुए भारत पहुंचता है।

## राशिफल



पंडित अनिल शर्मा

### शुक्रवार 20 अक्टूबर, 2023

आश्विन मास, शुक्ल पक्ष, छठी तिथि, शुक्रवार, विक्रम संवत 2080, ज्येष्ठा नक्षत्र रात्रि 9:04 तक, सौभाग्य योग प्रात: 6:54 तक, बव करण दिन 12:52 तक, चन्द्रमा आज रात्रि 9:04 से धनु राशि में संचार करेगा। **ग्रह स्थिति:** सूर्य–तुला, चन्द्रमा–वृश्चिक, मंगल–तुला, बुध–तुला, गुरू–मेष, शुक्र–सिंह, शनि–कुम्भ, राहु–मेष, केतु–तुला राशि में।

रवियोग रात्रि 9:04 से आरम्भ होगा। आज उपांग ललिता व्रत, ललिता पंचमी, नत पंचमी है।

**श्रेष्ठ चौघड़िया:** शुभ सूर्योदय से 7:57 तक, चर 10:47 से 12:12 तक, लाभ–अमृत 12:12 से 3:02 तक, शुभ 4:27 से सूर्यास्त तक।

**राहूकाल:** 1:30 से 3:00 तक। सूर्योदय 6:32, सूर्यास्त 5:52

**मेष**
पारिवारिक कार्यों के कारण भागदौड़ रहेगी। घर–गृहस्थी के खर्चों में अनावश्यक वृद्धि हो सकती है। अनर्गल कार्यों में समय खराब हो सकता है। मन में असंतोष बना रहेगा।

**वृष**
आर्थिक/वित्तीय मामलों में संतुलन बना रहेगा। संभावित स्त्रोत से धन प्राप्त हो सकता है। आय में वृद्धि होगी। व्यावसायिक कार्यों में व्यस्तता अभी यथावत बनी रहेगी।

**मिथुन**
व्यावसायिक कार्यों पर ध्यान देना ठीक रहेगा। व्यावसायिक कार्य शीघ्रता/सुगमता से बनने लगेंगे। नवीन कार्यों के लिए दिन अच्छा रहेगा। आय में वृद्धि होगी। अटका हुआ धन प्राप्त होगा।

**कर्क**
नवीन कार्यों के संबंध में सकारात्मक आश्वासन प्राप्त होंगे। अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। धार्मिक स्थान की यात्रा का कार्यक्रम बन सकता है। व्यावसायिक कार्यों से संबंधित आर्थिव समस्या का समाधान हो सकता है।

**सिंह**
चन्द्रमा अष्टम भाव में शुभ नहीं है। नवीन कार्यों को टालना ठीक रहेगा। बनते कार्य बिगड़ सकते हैं। आवश्यक कार्यों में विलम्ब हो सकता है। यात्रा में परेशानी का सामना करना पड़ सकता है।

**कन्या**
परिवार में आपसी सहयोग–समन्वय बना रहेगा। परिवार में उत्सव जैसा माहौल रहेगा। परिवार में धार्मिक–सामाजिक समारोह सम्पन्न हो सकते हैं। व्यावसायिक स्थिति ठीक रहेगी।

**तुला**
विवादित मामलों से राहत मिल सकती है। अस्त–व्यस्त दिनचर्या में सुधार होगा। अनहोनी की आशंका से बना हुआ मन का भय समाप्त होगा। व्यावसायिक स्थिति ठीक रहेगी।

**वृश्चिक**
व्यावसायिक प्रयासों में उचित सफलता मिलेगी। व्यावसायिक कार्य योजना का क्रियान्वयन होगा। नौकरीपेशा व्यक्तियों का प्रभाव–प्रभुत्व बढ़ेगा।

**धनु**
घर–परिवार के कार्यों के कारण भागदौड़ रहेगी। अतिथियों के आगमन से दिनचर्या अस्त–व्यस्त हो सकती है। खान–पान के कारण स्वास्थ्य खराब हो सकता है। व्यावसायिक संपर्क बनेंगे।

**मकर**
परिवार में मन को प्रसन्न करने वाले संदेश प्राप्त होंगे। परिजनों के सहयोग से वर्तमान समस्या का समाधान हो सकता है। व्यावसायिक मामलों में लापरवाही ठीक नहीं रहेगी।

**कुंभ**
आर्थिक कारणों से अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। संभावित स्त्रोत से धन प्राप्त होगा। आय में वृद्धि होगी। व्यावसायिक संपर्क बनेंगे। व्यावसायिक अनुबंध प्राप्त होंगे।

**मीन**
मानसिक तनाव से राहत मिलेगी। मन:स्थिति में सुधार होगा। महत्वपूर्ण कार्यों में सफलता से मनोबल बढ़ेगा। आवश्यक कार्य योजनानुसार बनने लगेंगे। व्यावसायिक स्थिति ठीक रहेगी।

# गहलोत की मनोस्थिति "मैं तो वही खिलौना लूंगा, मचल गया दीना का लाल" जैसी : सी.पी.जोशी

## 'गहलोत सरकार ने भ्रष्टाचार से लड़ने वाली एसीबी जैसी संस्था को बनाया पंगु, आना पड़ा ई.डी. को'

■ **कांग्रेस की गुटबाजी फिर आई सामने, सीएम गहलोत ने प्रेसवार्ता में स्वीकारा कि पायलट खेमे के लोगों की टिकिट में मैंने कोई आपत्ति दर्ज नहीं कराई : राजेन्द्र राठौड़**

**जयपुर।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सीपी जोशी ने मुख्यमंत्री गहलोत के बयान पर पलटवार करते हुए कहा कि कुर्सी के लालच में मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने पूरे प्रदेश को अपराध और भ्रष्टाचार के दावानल में धकेल दिया। गहलोत यह बार-बार दोहरा रहे हैं कि मैं मुख्यमंत्री का पद छोड़ना चाहता हूं, लेकिन यह पद मुझे नहीं छोड़ रहा और आगे भी नहीं छोड़ेगा। मुख्यमंत्री पद को लेकर अशोक गहलोत की मनोस्थिति "मैं तो वहीं खिलौना लूंगा, मचल गया दीना का लाल" जैसी है। राजस्थान की जनता ने अब तय कर लिया है, कांग्रेस के इस भ्रष्ट शासन को जड़ से उखाड़ फेंकना है।

जोशी ने कहा कि ईडी से उनके पेट में दर्द स्वाभाविक है, क्योंकि इनकी सरकार के हर विभाग में जमकर भ्रष्टाचार हुआ है। जहां भ्रष्टाचार होगा वहां केंद्रीय एजेंसियां आएंगी। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने भ्रष्टाचार से लड़ने वाली प्रदेश की संस्था एसीबी को पंगु बना दिया है। खुद एसीबी के पूर्व प्रमुख बीएल सोनी मुख्यमंत्री पर आरोप लगा चुके हैं। 90 प्रतिशत से अधिक मामलों में आज भी अभियोजन स्वीकृति नहीं मिली है। ऐसी स्थिति में प्रदेश में भ्रष्टाचार कैसे कम होगा। आरपीएससी में पैसे लेकर सदस्य बनाना, उन सदस्यों का पेपर आउट करने में संलिप्त रहना, प्रदेश सरकार का उन पर उचित कार्रवाई नहीं करना, पेपर आउट करने में पकड़े गए आरोपियों को सुप्रीम कोर्ट के महंगे वकील उपलब्ध कराना, परीक्षा में पास करने के नाम पर लाखों रुपए रिश्वत लेने वाले कांग्रेस के पूर्व राज्य मंत्री के मामले में कमजोर धाराएं लगाना जैसे अनेक मामले हैं, जो कांग्रेस सरकार की कार्यरत प्रणाली पर प्रश्न चिह्न उठाती है।

नेता प्रतिपक्ष राजेन्द्र राठौड़ ने कहा कि मुख्यमंत्री गहलोत ने आज प्रेसवार्ता में खुद स्वीकार कर लिया कि कांग्रेस में आपसी गुटबाजी चल रही है, गहलोत ने कहा कि मैंने पायलट गुट के लोगों को टिकिट देने में कोई आपत्ति नहीं की। इससे साफ स्पष्ट है कि कांग्रेस प्रत्याशियों की पहली सूची को लेकर किस कदर खींचतान चल रही है। प्रदेश में किस्सा कुर्सी नाम से जो फिल्म पूरे पांच साल चली वह अभी तक खत्म होने का नाम नहीं ले रही।

राठौड़ ने कहा कि राजस्थान में सभी जांच एजेन्सियों को हाईजैक कर लिया और अपने राजनीतिक फायदे के लिए उनका इस्तेमाल किया है। इसका प्रत्यक्ष उदाहरण संजीवनी मामले में देखने को मिला है। सर्वविदित है कि केन्द्रीय मंत्री गजेन्द्र सिंह की ओर से मुख्यमंत्री गहलोत के खिलाफ मानहानि का मामला दायर करने के बाद एसओजी ने अपनी जांच में उनका नाम शामिल किया है। सरकारी जांच एजेन्सी का इससे बड़ा दुरुपयोग का मामला पूरे देश में कहीं भी देखने को नहीं मिला है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री पेपरलीक मामले में जबरदस्त दवाब के बाद भी जांच सीबीआई को नहीं सौंपते। पेपरलीक व युवा बेरोजगारों से की गई धोखाधडी को लेकर खुद मुख्यमंत्री अपराधबोध से ग्रस्त है इसलिए वे आए दिन केन्द्र को कोसकर अपनी नाकामी छिपाने की कोशिश कर रहे हैं।

# डिज्नीलैंड की थीम पर बना माता का पांडाल



शारदीय नवरात्रों में जगह-जगह बंगाली समाज की समितियों ने माता के पांडाल सजाए हैं। मुरलीपुरा में सार्वजनिक पूजा उत्सव समिति ने दुर्गा पूजा महोत्सव के लिए डिज्नीलैंड की थीम पर माता का पांडाल बनाया है जिसमें शुक्रवार से दुर्गा पूजा होगी। इस दुर्गा पूजा पांडाल का विद्याधर नगर प्रत्याशी दीया कुमारी उद्घाटन करेगी।

# महिला कांस्टेबल पर हमला अपराधियों के बुलन्द हौसलों का नतीजा : डॉ. अल्का गुर्जर

■ **'कांग्रेस सरकार की महिलाओं को सुरक्षा जैसे दावों की खुली पोल'**

**जयपुर।** भाजपा राष्ट्रीय मंत्री डॉ.अल्का गुर्जर ने कहा है कि प्रदेश में कांग्रेस सरकार के राज में कानून व्यवस्था तार-तार हो गई। राज्य की लचर कानून व्यवस्था के कारण अब तो हालात यह है कि राजस्थान पुलिस अकादमी में बदमाश महिला पुलिसकर्मी पर जानलेवा हमला कर फरार हो गया। जयपुर के सबसे सुरक्षित जगहों में शुमार आरपीए जैसी जगह में महिलाएं सुरक्षित नहीं है तो फिर प्रदेश के दूर दराज में रहने वाली महिलाओं की स्थिति का अंदाजा लगाया जा सकता है।

उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री अशोक गहलोत प्रदेश में कानून व्यवस्था चाक चौबंद होने का दावा कर रहे हैं लेकिन हकीकत यह है कि राजधानी सहित प्रदेश भर में बदमाश कहीं सरेआम गोलियां चला रहे हैं तो कहीं दिन दहाडे हत्या जैसी वारदात को अंजाम दे कर फरार हो जाते हैं। आरपीए में महिला पुलिसकर्मी पर जानलेवा हमला प्रियंका गांधी का महिला सुरक्षा को लेकर दिए गए नारे लड़की हूं लड़ सकती हूं, की पोल खोल रहा है।

राष्ट्रीय मंत्री डॉ.अल्का गुर्जर ने कहा कि राजस्थान में कांग्रेस की सरकार आने के बाद दुष्कर्म और महिला हिंसा के मामलों में लगातार बढोतरी हो रही है। कांग्रेस सरकार के कार्यकाल के पिछले 3 सालों में महिला हिंसा के मामले में राजस्थान देश में पहले नंबर पर पहुंच गया है। उन्होंने कहा कि यह तो केवल वे मामले है जो पुलिस के रिकॉर्ड में दर्ज हैं, लेकिन हजारों ऐसी वारदात है जो दर्ज ही नहीं हुई। महिला अत्याचार और दुष्कर्म के मामलों ने तो राज्य में पुलिस का स्लोगन ही बदल दिया है। अब आमजन भी कह रहा है कि पुलिस का स्लोगन अपराधियों में विश्वास और आमजन में डर बन गया हैं।

# पदस्थापित नहीं करने पर मांगा जवाब

**जयपुर, (का.सं.)।** राजस्थान हाईकोर्ट ने महात्मा गांधी इंग्लिश मीडियम स्कूल में नियुक्ति के लिए आयोजित परीक्षा में ज्यादा अंक लाने के बाद भी याचिकाकर्ताओं को चाहे गए जिले में नियुक्ति नहीं देने पर प्रमुख शिक्षा सचिव, माध्यमिक शिक्षा निदेशक व जिला शिक्षा अधिकारी, डीग सहित अन्य से एक सप्ताह में जवाब देने के लिए कहा है। जस्टिस सुदेश बंसल ने यह आदेश रणजीत सिंह व अन्य की याचिका पर दिए।

याचिका में अधिवक्ता रामप्रताप सैनी ने बताया कि याचिकाकर्ताओं ने महात्मा गांधी इंग्लिश मीडियम स्कूलों में नियुक्ति के लिए 10 अगस्त 2023 को आयोजित परीक्षा में भाग लिया और ज्यादा अंक प्राप्त किए। इसके बावजूद भी उनसे कम अंक वाले अभ्यर्थियों को चाहे गए जिले आवंटित कर दिए और याचिकाकर्ताओं को इससे वंचित रखा गया। याचिका में कहा कि महात्मा गांधी इंग्लिश मीडियम स्कूलों में शिक्षकों के पद खाली हैं, लेकिन फिर भी उन्हें वहां पर नियुक्ति नहीं दी जा रही है। वर्तमान में याचिकाकर्ता डार्क जोन में कार्यरत हैं।

# नौ माह की सजा के खिलाफ 19 साल चली अपील

■ **हाईकोर्ट ने इसी आधार पर सजा कम की**

**जयपुर, (का.सं.)।** राजस्थान हाईकोर्ट ने लापरवाही से वाहन चलाने के दौरान हुई दुर्घटना में मौत के मामले में 19 साल से लंबित आपराधिक अपील का निस्तारण कर दिया है। निचली अदालत ने अभियुक्त को नौ माह की सजा सुनाई थी। अदालत ने कहा कि वे निचली अदालतों की ओर से दिए गए आदेश में हस्तक्षेप नहीं कर रहे हैं, लेकिन मामला काफी पुराना हो चुका है और इस दौरान याचिकाकर्ता लंबी मुकदमेबाजी का दर्द झेल चुका है। इसलिए उसकी सजा को पूर्व में भुगती गई सजा की अवधि तक कम किया जा रहा है। जस्टिस बिरेन्द्र कुमार की एकलपीठ ने यह आदेश सेडू राम की ओर से दायर आपराधिक याचिका का निस्तारण करते हुए दिए।

याचिकाकर्ता की ओर से अधिवक्ता प्रवीण बलवदा ने अदालत को बताया कि याचिकाकर्ता के खिलाफ झुंझुनूं के उदयपुरवाटी थाने में वर्ष 1994 में रिपोर्ट दी गई थी। जिसमें कहा गया था कि उसने सड़क पर लापरवाही और उपेक्षा के साथ गाड़ी चलाते हुए साइकिल को पीछे से जोरदार टक्कर मागी। इसके चलते साइकिल सवार की मौत हो गई। रिपोर्ट पर कार्रवाई करते हुए पुलिस ने भारतीय दंड संहिता की धारा 304-ए, 279 और धारा 337 के तहत एफआईआर दर्ज कर प्रकरण को लेकर निचली अदालत में आरोप पत्र पेश कर दिया। इस पर कई सालों तक सुनवाई के बाद 12 नवंबर 2003 को निचली अदालत ने याचिकाकर्ता अभियुक्त को दोषी मानते हुए नौ माह की सजा सुनाते हुए पांच सौ रुपए का जुर्माना भी लगाया। वहीं जुर्माना अदा नहीं करने पर पन्द्रह दिन अतिरिक्त जेल में बिताने की सजा दी गई। इस आदेश को सत्र न्यायाधीश में चुनौती दी गई, लेकिन सत्र न्यायालय ने भी 16 जनवरी, 2004 को अपील को निरस्त करते हुए निचली अदालत की ओर से दी गई सजा को बरकरार रखा। इन दोनों आदेशों को हाईकोर्ट में आपराधिक याचिका पेश कर वर्ष 2004 में ही चुनौती दी गई।

# 'रजिस्ट्री बिना नहीं वसूल सकते मेंटेनेंस शुल्क'

**जयपुर, (का.सं.)।** जयपुर मेट्रो-प्रथम की स्थाई लोक अदालत ने टाउनशिप में स्थित भूखंड के मेंटेनेंस शुल्क से जुड़े मामले में कहा है कि भूखंड की रजिस्ट्री हुए बिना आवंटी से मेंटेनेंस शुल्क की वसूली नहीं की जा सकती। लोक अदालत ने कहा कि भूखंड की रजिस्ट्री नहीं होने के चलते परिवादी को खरीदार की श्रेणी में नहीं मान सकते। ऐसे में रजिस्ट्री होने के बाद ही विकासकर्ता मेंटेनेंस शुल्क वसूलने के अधिकारी होंगे। इसके साथ ही अदालत ने अंसल प्रॉपर्टीज एंड इंफ्रास्ट्रक्चर को निर्देश दिए हैं कि वह दो महीने में भूखंड की रजिस्ट्री कराए और इसके बाद ही परिवादी भी नियमानुसार मेंटेनेंस शुल्क अदा करे। लोक अदालत के अध्यक्ष हरविन्दर सिंह ने यह आदेश रामस्वरूप शर्मा के परिवाद पर दिए। परिवाद में अधिवक्ता पवन शर्मा ने बताया कि परिवादी ने अंसल प्रॉपर्टीज एंड इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड से अंसल सुशांत सिटी प्रथम टाउनशिप में 14 दिसम्बर, 2005 को भूखंड खरीदा था, लेकिन मेंटेनेंस शुल्क को लेकर उनके बीच कोई कॉन्ट्रेक्ट नहीं हुआ था।

# गहलोत के बयान पर किरोड़ी ने किया पलटवार

**जयपुर।** राज्यसभा सांसद एवं सवाई माधोपुर से भाजपा प्रत्याशी डॉक्टर किरोड़ी लाल मीणा ने बयान जारी करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री अशोक गहलोत मिलीभगत तो आपकी सरकार और नकल माफिया की है। मैंने पेपर लीक के मामलों का सबूतों के साथ खुलासा किया, लेकिन एसओजी ने सिर्फ छोटी मछलियों को पकड़ा, बड़े मगरमच्छों को नहीं। सुरेश ढाका आज भी गिरफ्त से दूर है। राज्य की एजेंसी काम नहीं करेंगी तो ईडी कमान हाथ में लेगी ही। मुखिया आपकी सरकार ने जल जीवन मिशन व डीओआईटी घोटाले की ईमानदारी से जांच की होती तो ईडी की एंट्री नहीं होती। मैंने तो बार-बार आपसे सीबीआई जांच की अनुशंसा करने का आग्रह किया।

# ज्यादा अंक लाने वालों को क्यों नहीं किया शामिल?

**जयपुर, (का.सं.)।** राजस्थान हाईकोर्ट ने नर्सिंग ऑफिसर भर्ती-2023 में आरक्षित वर्ग के अभ्यर्थियों के ज्यादा अंक होने के बावजूद भी उन्हें अंतरिम वरीयता सूची में शामिल नहीं करने पर प्रमुख चिकित्सा सचिव और चिकित्सा निदेशक सहित अन्य से जवाब तलब किया है। अदालत ने इन अधिकारियों से पूछा है कि अंतरिम वरीयता सूची में ज्यादा अंक वालों की जगह कम अंक वाले अभ्यर्थी कैसे चयनित किए गए हैं। इसके साथ ही अदालत ने याचिका की कॉपी एजी को दिलवाई है। जस्टिस सुदेश बंसल ने यह आदेश गिर्राज व अन्य की याचिका पर दिया।

याचिका में कहा कि नर्सिंग ऑफिसर भर्ती-2023 की अंतरिम वरीयता सूची 7 अक्टूबर को जारी की गई। इसमें याचिकाकर्ता सहित ओबीसी व एससी-एसटी के उन अभ्यर्थियों को शामिल नहीं किया, जिनके ज्यादा अंक थे। वहीं उनसे कम मेरिट वाले अन्य वर्ग के अभ्यर्थियों को शामिल कर लिया गया। इसके अलावा भर्ती में अनुभव के बोनस अंक देने में भी राज्य सरकार अपने संशोधित आदेश का पालन नहीं कर रही है। राज्य सरकार ने अभ्यर्थियों को बोनस अंक के लिए अनुभव प्रमाण पत्र एक महीने में 26 दिन के हिसाब से जारी किए हैं, जबकि संशोधित आदेश 30 दिन से जारी करने के लिए था। ऐसे अनुभव प्रमाण पत्र जारी करने से याचिकाकर्ताओं की वरीयता भी प्रभावित हो रही है। इसलिए याचिकाकर्ताओं को अंतरिम वरीयता सूची में शामिल करवाया जाए।

# 'मोदी ने महिला सशक्तिकरण की राह आसान की'

**जयपुर।** केन्द्रीय मंत्री डॉ.जितेन्द्र सिंह ने गुरुवार को विद्याधर नगर विधानसभा के खातीपुरा मंडल में कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि आज महिला सशक्तिकरण एक लक्ष्य ही नहीं, बल्कि हकीकत बन चुकी है। उन्होंने आदित्य मिशन का हवाला देते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने यह सुनिश्चित किया कि महिलाओं को ऐसा वातावरण दिया जाए। उन्होंने विद्याधर नगर भाजपा प्रत्याशी दीया कुमारी की सराहना भी की। उन्होंने कहा कि पार्टी के शीर्ष नेतृत्व ने उनके द्वारा राजसमंद में किये गए कार्यों से प्रभावित होकर प्रदेश के चुनावों में प्रत्याशी बनाया। इस दौरान कार्यकर्ताओं में काफी जोश नज़र आया जिसके लिए दीया कुमारी ने उनका धन्यवाद किया।

# सियासी मैनेजमेंट संभालने में व्यस्त सरकार ने बिगाड़ा पावर मैनेजमेंट : डॉ. अरूण चतुर्वेदी

**जयपुर।** भाजपा के पूर्व प्रदेशाध्यक्ष एवं पूर्व मंत्री डॉ. अरुण चतुर्वेदी ने कहा कि बिजली के क्षेत्र में अग्रणी राजस्थान पिछले पांच वर्षों में पिछड़कर देश के कई राज्यों से पीछे चला गया है। अब तो स्थिति यह बन रही है कि प्रदेश की बिजली कम्पनियों के पास कर्मचारियों की तनख्वाह के लाले पड़ रहे हैं। वहीं कमजोर मैनेजमेंट के कारण इसी सीजन मे तीसरी बार बिजली कटौती के हालात पैदा हो रहे हैं। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के बिजली को लेकर चले लचर प्रबन्धन के कारण बिजली वितरण कम्पनियों का कर्ज भी 1.10 लाख करोड़ से अधिक हो गया है और इन कम्पनियों को ऋण पर ब्याज चुकाने के लिए भी ऋण लेना पड़ रहा है।

डॉ. अरुण चतुर्वेदी ने कहा कि मानसून सीजन के दौरान अगस्त में बारिश थम जाने के बाद राज्य सरकार किसानों को बिजली देने में विफल साबित हुई। इसके कारण समय पर सिंचाई नहीं हो पाने से किसानों की हजारों बीघा पर खड़ी फसलें तबाह हो गई। बारिश बंद होने के बाद किसानों को उम्मीद थी कि समय पर बिजली मिलने से नलकूप और कुंओ से सिंचाई हो जाएगी लेकिन राज्य सरकार ने किसानों को बिजली भी उपलब्ध नहीं करवाई। किसानों ने बिजली की मांग को लेकर प्रदर्शन किया तो देशव्यापी कमी की बात कहकर सरकार ने जिम्मेदारी से पल्ला झाड़ लिया। साथ ही पूरे अगस्त में राज्य के आम आदमी को बिजली की कटौती का सामना करना पड़ा है। इसके बाद एक बार फिर बिजली प्रबन्धन फेल हो जाने के कारण उद्योगों पर कटौती के आदेश जारी किए गए हैं। चतुर्वेदी ने कहा कि सरकार के बिजली को लेकर पिछले 5 सालों में किए गए कुप्रबन्धन के कारण राजस्थान के इतिहास की सबसे ज्यादा फ्यूल सरचार्ज की वसूली की गई है। पिछले तीन साल में सरकार करीब 15 बार फ्यूल सरचार्ज की वसूली कर चुकी है। इसमें भी राज्य में सरकार ने फ्यूल सरचार्ज के नाम पर 55 पैसे प्रति यूनिट की वसूली की है। सरकार की गलत नीतियों के कारण आम उपभोक्ताओं को बिजली बिलो में प्रति यूनिट 7 पैसे की अतिरिक्त राशि का भुगतान करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि आम आदमी को 24 घंटे बिजली देने का वादा करने वाली कांग्रेस सरकार राज्य में लोगों को 20 घंटे बिजली देने में भी विफल साबित हुई है। इसके अलावा कृषि कार्यों के लिए भी इस शासन में किसानों को 6 घंटे से ज्यादा बिजली नहीं मिल पाई है। सरकार के बिगडे प्रबन्धन के कारण रात में सिंचाई करते कई किसान काल कलवित हो गए है।



प्रदेश में विधानसभा चुनाव को देखते हुए गुरूवार को मोती डूंगरी रोड स्थित नायला हाउस से रवाना होकर त्रिमूर्ति सर्किल तक अर्द्धसैनिक बलों की टुकड़ी ने फ्लैग मार्च निकाला।


भगवान महावीर कैंसर चिकित्सालय एवं अनुसंधान केन्द्र
(के. जी. कोठारी मेमोरियल ट्रस्ट द्वारा संचालित)

बोन मैरो ट्रांसप्लांट यूनिट के शुरूआती
दो माह में मिली अभूतपूर्व सफलता

रक्त कैंसर संबंधित सभी जांच एवं उपचार की
विश्वस्तरीय सुविधाओं की नए भवन में हुई शुरूआत




डॉ. प्रकाश सिंह शेखावत — एमडी, डीएम (क्लीनिकल हेमटोलॉजी) कंसल्टेंट -हेमेटोलॉजिस्ट, हेमेटो ऑन्कोलॉजिस्ट और बीएमटी
डॉ. दीपक गुप्ता — सीनियर कंसल्टेंट मेडिकल ऑन्कोलॉजी
डॉ. अजय बापना — निदेशक और एचओडी मेडिकल ऑन्कोलॉजी
डॉ. उपेंद्र शर्मा — सीनियर कंसल्टेंट हेमेटो ऑन्कोलॉजिस्ट, हेमेटो ऑन्कोलॉजी
डॉ. शशि बंसल — सीनियर कंसल्टेंट हेमेटो पैथोलॉजी
डॉ. रमेश यादव — असिस्टेन्ट कंसल्टेंट ट्रैन्स्फ्यूज़न मेडिसन (रक्त केंद्र)

मुझे विश्व स्तरीय ट्रांसप्लांट की सुविधा यहाँ मिली है। मैं अपने डॉक्टर और पूरे हॉस्पिटल मैनेजमेंट का शुक्रगुजार हूं।
‹ प्रशांत शर्मा, अजमेर

अनुभवी टीम से मिलने वाला उपचार और देखभाल से मेरा ट्रांसप्लांट सफल रहा। मुझे स्वस्थ करने के लिए शुक्रिया।
‹ गणेश राम, झुंझुनू

बीएमटी यूनिट की विशेषताएं

अनुभवी टीम | सुनिश्चित सुरक्षित और गुणवत्ता उपचार | विश्व स्तरीय उपचार सुविधाएं | प्रमाणित प्रक्रिया | रोग की स्थिति के अनुसार उपचार प्रकियां

अपॉइंटमेंट और अन्य जानकारी के लिए संपर्क करें- 18001211711

भगवान महावीर कैंसर चिकित्सालय एवं अनुसंधान केन्द्र (के. जी. कोठारी मैमोरियल ट्रस्ट संचालित)
जवाहर लाल नेहरू मार्ग, जयपुर 302017, राजस्थान । टोल फ्री: 1800 121 1711 । फोन: +91-141-2717777
ई-मेल: info@bmchrc.org, bmchrc@hotmail.com । www.bmchrc.org

# 10 लाख रुपये का डोडा-पोस्त जब्त, तस्कर गिरफ्तार, बाल अपचारी डिटेन

## व्यापार में 50 लाख रुपये के घाटे की भरपाई के लिए शुरू की थी तस्करी

**भीलवाड़ा/जयपुर,** (निसं)। जिले की गुलाबपुरा थाना पुलिस ने दिल्ली के एक पकड़ा व्यापारी को भारी मात्रा में डोडा-पोस्त के साथ पकड़ा है। व्यापारी से साथ एक नाबालिग भी कार में बैठा था। सबसे बड़ी बात यह है कि व्यापारी ने तस्करी का रास्ता अपने उपर चढ़े कर्ज को उतारने के लिए पकड़ा था। पुलिस ने गुरुवार दोपहर को व्यापारी को नाकाबंदी के दौरान गिरफ्तार किया है। साथ ही कार में रखा डोड़ा पोस्त भी पकड़ा है। जिसकी कीमत करीब 10 लाख रुपए मानी जा रही है।

गुलाबपुरा थाना प्रभारी सुगनसिंह ने बताया कि गुरुवार को वह पुलिस जाप्ते के साथ 29 मील पुलिस चौकी के पास नाकाबंदी कर वाहनों की जांच कर रहे थे। इस दौरान भीलवाड़ा की तरफ से आती हुई एक लग्जरी कार के ड्राइवर को रुकने का इशारा किया। पुलिस को देखकर ड्राइवर घबरा गया और कार बेकाबू होकर सड़क के किनारे नाले से टकरा गई। जिसके बाद पुलिस ने कार की जांच की तो उसमें कट्टों में भरा डोडा पोस्त पाया गया। इसके बाद पुलिस ने कार में सवार दिल्ली गुडगांव अर्जुन नगर निवासी प्रदीप (34) पुत्र ब्रह्मानंद यादव को गिरफ्तार कर लिया। कार में एक नाबालिग भी था उसे पुलिस ने डिटेन कर लिया है। थाने लाकर जांच करने पर कार में कार में कुल 4 कट्टों में 68 किलो डोडा पोस्त पाया गया। जिसकी कीमत करीब 10 लाख मानी जा रही है।



गुलाबपुरा थाना पुलिस ने डोडा-पोस्त जब्त कर तस्कर को गिरफ्तार किया।

पुलिस ने बताया की तस्करी में पकड़े गए प्रदीप यादव ने बताया कि उसकी दिल्ली में कपड़ा फैक्ट्री है। उसे इंगलेंड से कपड़ों का बड़ा ऑडर मिला था। जिसकी सप्लाई करने पर वह उनके मापदंड पर खरा नहीं उतरा। इस ऑडर को पूरा करने के लिए उसने 50 लाख रुपए उधार दिए थे जो उस पर कर्ज चढ़ गया। प्रदीप ने बताया कि उसने दिल्ली पालम निवासी वरुण देव से पैसे उधार दिए थे। वह कर्ज नहीं चुका पा रहा था। ऐसे में उसने कार बाजार से नई कार उपलब्ध करवाई और उसे एक जगह से डोडा कार में भरवा कर वह दूसरी गाड़ी में दिल्ली रवाना हो गया। कार में एक नाबालिग को भी बैठाया था। इस नाबालिग को सूदखोर ने बचने और पुलिस को गुमराह करने के लिए बैठा रखा था। नाबालिग को इसके लिए पैसों का लालच दिया गया था। एसपी श्याम सिंह ने बताया कि विधानसभा चुनाव के मद्देनजर आदर्श आचार संहिता की पालना में एसएचओ गुलाबपुरा सुगन सिंह बिजारणिया द्वारा 29 मील चौकी के सामने नाकाबंदी के दौरान यह कार्रवाई की।

■ दिल्ली नंबर की कार से 68 किलो अवैध अफीम डोडा-पोस्त जब्त

# विकास अधिकारी अस्सी हजार की रिश्वत लेते गिरफ्तार

## 1 करोड़ 50 लाख रूपये भुगतान कराने की एवज में तीन लाख रूपये रिश्वत मांगी

**उदयपुर,** (कासं)।भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो बांसवाड़ा की टीम ने बांसवाड़ा जिले के ग्राम पंचायत कूपडा में हुए कार्यों का भुगतान कराने के एवज में पीड़ित से अस्सी हजार रूपये रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया।

भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो के महानिदेशक हेमन्त प्रियदर्शी ने बताया कि एसबीबी की बांसवाड़ा इकाई को परिवादी ने शिकायत दी कि ग्राम पंचायत कूपड़ा में विभागीय निरीक्षण के दौरान स्वीकृत कार्यो यू.सी./सी.सी. में कमियां बताकर उक्त कार्यो के बकाया 1 करोड़ 50 लाख रूपये भुगतान कराने के एवज में दो प्रतिशत कमीशन के हिसाब से पूरणमल मीणा विकास अधिकारी पंचायत समिति तलवाड़ा बांसवाड़ा द्वारा तीन लाख रूपये रिश्वत राशी की मांग कर परेशान किया जा रहा है। रूपये नहीं देने पर परिवादी को निरीक्षण में कमियां बताकर निलम्बित करने एवं विभागीय कार्यवाही करने की अनुशंसा की धमकी दी जा रही है। जिस पर एसीबी उदयपुर के उप महानिरीक्षक राजेन्द्र प्रसाद गोयल के निर्देशन में एसीबी की बांसवाडा इकाई के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राजीव जोशी के नेतृत्व में शिकायत कर सत्यापन करवा कर गुरूवार को ट्रेप कार्यवाही को अंजाम देकर पुरणमल मीणा पुत्र रामखिलाड़ी मीणा निवासी मालवीया नगर पुलिस थाना कोतवाली अलवर हॉल विकास अधिकारी प्रचायत समिति तलवाड़ा जिला बांसवाड़ा को परिवादी से 80 हजार रूपये रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया। आरोपी ने शिकायत सत्यापन के दौरान परिवादी से 70 हजार रूपये वसूल कर लिए थे।

## पचास हजार की रिश्वत लेते अधिशासी अभियंता गिरफ्तार

**उदयपुर,** (कासं)। भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो उदयपुर की स्पेशल यूनिट ने उदयपुर नगर निगम के अधिशासी अभियंता को पचास हजार रूपये रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया।

भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरों के महानिदेशक हेमन्त प्रियदर्शी ने बताया कि एसीबी की स्पेशल यूनिट उदयपुर इकाई को परिवादी ने शिकायत दी कि उसकी फर्म द्वारा नगर निगम उदयपुर में विभिन्न उद्यानों के साधारण एवं रखरखाव कार्यो में बकाया बिलों के भुगतान में कमीशन की एवज में अधिशासी अभियंता अवैस मोहम्मद द्वारा पचास हजार रूपये की मांग कर परेशान किया जा रहा है। जिस पर ब्यूरों उदयपुर के उप महानिरीक्षक पुलिस राजेन्द्र प्रसाद गोयल के निर्देशन में एसीबी की स्पेशल यूनिट उदयपुर इकाई के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक उमेश ओझा के नेतृतव में शिकायत का सत्यापन किया जाकर गुरूवार को पुलिस निरीक्षक रतनसिंह राजपुरोहित के नेतृत्व में गठित दल ने ट्रेप कार्यवाही करते हुए अवैस मो. पुत्र साबीर मो. निवासी मुखर्जी चौक सब्जी मंडी हाल अधिशासी अभियंता नगर निगम उदयपुर को परिवादी से 50 हजार रूपये रिश्वतलेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया।

## डोडा-चूरा जब्त, एक गिरफ्तार

**मालपुरा,** (निसं)। विधानसभा चुनाव 2023 को मध्य नजर रखते हुए अवैध मादक पदार्थ तस्करी रोकथाम के लिए जिला पुलिस अधिक्षक राजर्षि राज वर्मा द्वारा चलाये जा रहे विशेष अभियान के अन्तर्गत पुलिस टीम ने दौराने गश्त मुखबीर की सूचना पर टोरडी के पास नाकाबंदी कर एक बाइक चालक की तलाशी ली गई।

जिसमें चालक के पास 3 किलो 720 ग्राम डोडा चूरा व पाउडर बरामद होने पर जप्ती की कार्यवाही कर डोडा चूरा के साथ मोटरसाईकिल को भी जप्त कर आरोपी नारायण दास स्वामी पुत्र हृदेव दास स्वामी निवासी आजाद मौहल्ला स्टेशन रोड टोरडी को गिरफ्तार कर मामला दर्ज किया गया।

## डमी परीक्षार्थी बैठाने के मामले में दलाल व मूल परीक्षार्थी गिरफ्तार

**उदयपुर,** (कासं)। शहर पुलिस ने कर्मचारी चयन बोर्ड द्वारा आयोजित रीट परीक्षा 2022 में डमी परीक्षार्थी बिठाने वाले दलाल सरकारी अध्यापक तथा मूल परीक्षार्थी को गिरफ्तार किया। इस मामले में तीन आरोपियों को पूर्व में गिरफ्तार कर जेल भिजवाया जा चुका है।

जिला पुलिस अधीक्षक भूवन भुषण यादव के निर्देशानुसार कर्मचारी चयन बोर्ड द्वारा आयोजित रीट 2022 परीक्षा में बैठे डमी परीक्षर्थी व दलालों के विरूद्ध सख्त कार्यवाही करने के क्रम में पुलिस थाना हिरणमगरी पुलिस थाने में दर्ज प्रकरण के अनुसंधान अधिकारी अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महिला अपराध एवं अनुसंधान प्रकोष्ठ उदयपुर के नेतृत्व में एएसआई राजेश मेहता मय टीम ने कार्यवाही करते हुए मूल परीक्षार्थी संजय पुत्र लालु पारगी निवासी बासवारीफला काली मगरी ग्राम पंचायत सुल्तानजी का खेरवाड़ा झाड़ोल उदयपुर व दलाल अध्यापक बंशीलाल पुत्र गणेशलाल अहारी निवासी अहारी फला वाडद झाडोल हॉल कबुतर खाना गली बस स्टेण्ड के पास धरियावद जिला प्रतापगढ को पूछताछ के बाद गिरफ्तार किया। पुलिस ने आरोपियों को रिमाण्ड पर लेकर पूछताछ शुरू की।

■ डमी परीक्षार्थी को पास कराने के लिए दिए आठ लाख रूपये

## शराब बेचते एक गिरफ्तार

**भीलवाड़ा,** (निसं)। शाहपुरा जिले की जहाजपुर थाना पुलिस ने बाईपास रोड़ पर एक ढाबे के नजदीक केबीन में अवैध रूप से बैची जा रही शराब जब्त कर एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। जहाजपुर पुलिस ने बताया कि मुखबिर से मिली सूचना पर चावण्डिया चौराये से थोड़ी दूर आगे जहाजपुर बाईपास रोड पर बंगाली ढाबे के पास एक केबिन पर दबिश दी गई। जहां एक व्यक्ति शराब बेचता मिला। पूछताछ में उसने खुद को टिटोड़ा माफी निवासी हरिसिंह (22) पुत्र गोपाललाल मीणा बताया। केबिन की तलाशी ली तो अन्दर गत्ते के कार्टून में शराब मिली। पुलिस ने शराब जब्त कर हरिसिंह को गिरफ्तार कर उसके खिलाफ एक्साईज एक्ट के तहत केस दर्ज कर लिया।

# हरी लकड़ियों से भरी दो पिकअप जब्त

**खेतड़ी,** (निसं)। वन विभाग द्वारा लगातार क्षेत्र में बड़ी कार्यवाही की जा रही है। इसी क्रम में लोयल चनाना रोड पर विशेष नाकाबंदी कर हरि लकड़ियों से भरी दो पिकअप को पकड़ा तथा दोनों चालकों को गिरफ्तार कर वन अधिनियम के तहत कार्रवाई की।

रेंजर विजय कुमार फगेड़िया ने बताया कि आचार संहिता लगने के बाद वन विभाग अलर्ट मोड पर है। जिसको लेकर विशेष टीम का गठन कर रखा है। टीम को मुखबिर जरिए सूचना मिली कि लोयल चनाना रोड पर अवैध रूप से हरि लकड़ियों का धंधा किया जा रहा है। जिसको लेकर विशेष नाकाबंदी की गई। टीम को देख दोनों पिकअप चालकों ने गाड़ी को भगाने की कोशिश की। लेकिन वन विभाग की सघन नाकाबंदी के चलते असफल रहे और वन विभाग ने पंचमेल की हरि लकड़ियों से भरी दोनों पिकअप गाड़ियों को पकड़ लिया। रेंजर विजय फगेड़िया ने बताया कि कार्रवाई में दो जनों सत्यवृत्त व राकेश को गिरफ्तार कर लिया गया तथा अवैध रूप से भरी दोनों पिकअप को जब्त कर खेतड़ी के रेंज कार्यालय में लाया गया।


हरि लकड़ियों से भरी दो पिकअप को जब्त कर दोनों चालकों को गिरफ्तार किया।

# 30 लाख की शराब के साथ दो तस्कर गिरफ्तार

## टायर के टुकड़ों की आड़ में शराब की तस्करी कर गुजरात ले जा रह थे

डूंगरपुर, (निसं)। बिछीवाड़ा थाना पुलिस ने एक ट्रक से 30 लाख रूपये की अवैध अंग्रेजी शराब पकड़ी है। शराब को तस्करी कर गुजरात ले जाया जा रहा था। टायर के टुकड़ों की आड़ में शराब की तस्करी हो रही थी। पुलिस ने ट्रक चालक सहित दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है।

बिछीवाडा थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार विधानसभा चुनावों के मद्देनजर अवैध शराब तस्करी के खिलाफ सख्त कार्यवाही बरती जा रही है। इसी के तहत मुखबीर से मिली जानकारी के अनुसार एक ट्रक में अवैध शराब भरकर गुजरात तस्करी हेतु जा रही है। जिस पर पुलिस ने राजस्थान-गुजरात के रतनपुर बोर्डर पर नाकाबंदी कर वाहनों की तलाशी लेने प्रारंभ किया। इस बीच मुखबीर ने बताये अनुसार एक पंजाब नम्बर का ट्रक आते हुए दिखाई दिया। ट्रक को रूकवाकर डाईवर से पूछताछ की तो ट्रक डाईवर ने टॉयर के टुकडे होना बताया। जब पुलिस को शक होने पर टायर हटाकर तलाशी ली तो नीचे की ओर शराब की पेटिया भरी हुई पाई गई।

शराब को लेकर कोई जानकारी नहीं दे सका। जिस पर पुलिस ने शराब से भरी ट्रक को थाने ले जाया गया जहां ट्रक में करीब 425 कार्टन अवैध शराब पाई गई। पुलिस ने इसे बरामद कर आवश्यक कार्यवाही प्रारंभ कर दी। पकडी गई शराब की कीमत करीब 30 लाख रूपये की होना बताई जा रही है। पुलिस ने शराब तस्करी के आरोप में धर्मेन्द्रसिंह पुत्र परगटसिंह निवासी कालावाली जिला सिरसा हरियाणा और साहिल उर्फ गोलू पुत्र जीतसिंह को गिरफ्तार कर लिया है। पूछताछ में शराब तस्करों ने उक्त शराब गुजरात ले जाना बताया।

■ पुलिस को ट्रक में करीब 425 कार्टन अवैध शराब मिली

## कार से 24.81 लाख की राशि बरामद

**श्रीगंगानगर,** (निसं)। पंजाब राज्य सीमा पर की जा रही नाकाबंदी में एक कार से 24 लाख 81 हजार रुपए की संदिग्ध रकम बरामद की गई है। यह कार्रवाई जवाहरनगर पुलिस थाने की साधुवाली चौकी के स्टाफ ने की। बरामद की गई रकम इनकम टैक्स के अधिकारियों को बुलाकर उनके हवाले कर दी है। इनकम टैक्स विभाग रकम के स्रोत पता करने को जांच कर रहा है।

एसपी विकास शर्मा ने बताया कि विधानसभा चुनावों के मद्देनजर की जा रही सख्त नाकाबंदी के दौरान जवाहरनगर एसएचओ पृथ्वीपालसिंह ने साधुवाली चेकपोस्ट के जाब्ते के साथ दोपहर वाहनों की सघन तलाशी का अभियान शुरू कर रखा था। इसी दौरान पंजाब की तरफ से राजस्थान में प्रवेश कर आई कार की तलाशी ली। कार को चेक किया गया तो कार में रखे बैग में 24 लाख 81 हजार रुपए मिले। इस रकम के बारे में कार सवारों को अलग-अलग कर पूछताछ की गई तो तीनों ही एक जैसी समान बात न बताकर कोई संतोषजनक जवाब नहीं दे पाए।

इस पर आयकर विभाग श्रीगंगानगर के अधिकारियों को सूचना दी गई। आईटीओ राजेंद्रप्रसाद गुप्ता श्रीगंगानगर ऑफिस से अपनी अधीनस्थ टीम के साथ मौके पर पहुंच गए। आईटीओ गुप्ता ने कार से मिली 24 लाख 81 हजार रुपए की रकम को अपने कब्जे में ले लिया। कार से जब्त की जा रही इस संदिग्ध नकदी के संबंध में आयकर विभाग जांच कर रहा है।

# छात्रा से छेड़खानी को लेकर ग्रामीणों ने रास्ता जाम किया

**भीनमाल,** (निसं)। भीनमाल के निकटवर्ती गांव के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में गुरुवार को विद्यालय समय में एक शिक्षक द्वारा एक छात्रा के साथ छेड़खानी के मामले से आक्रोशित ग्रामीणों व छात्र छात्राओं ने सियावट भीनमाल मार्ग को जाम कर दिया। मामले की सूचना पर भीनमाल एसडीएम पूनम चौधरी व पुलिस उप अधीक्षक हिम्मतसिंह चारण ने मौके पर पहुँचकर समझाइश कर रास्ते को खुलवाया तथा शिक्षक को गाडी में बैठाकर थाने ले आये।

थानाधिकारी रामेश्वर लाल भाटी ने बताया कि आरोपी शिक्षक को दस्तयाब कर लिया गया है व उसके विरुद्ध पोक्सो एक्ट में मामला दर्ज कर जांच की जा रही है। दूसरी तरफ मामले को लेकर मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी पंचायत समिति भीनमाल ने पत्र लिखकर जिला शिक्षा अधिकारी जालौर को अवगत करवाया। जिस पर मामले की गंभीरता को देखते हुए जालौर जिला शिक्षा अधिकारी भैराराम चौधरी ने अध्यापक पारसाराम वणिक राउमावि दासपा को राजस्थान सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपील) नियम 1956 के नियम 13 (2) में प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए अध्यापक पारसाराम वणिक को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया। निलंबन अवधि में अध्यापक का मुख्यालय कार्यालय मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी जालोर किया गया है।


भीनमाल के निकटवर्ती गांव के विद्यालय में छेडखानी के मामले से आक्रोशित ग्रामीणों व छात्र छात्राओं ने जाम लगाया।

# पांच लाख की नकदी व क्रेटा गाड़ी जब्त

**कोटपूतली,** (निसं)। आदर्श चुनाव आचार संहिता की पालना को लेकर पुलिस प्रशासन सख्त नजर आ रहा है। इसी क्रम में पनियाला थाना पुलिस द्वारा कार्यवाही करते हुए गुरूवार को एक कार जप्त कर उसमें से 5 लाख 5 हजार की नकदी भी जप्त की है।

पुलिस के अनुसार हरियाणा सीमा पर स्थित अन्तर्राज्यीय गोनेड़ा चैक पोस्ट पर नाकाबंदी के दौरान हरियाणा की ओर से आ रही एक काले रंग की क्रेटा कार को रूकवाया गया तो उसमें बैठा चालक व उसका साथी सक पका गये। इस पर पुलिस ने उनका नाम व पता पूछा तो, चालक ने अपना नाम शंकर लाल (33) पुत्र रमेश कुमार सैनी निवासी बास किड़ारोद, नारनौल सदर व साथी व्यक्ति ने अपना नाम किशन लाल (40) पुत्र गिरधारी लाल रैगर निवासी ग्राम मंढ़ा, प्रागपुरा बताया। दोनों ही व्यक्ति कहां से आने व जाने के बारे में कोई जानकारी नहीं दे पाये तो पुलिस ने दोनों की तलाशी ली।

इस पर किशन लाल की तलाशी में पेंट की जेब से 500-500 रूपयों की दो गड्डी कुल एक लाख रूपयों की नकदी बरामद की। वहीं गाड़ी की जांच में सीटों के बीच बने बॉक्स से 04 लाख 05 हजार रूपयों की नकदी बरामद की गई। इस बारे में पूछताछ करने पर दोनों ने उक्त राशि स्वयं की बताई, लेकिन कहां से लाने व ले जाने के बारे में कोई संतोषप्रद जवाब के साथ-साथ इस बाबत कोई दस्तावेज भी प्रस्तुत नहीं कर पाये। इस पर पुलिस ने उक्त राशि कुल 05 लाख 05 हजार रूपयों को जप्त करते हुए क्रेटा कार को भी एमवीएक्ट में जप्त कर लिया।


विधानसभा चुनाव आचार संहिता को लेकर पनियाला थाना पुलिस ने कार से नगदी जब्त की।

## दो बच्चों के पिता ने आत्महत्या की

**भीलवाड़ा,** (निसं)। शहर के पुर थाना क्षेत्र के गठीलाखेड़ा गांव में एक युवक ने नीम के पेड़ से लटक कर आत्महत्या कर ली। मृतक युवक, दो बच्चों का पिता था। पुर थाना प्रभारी शिवराज गुर्जर ने बताया कि गठिलाखेड़ा निवासी ठाकुर (40) पुत्र माधो जाट गुरुवार सुबह 6 बजे करीब फ्रेश होने जाने के लिए घर से निकला जो लौटकर नहीं आया। इसके बाद, परिजन जब नजदीक ही स्थित बाड़े में पहुंचे तो वहां ठाकुर का शव नीम के पेड़ पर रस्से से लटका मिला। ग्रामीणों की मदद से युवक को फंदे से उतारकर परिजन एमजी अस्पताल अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टर्स ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने पोस्टमार्टम कराने के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। प्रारम्भिक जांच में सामने आया कि ठाकुर जाट, शादीशुदा और एक-बेटे और बेटी का पिता था। वह कृषि कार्य कर परिवार का पालन-पोषण कर रहा था। ठाकुर की बुजुर्ग काकी की दस दिन पहले ही मौत हो गई थी। इसके चलते परिवार के लोग शोक में थे। घर पर बैठक लगी हुई थी। इस बीच, ठाकुर ने खुदकुशी कर ली, जिससे शोक संतप्त परिवार पर दुःखों का पहाड़ टूट पड़ा। पुलिस का कहना है कि ठाकुर के खुदकुशी करने के कारण अभी सामने नहीं आये है। पुलिस छानबीन कर रही है।

# प्रो. शिवसिंह सारंगदेवोत ने बीएन विवि चेयरपर्सन का पदभार संभाला

**उदयपुर,** (कासं)। प्रो. शिव सिंह सारंगदेवोत ने बीएन विवि चेयरपर्सन का पदभार संभाला। बी.एन. संस्थान के प्रबन्ध निदेशक मोहब्बत सिंह राठौड़ ने बताया कि बी.एन. विवि के चेयरपर्सन पद पर आज कर्नल प्रो.शिव सिंह सारंगदेवोत ने विधिवत पदभार ग्रहण किया।

सारंगदेवोत ने कहा कि संस्थान के 101 वें वर्ष में मुझे भूपाल नोबल्स विवि में चेयरपर्सन पद की जिम्मेदारी सौंपी गई है जो इस संस्थान के विद्यार्थी से चेयरपर्सन पद पर पहुँचना मेरे लिये बहुत गौरव की बात है। उसे पूरी निष्ठा और जिम्मेदारी से निभा कर संस्थान को नई ऊँचाईयों और वैश्विकस्तर तक पहुंचाने की प्रयास करेंगे। उन्होंने एन.ए.ए.सी. (नेक) व स्टार्टअप तथा नवाचारों से विद्यार्थियों को करवाने के लिए योजनाओं पर बात कही और चरित्र, क्षमता निर्माण और मूल्य आधारित संस्कारों का आव्हान किया।

इस अवसर पर संस्थान के सचिव डॉ. महेन्द्र सिंह आगरिया ने बधाई दी और स्वागत करते हुए कहा कि प्रो. सारंगदेवोत जैसे विद्यानिष्ठ के इस पद पर आने से इस पद की शोभा द्विगुणित हुई है और उन्होने संस्थान परिवार को अपना शतप्रतिशत देने और प्रज्ञावान बनने का आव्हान किया है। इस मौके पर विद्या प्रचारिणी सभा के कार्यकारिणी सदस्यगण शक्ति सिंह कारोही (वित्त मंत्री), कुलदीप सिंह ताल, कमलेश्वर सिंह कच्छेर, डॉ. युवराज सिंह बेमला, महेन्द्र सिंह पाखण्ड, करण सिंह ऊमरी, एवं सदस्य राजेन्द्र सिंह पिपलांत्री, व भवंर सिंह साकरियाखेडी और सभी इकाईयों के इकाई प्रमुख अधिष्ठाता, प्राचार्य उपस्थित थे।


प्रो. शिवसिंह सारंगदेवोत ने बीएन वि.वि. चेयरपर्सन का पदभार ग्रहण किया।

# चुनाव आचार संहिता के बीच गढ़ गणेश मंदिर रोप-वे का शिलान्यास करने पहुंचे महेश जोशी

## पुलिस व चुनाव आयोग ने मंत्री महेश जोशी को शिलान्यास करने से रोका, उनका नाम लिखी पट्टिका भी हटवाई

- विवादों के बीच प्रमुख मंदिरों के पांच पुजारियों ने रोप-वे की नींव रखी, इस दौरान महेश जोशी गेट के बाहर ही खड़े रहे
- रोप-वे शिलान्यास कार्यक्रम का विज्ञापन एक समाचार पत्र में प्रकाशित हुआ था, जिसमें मंत्री महेश जोशी की तस्वीर भी लगी हुई थी, इसे चुनाव आयोग ने बताया आचार संहिता का उल्लंघन

-कार्यालय संवाददाता-

**जयपुर**। राजधानी जयपुर के गढ़ गणेश मंदिर के लिए बनने वाले "रोप-वे" के भूमि पूजन और शिलान्यास कार्यक्रम पर गुरुवार को विवाद हो गया। चुनाव आयोग के अधिकारियों ने मंत्री महेश जोशी को आचार संहिता का हवाला देते हुए शिलान्यास करने से रोक दिया। मंत्री का नाम लिखी शिलान्यास पट्टिका को भी चुनाव आयोग के अधिकारियों ने हटाकर रख दिया। विवादों के बीच प्रमुख मंदिरों के पांच पुजारियों ने मिलकर रोप-वे की नींव रखी। इस दौरान महेश जोशी गेट के बाहर ही खड़े रहे। जोशी ने विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि एक पार्टी के लोग ऐसे हैं, जो खुद तो कुछ नहीं करते हैं, कोई दूसरा करने लगता है तो उसको रोकने की कोशिश करते है।

दरअसल, गुरुवार सुबह 11 बजे नहर के गणेश मंदिर के पास रोप-वे के शिलान्यास का कार्यक्रम था। इसकी सूचना विज्ञापन के माध्यम से न्यूज पेपर में दी गई थी। इसे लेकर काफी संख्या में हवा महल विधानसभा क्षेत्र के लोग गढ़ गणेश मंदिर के नीचे एकत्रित हो गए। जैसे ही चुनाव आयोग को इसकी भनक लगी तो आयोग के अधिकारी ब्रह्मपुरी पुलिस थाने के जाब्ते के साथ कार्यक्रम रुकवाने पहुंचे। कार्यक्रम की जानकारी मिलने पर चुनाव आयोग के अधिकारी पुलिस के साथ मौके पर पहुंचे और आचार संहिता का हवाला देते हुए महेश जोशी को शिलान्यास करने से रोक दिया।

चुनाव आयोग अधिकारी कीर्ति सिंह निर्वाण ने कहा कि, अखबार में जिस तरीके से विज्ञापन आया, वह आचार संहिता का उल्लंघन है। आचार संहिता लगने के बाद कोई भी पॉलिटिकल शिलान्यास कार्यक्रम नहीं हो सकता है। यह एक पॉलिटिकल कार्यक्रम था तो उसको रोकने की कोशिश की गई। हमने पूरी तरह से इस पॉलिटिकल प्रोग्राम को रोका है। यदि कोई आयोजन निजी है तो उसमें कोई दिक्कत नहीं है।

शिलान्यास कार्यक्रम को लेकर मंत्री महेश जोशी ने कहा कि जयपुर के सभी गणेश भक्तों को मैं बधाई देना चाहता हूं। सालों से जो लोग किसी कारणवश इतनी ऊंचाई तक नहीं जा सकते, उन लोगों को भी दर्शन की सुविधा मिल सकेगी। गढ़ गणेश मंदिर जयपुर के लोगों के लिए आस्था का बहुत बड़ा स्थान है। बहुत सारे लोग ऐसे हैं, जो आज भी नियमित रूप से गणेश जी के दर्शन को जाते है। रोप-वे के लिए एक कंपनी आगे आई, उस कंपनी को हमने सहयोग किया। कंपनी और बाकी लोगों की यह इच्छा थी कि मैं इसका शिलान्यास करूं, लेकिन शिकायतों के चलते चुनाव आयोग के अधिकारियों ने रोक दिया।


चुनाव आयोग के अधिकारियों के रोकने के बाद महेश जोशी गेट के बाहर खड़े रहे। उन्होंने गणेश भक्तों को रोप-वे के शिलान्यास की बधाई दी। चुनाव आयोग के अधिकारियों के रोकने के बाद महेश जोशी गेट के बाहर खड़े रहे। उन्होंने गणेश भक्तों को रोप-वे के शिलान्यास की बधाई दी।

महेश जोशी ने कहा कि अभी मैं कोई बात करूंगा तो राजनीतिक बात हो जाएगी, जो मंदिर में ठीक नहीं है। लेकिन, एक पार्टी के लोग ऐसे हैं जो खुद कुछ काम करते नहीं हैं और कोई दूसरा करने लगता है तो उसको रोकने लग जाते है।

मैं पहला जनप्रतिनिधि हूं, जिसने गोविंद देव जी मंदिर में सेवा करने की कोशिश की है। बाकी किसी भी पार्टी के जनप्रतिनिधि ने ढेले भर की भी सेवा नहीं की है। उनका काम राजनीतिक लाभ उठाने के लिए नारेबाजी, धरना-प्रदर्शन करना रह गया है। हमारी धार्मिक भावनाएं अलग तरीके की हैं। भाजपा की धार्मिक भावनाएं अलग तरीके की हैं। हम राजनीतिक लाभ नहीं लेना चाहते। हम कानून पसंद आदमी हैं। कानून का पालन करना चाहते हैं और सच्चे मन से पूजा-पाठ करना चाहते हैं। मुझे जैसे ही पता लगा कि इलेक्शन कमीशन यह नहीं चाहता कि कोई जनप्रतिनिधि रोप-वे का शिलान्यास करे तो कोई बात नहीं। यहां से जुड़े साधु-संतों ने शिला पूजन कर लिया। काम शुरू हो गया, मुझे इस बात की खुशी है। मंत्री महेश जोशी ने कहा कि यह कोई सरकारी कार्यक्रम नहीं था बल्कि निजी कार्यक्रम था। जिस कंपनी ने रोप-वे बनाने का काम शुरू किया है, उसने वन विभाग की जमीन 30 साल के लिए लीज पर ली है। लीज की राशि भी जमा करा दी है तो फिर यह कैसे सरकारी जमीन है। मुझे इस बात का कोई मलाल नहीं है कि मैं इसका शिलान्यास नहीं कर पाया। मुझे इस बात की खुशी है कि यह शिलान्यास हो गया है और काम शुरू हो गया है। मुझे अगर इलेक्शन कमीशन नोटिस देता है तो मैं जरूर वहां अपनी बात रखूंगा। बताया जा रहा है कि गढ़ गणेश मंदिर में दर्शन करने आने वाले श्रद्धालुओं के लिए शिवमप्राइम इन्फ्राप्रोजेक्ट्स प्राइवेट लिमिटेड, जयपुर की ओर से रोप-वे बनाया जा रहा है, जो नहर के गणेश मंदिर से शुरू होकर गढ़ गणेश मंदिर तक जाएगा। अभी गढ़ गणेश मंदिर तक जाने के लिए 365 सीढ़ियां चढ़नी पड़ती हैं।



गढ़ गणेश मंदिर पर बनने वाले रोप-वे का शिलान्यास पुलिस और चुनाव आयोग की टीम की मौजूदगी में 5 मंदिरों के महंतों ने किया।



रोप-वे का शिलान्यास महंतों द्वारा किए जाने तक चुनाव आयोग और पुलिस ने मंत्री महेश जोशी को मंदिर के बाहर ही खड़े रखा।




एक समाचार पत्र के जयपुर संस्करण के ई-पेपर में रोप-वे के शिलान्यास का विज्ञापन

## आरपीए में घुसकर महिला कांस्टेबल का गला काटा

**जयपुर**। शास्त्री नगर थाना इलाके के राजस्थान पुलिस एकेडमी (आरपीए) स्थित सरकारी क्वार्टर में महिला पुलिस कांस्टेबल पर जानलेवा हमला करने का मामला सामने आया है। बताया जा रहा है कि बदमाश ने महिला कांस्टेबल के गले पर धारदार हथियार (चाकू) से वार किया। जिससे उसके गले पर कट लगने से आठ टांके आए है। इस संबंध में महिला पुलिस कांस्टेबल की ओर से थाने में ममला दर्ज करवाया गया है। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज खंगाल कर आरोपी की तलाश कर रहीं है।

जांच अधिकारी एसआई मुकेश ने बताया निर्भया स्क्वॉयड में तैनात महिला पुलिस कांस्टेबल कृष्णा बुधवार रात क्वार्टर में पति और बच्चों के साथ सो रही थी। इसी दौरान अज्ञात बदमाश क्वार्टर में घुसा। बदमाश के घुसने पर वह जाग गई। शोर किया तो बदमाश ने उस पर धारदार हथियार से हमला कर दिया। इससे उसके गले पर गहरा घाव हो गया। इसके बाद कांस्टेबल ने जब बदमाश को पकडने का प्रयास किया तो वह भाग गया। बदमाश ने जाते समय बाहर से दरवाजा बंद कर दिया। ताकी उसका पीछा नहीं किया जा सके। इसके बाद पीड़िता ने अपने पति को जगाया। इसके बाद महिला कांस्टेबल ने शोर मचाकर आसपास रह रहे पुलिसकर्मियों को मौके पर बुलाकर गेट खुलवाया। इसके बाद महिला पुलिस कांस्टेबल को कांवटिया अस्पताल लाया गया। वहां उसे एसमएस अस्पताल रैफर कर दिया गया। जहां उसका इलाज किया गया। महिला पुलिस कांस्टेबल के गले पर आठ टांके आए। अस्पताल से इलाज के बाद महिला थाने पहुंची और मामला दर्ज कराया।

## बेनामी लॉकर्स की जांच शुरू

**जयपुर**। राजधानी में एमआई रोड स्थित गणपति प्लाजा के लॉकरों की इनकम टैक्स विभाग द्वारा अभी जांच जारी है। अभी तक 760 लॉकर की जांच की जा चुकी है। अब केवल 340 लॉकर की जांच करनी है। इनमें अधिकांश बेनामी लॉकर्स बताये जा रहे हैं। जिन दस्तावेजों के आधार पर यह लॉकर लिए गए वह फर्जी निकल रहे हैं। इनकम टैक्स की टीम ऐसे लॉकर्स की लिस्ट बना कर जांच में करने में जुटी हुई है। गौरतलब है कि मंगलवार को जब इनकम टैक्स ने तीन लॉकर खोले थे। उसमें सवा करोड़ रुपए कैश और 1 किलो गोल्ड निकला था। यह सोना कार्तिक कूलवाल और इदरीश हसन के नाम पर थे, लेकिन अभी तक इन की कोई जानकारी इनकम टैक्स की ओर से साझा नहीं की गई है। ये दोनों व्यक्ति है भी या नहीं।

## ग्रेटर निगम में जूनियर इंजीनियर बने अपने से सीनियर अफसरों के 'बॉस'

### अधीक्षण अभियंता प्रदीप शर्मा से जूनियर पद पर कार्यरत अधिशाषी अभियंता प्रमोद खींची को आयुक्त ने उपायुक्त का कार्यभार सौंपा

- उपायुक्त विद्युत की मदद के लिए सहायक अभियंता भागचंद कोली को तकनीकी सहायक लगाया
- जबकि पूर्व में भी जयपुर नगर निगम में अधीक्षण अभियंता रमेश शर्मा के पास ही उपायुक्त विद्युत का चार्ज रहा, बाद में चीफ इंजीनियर बनने के बाद उनकी नियुक्ति स्वायत्त शासन विभाग में हो गई थी

-कार्यालय संवाददाता-

**जयपुर**। ग्रेटर नगर निगम की विद्युत शाखा में एक बार फिर जूनियर अफसरों को उनके वरिष्ठ अधिकारियों का 'बॉस' बनाने का मामला सामने आया है। इसे लेकर कमिश्नर बाबूलाल गोयल द्वारा जारी आदेशों की चर्चाएं नगर निगम के गलियारों में होने लगी है।

सूत्रों की मानें तो 3 अक्टूबर को आयुक्त बाबूलाल गोयल ने आदेश जारी कर अधिशाषी अभियंता (विद्युत) प्रमोद खींची को उपायुक्त का कार्यभार सौंप दिया, जबकि इसी शाखा में उनसे वरिष्ठ एक्सईएन प्रदीप शर्मा कार्यरत हैं। इसके बाद 5 अक्टूबर को आयुक्त ने दूसरा आदेश जारी किया, जिसमें प्रशासनिक दृष्टि से विद्युत कार्यों को सुचारू रूप से चलाये जाने का हवाला देते हुए सहायक अभियंता के पद पर कार्यरत भागचंद कोली को उपायुक्त विद्युत का तकनीकी सहायक बना दिया, जबकि नगर निगम में ऐसा कोई पद सृजित ही नहीं है। भागचंद को यह कार्यभार उनके मौजूदा कार्य के साथ-साथ अतिरिक्त दिया गया है। इस आदेश के 10 दिन बाद अब 15 अक्टूबर को आयुक्त कार्यालय से एक और आदेश जारी हुआ है, जिसमें कहा गया है कि विद्युत शाखा में संधारित समस्त पत्रावलियां आगामी कार्यवाही के लिए अधीक्षण अभियंता (विद्युत) प्रदीप शर्मा के परीक्षण के उपरांत ही अन्य शाखाओं में भिजवाई जाए।

सूत्रों की मानें तो प्रदीप शर्मा भी चूंकि अधिशाषी अभियंता ही हैं, लेकिन उनकी वरिष्ठता देखते हुए उनके पास अधीक्षण अभियंता का चार्ज है। यहां पूर्व में भी अधीक्षण अभियंता और उपायुक्त का चार्ज रमेश शर्मा के पास था। बाद में मुख्य अभियंता के पद पर प्रमोशन होने के बाद उनकी नियुक्ति स्वायत्त शासन विभाग में हो गयी थी। अब आयुक्त बाबूलाल गोयल ने पिछले दिनों प्रदीप शर्मा से जूनियर एक्सईएन प्रमोद खींची को उपायुक्त की कुर्सी पर बैठाकर यहां विवादों को हवा दे दी है। साथ ही सहायक अभियंता को उपायुक्त का तकनीकी सहायक बनाने से यह विवाद और गहरा गया है, क्योंकि ग्रेटर नगर निगम में पूर्व में कभी भी उपायुक्त का तकनीकी सहायक कोई नहीं रहा है। अब नगर निगम में गलियारों में चर्चाएं यह है कि क्या अब जोन और मुख्यालय में कार्यरत उपायुक्तों को भी कमिश्नर द्वारा तकनीकी सहायक मुहैया करवाए जाएंगे। विद्युत शाखा में जब प्रदीप शर्मा अधीक्षण अभियंता के पद पर कार्यरत हैं और समस्त पत्रावलियां उनके परीक्षण के बाद ही अन्य शाखाओं में भेजी जाएंगी तो फिर उपायुक्त का पद उन्हें क्यों नहीं संभलवाया गया।

## सार-समाचार

### डॉक्टर्स प्रीमियर लीग का पोस्टर जारी

**जयपुर**। डॉक्टर्स प्रीमियर लीग के 16वें संस्करण का जेकॉब रोड स्थित एक क्लब में आयोजित समारोह में पोस्टर विमोचन किया गया। इस दौरान डॉ. शिवराज सिंह राठौड़, डॉ. अनुराग शर्मा, डॉ. अशोक चौधरी, डॉ. अरूण सोनी, डॉ. संजय पावा, डॉ. युवराज, डॉ. गिरीश चौहान, डॉ. राजीव, डॉ. निर्भय और रतन सोनी सहित कई लोग मौजूद रहे। डी.पी.एल. चैयरमैन डॉ. शिवराज सिंह राठौड़ ने बताया कि इस संस्करण में 12 टीम मैदान में उतरेगी। इसमें एम.बी.बी.एस. एवं बी.डी.एस. डॉक्टर्स शामिल होंगे। प्रत्येक टीम के खिलाड़ियों का चयन ऑक्शन द्वारा होगा। ऑक्शन की तारीक घोषणा शीघ्र ही की जायेगी। 28-29 अक्टूबर को नये खिलाड़ियों का ट्रायल होगा। विगत 15 वर्षों से खेली जा रही यह लीग आई.पी.एल. की तर्ज पर टी-20 फॉर्मेट में पूरे देश की एक अनूठी पहल है। इसमें सम्पूर्ण राजस्थान से डॉक्टर्स भाग लेते हैं। ये लीग डॉक्टर्स वेलफेयर सोसायटी और एच एण्ड के द्वारा आयोजित करवायी जायेगी। एच एण्ड के श्रेया एवं निर्मल द्वारा बताया गया कि इस बार इसमें बॉलीवुड सेलेब्रीटिज द्वारा प्रत्येक टीम को प्रस्तुत किया जायेगा। यह लीग जनवरी माह में प्रारम्भ होगी। डॉ. शिवराज सिंह राठौड़ ने यह भी बताया कि दंत चिकित्सकों का आई. डी. ए. टूर्नामेंट जिसमें आठ अस्पतालों की टीम भाग लेगी जो कि दिसम्बर में आयोजित किया जायेगा।

### छात्र-छात्राओं को चश्मे वितरित होंगे



**जयपुर**, (का.सं.)। ए.आर.वेलफेयर फाउण्डेशन द्वारा राजकीय स्कूलों के छात्र-छात्राओं को स्कूल बेग, ड्रेस के स्वेटर, स्टेशनरी व अन्य सामग्री निःशुल्क वितरित की जा रही हैं। इसी क्रम में नवाचार के रूप में अब गांधी चश्मों का निःशुल्क वितरण करने की योजना चलायी गयी है। योजना के पोस्टर का विमोचन महात्मा गांधी राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय हसनपुरा, जयपुर में पूर्व वरिष्ठ आई.ए.एस. निवेदिता मेहरू द्वारा ट्रस्ट के अध्यक्ष पूर्व आई.ए.एस. ए.आर.खान की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में किया गया। मुख्य अतिथि निवेदिता द्वारा ए.आर.वेलफेयर फाउण्डेशन के द्वारा गरीबों की सहायतार्थ किये जाने वाले सेवा कार्यों की सराहना की गयी और उपस्थित छात्र/छात्राओं को गांधी चश्मा योजना का पूर्ण लाभ उठाने के लिए कहा गया। विद्यालय की प्रिंसिपल उषा शर्मा द्वारा अतिथियों का स्वागत किया गया व कमजोर नेत्र वाले छात्र-छात्राओं की नेत्र जांच कराने का आश्वासन दिया व विद्यालय की अन्य गतिविधियों पर प्रकाश डाला। ट्रस्ट के सचिव मो.शमीम एडवोकेट द्वारा धन्यवाद अर्पित किया।

### राधा गोविन्द मंदिर में सत्संग

**जयपुर**, (का.सं.)। नवरात्रि के पावन अवसर पर आर्ट ऑफ लिविंग जयपुर परिवार की ओर से 18 अक्टूबर को राधा गोविंद मंदिर, महेश नगर में भावपूर्ण सत्संग का अयोजन किया गया। कार्यक्रम में आर्ट ऑफ लिविंग के प्रसिद्ध भजन गायक और प्रशिक्षक डॉ. सौरभ शेखावत ने अपनी सुमधुर भजनों की लय से सभी देवी भक्तों को आनंदित किया। नवरात्रि में सत्संग का हिस्सा बनकर जयपुर वासियों को बेहद प्रसन्नता हुई और सभी ने आर्ट ऑफ लिविंग के सत्संग को खूब सराहा। नवरात्रि के पावन अवसर पर जयपुरवासियों के लिए आर्ट ऑफ लिविंग के वैदिक धर्म संस्थान, राजस्थान की ओर से 20 से 22 अक्टूबर तक श्री श्री रविशंकर आश्रम, जयपुर में विभिन्न सामूहिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया है।

### नर्सिंग कर्मचारियों का विरोध जारी

**जयपुर**। सवाई मानसिंह अस्पताल प्रशासन की ओर से चिकित्सालय में कार्यरत नर्सिंग एवं पैरामेडिकल स्टॉफ के लिए पार्किंग स्थल की नई व्यवस्था में भेदभावपूर्ण रवैया अपनाने से नाराज नर्सेज व अन्य कर्मचारियों का विरोध प्रदर्शन गुरूवार को चौथे दिन भी जारी रहा। राजस्थान नर्सेज एसोसिएशन जिला जयपुर अध्यक्ष बलदेव सिंह चौधरी ने बताया कि एसएमएस मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य डॉ. राजीव बगरहट्टा व एसएसएम चिकित्सालय अधीक्षक डॉ. अचल शर्मा की असंवेदनशीलता के कारण अस्पताल में कार्यरत सभी कार्मिको में जबरदस्त रोष व्याप्त हो गया है। राजस्थान नर्सेज एसोसिएशन के प्रदेशाध्यक्ष श्याम सिंह ने एस एम एस मेडिकल कॉलेज एवं चिकित्सालय में प्रशासक के रूप में आई.ए.एस को नियुक्त करने की मांग की, ताकि चिकित्सको के एकाधिकार से अस्पताल में कार्यरत अन्य कार्मिकों को शोषण से मुक्ति मिल सके। समन्वय समिति के नर्सेज संघ के प्रदेशाध्यक्ष प्यारेलाल चौधरी ने सभा को रेडियोग्राफर संघ से प्रदेशाध्यक्ष वीरेन्द्र शर्मा, शंकर लाल मीणा, लैब टेक्नीशियन संघ से जिला अध्यक्ष विजय सिंह, जितेन्द्र यादव, फार्मेसिस्ट संघ से जिलाध्यक्ष आनंद सुरा, राज वर्मा, सुमोल चौधरी, धर्म सिंह, बालकृष्ण, मनोज दुब्बी, अजय सिंह, निरमा मीना ने संबोधित किया।

## जीवन में अहम भूमिका निभाती है गुणवत्ता : डॉ. मनीषा अरोड़ा



भारतीय उद्योग परिसंघ के पदाधिकारियों ने 36वीं क्वालिटी सर्कल प्रतियोगिता के समापन समारोह में मुख्य अतिथि परिवहन आयुक्त डॉ. मनीषा अरोड़ा का स्वागत किया।

**जयपुर**, (का.सं.)। "कठिन परिश्रम, पहल करने की क्षमता तथा सकारात्मक सोच कर्मचारियों को अच्छे परिणाम की ओर ले जाती है।" ये विचार डॉ. मनीषा अरोड़ा, आयुक्त-परिवहन एवं प्रबंध निदेशक-राजसिको, राजस्थान सरकार ने भारतीय उद्योग परिसंघ द्वारा आयोजित 36वी क्वालिटी सर्कल प्रतियोगिता (प्रा.) के समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में व्यक्त किये। उन्होंने कहा कि गुणवत्ता की जीवन में एक महत्वपूर्ण भूमिका है चाहे वह उद्योग हो या व्यक्ति। उनके अनुसार गुणवत्ता जीवन में एक अहम भूमिका निभाती है और गुणवत्ता के प्रति सचेत रहना आज की जरूरत बन गई है। डॉ. मनीषा अरोड़ा ने क्वालिटी के कन्सेप्ट और उसके महत्व पर प्रकाश डाला और टीमों द्वारा प्रभावी प्रस्तुतिकरण की सराहना की। उन्होंने कहा कि गुणवत्ता में सुधार द्वारा ही कार्य में उन्नित और लागत में कमी लाई जा सकती है। उनके अनुसार इस प्रकार के गुणवत्ता समूह बनाकर कार्य करने से टीम भावना जागृत होती है और समाधान आसान हो जाता है। गुणवत्ता मूल्यांकन के साथ आती हैं एवं धरातल पर कार्य करने वाले वर्कर ही अपने इन्नोवेशन एण्ड एक्सर्पटाइज् से क्वालिटी प्रोडक्टस् बनाते है। उन्होंने यह भी कहा कि भारतीय वर्कर्स विश्व भर के सर्वोत्तम वर्कर्स में से एक है।

## गौड सनाड्य ब्राह्मणों ने भाजपा-कांग्रेस से विधानसभा चुनाव में मांगी 15-15 टिकट

**जयपुर** (कासं)। गौड सनाड्य ब्राह्मण समाज के राष्ट्रीय संगठन गौड सनाड्य फाउंडेशन के राजस्थान अध्यक्ष पं. देवीशंकर शर्मा ने आगामी विधानसभा चुनाव में उचित प्रतिनिधित्व देने की मांग राजनैतिक दलों के समक्ष रखी है।

उन्होंने बताया कि हमारे संगठन की 17 राज्यों में सक्रिय इकाईयां हैं, और पूरे देश 40 लाख से अधिक सक्रिय सदस्य हैं। पिछले विधानसभा चुनावों में भारतीय जनता पार्टी ने जयपुर जिले की 19 सीटों में से एक भी टिकट गौड सनाड्य ब्राह्मण समाज के प्रतिनिधि को नहीं दिया और लोकसभा चुनावों में भी एक भी टिकट गौड सनाड्य ब्राह्मण को नहीं दिया। दौसा जिले की 3 सामान्य सीटों में से एक भी सीट पर टिकट नहीं दिया। सीकर, भरतपुर, करौली जिलों में एक भी टिकट गौड सनाड्य ब्राह्मणों को नहीं मिला, जबकि ये सारे ही जिले राज्य में गौड सनाड्य ब्राह्मण समाज के मुख्य जिले है। उन्होंने कहा कि राजस्थान की कुल ब्राह्मण आबादी का लगभग 65 प्रतिशत गौड़ सनाड्य ब्राह्मण है, जो राजस्थान की सभी 200 विधानसभा सीटों पर प्रभाव डालते हैं, विशेषकर पूर्वी राजस्थान, शेखावाटी एवं जयपुर जिला गौड़ सनाड्य ब्राह्मण समाज के सबसे बडी आबादी वाले क्षेत्र है। मूलरूप से गौड सनाड्य ब्राह्मण कांग्रेस के वोट रहे है, परन्तु सन् 1989 के राम मंदिर आंदोलन एवं भाजपा के हिन्दुत्व के एजेंडे से प्रभावित होकर गौड सनाड्य ब्राह्मण समाज भारतीय जनता पार्टी के साथ जुड़ा, परन्तु बहुत खेद का विषय है कि भाजपा ने ब्राह्मणों को हमेशा नजरअंदाज किया है, जिसका नतीजा ये है कि आज गौड़ सनाड्य ब्राह्मण समाज भाजपा से दूरी बनाने लगे है। देवीशंकर शर्मा ने बताया कि कांग्रेस ने जयपुर शहर से पिछले विधानसभा चुनावों में गौड सनाड्य समाज के प्रतिनिधियों को टिकट दिया, जिसमें से महेष जोशी की जीत हुई और अर्चना शर्मा भारतीय जनता पार्टी के परम्परागत गढ़ मालवीय नगर से मात्र 1700 मतों से पराजित हुई, परन्तु गौड साड्य ब्राह्मण समाज को उचित प्रतिनिधित्व देने के कारण ही समाज में कांग्रेस के प्रति रूझान बढ़ा और कांग्रेस पहली बार जयपुर से 4 सीटे जीत सकी।

उन्होंने बताया कि दौसा सीट पर संख्या के लिहाज से गौड सनाड्य ब्राह्मणों की दावेदारी है, लेकिन भारतीय जनता पार्टी लगातार वहाँ प्रयोग कर रही है और इसी वजह से दौसा सीट हार रही है। उन्होंने भारतीय जनता पार्टी और कांग्रेस से मांग की गौड सनाड्य ब्राह्मण समाज को 15-15 टिकटें देवें।

गौड सनाड्य फाउंडेशन के जयपुर जिला प्रभारी कैलाश शर्मा ने बताया कि जयपुर जिले से ना तो गौड सनाड्य ब्राह्मण समाज से भारतीय जनता पार्टी का कोई विधायक है, ना ही सांसद जबकि जयपुर जिले की प्रत्येक विधानसभा सीट पर सबसे अधिक संख्या गौड सनाड्य ब्राह्मण समाज की है। कैलाश शर्मा ने बताया कि हमारा समाज हिंदुत्व एवं सनातन के मुददे पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी के साथ रहना चाहता है, लेकिन समाज का राजनैतिक तिरस्कार अगर होता रहा तो समाज के युवा वर्ग को समझाना बड़ा कठिन होगा।

गौड सनाड्य फाउंडेशन के दौसा जिला अध्यक्ष वैद्य लक्ष्मीकांत षर्मा ने बताया कि दौसा सीट पर गौड सनाड्य ब्राह्मण समाज का हक बनता है क्योंकि वहाँ लगभग 35 हजार गौड सनाड्य ब्राह्मण मतदाता है, जिनको सर्व समाज का समर्थन हांसिल है और उन्होंने मांग की दौसा विधानसभा से भाजपा किसी भी गौड सनाड्य ब्राह्मण समाज के व्यक्ति को अगर टिकट देती है तो पूरा समाज तन-मन-धन से पार्टी को विजयी बनायेगा।




गौड सनाड्य फाउंडेशन के राजस्थान अध्यक्ष पं. देवीशंकर शर्मा और अन्य पदाधिकारियों ने पत्रकारों से रूबरू होकर विधानसभा चुनाव की रणनीति जाहिर की।



## International Chefs Day

Going out to restaurants one of people's favourite activities because they get the chance to taste the best cuisine from the chefs that work behind the scenes. International Chef Day is a for them, and is probably one of the best opportunities people can get to learn how to cook and connect with chefs in their local area. It's also a great opportunity to teach kids how to cook and inspire them to become chefs. Let's discover where it came from and what International Chef Day is all about!

#EVENT

# AN EVENING OF SCENTED CHRONICLES

In the latest episode of The Write Circle, Journalist and author Divrina Dhingra delved into the captivating world of fragrances, exploring their rich history from ancient civilizations to present-day challenges. She highlighted the impact of climate change on natural ingredients, discussed the chemistry behind scents, and celebrated the creative possibilities offered by synthetic fragrances.





**Tusharika Singh**

The October episode of The Write Circle took Jaipurites on an olfactory odyssey through time and tradition, expertly guided by renowned journalist and the author of 'The Perfume Project: Journeys Through Indian Fragrance', Divrina Dhingra.

In a world where a mere whiff can transport us to a cherished memory, Divrina Dhingra, delved into the fascinating stories that linger behind our favourite scents. Having worked at magazines like Elle, Vogue and Harper's Bazaar, Divrina Dhingra often received well worded press releases that described perfumes in an enchanting way. Dhingra's curiosity led her to explore the human stories and narratives beyond the enchanting descriptions of perfumes.

"I have written this book driven purely by my own curiosity about fragrances and my desire to learn more about them. There are so many stories related to smell, and none of them are alike, and I found it absolutely fascinating," shared Dhingra. She added, "I wanted to convey the rich history of fragrances and their use, and to show that much of this history is still very much alive even today."

Dhingra illuminated the phenomenon known as the 'Madeleine Effect', or as literature aficionados might recognize it, the 'Proust Effect' -- when a particular scent invokes nostalgia and conjures up a certain experience.

The conversation went from history of fragrances in ancient empires like the Greeks, Romans, Egyptians to Mughals, Middle East and present day Kannauj, a small town in Uttar Pradesh, popularly known as the perfume city. Divrina also spoke of her quest to understand the natural aromas in India through visiting places in Kashmir and Western Ghats. She said that climate change is affecting the perfume industry like

> The conversation went from history of fragrances in ancient empires like the Greeks, Romans, Egyptians to Mughals, Middle East and present day Kannauj, a small town in Uttar Pradesh, popularly known as the perfume city. Divrina also spoke of her quest to understand the natural aromas in India through visiting places in Kashmir and Western Ghats. She said that climate change is affecting the perfume industry like every other industry.

every other industry. The changing environment impacts the growth of the natural ingredients like rose, sandalwood and khas which are primary ingredients used to make attar. Divrina dissected the chemistry behind our regular smells by telling the audience about the science behind creation of these wonderful fragrances. She emphasised that India can also establish its dominance in the trade of fragrance as we have a rich history and culture around perfumes

Offering insights into the transformative power of synthetic fragrances, Divrina said: "Synthetic fragrances have opened up new possibilities in the world of scents. By mixing different aromas and oils, one can create captivating and magical fragrances".


The evening concluded with an engaging Q&A session, where an intrigued audience posed a unique set of questions, each one as fragrant and varied as the perfumes discussed.

The author was in conversation with COO of Siyahi, Urvi Bhuwania. The Write Circle is organized by the Prabha Khaitan Foundation in association with Shree Cement, Siyahi, Ehsaas Women of Jaipur, and Spagia Foundation.



# That Navratra Of Dread And Turmoil_1962

This time when I arrived there I could perceive the tension in the atmosphere. My father was busier than usual. My mother was quieter. The ongoing tension on the more than 1000 mile long border between China and North East Frontier Agency (NEFA) was creating an oppressive feeling amongst the people of Assam. I had planned to stay for my father's birthday (Dusshera according to the Lunar calendar). Vijaya Dashami was on 8th October, 1962. On the 6th morning my father informed me that I was flying out the next morning (7thOctober) to Calcutta. I remonstrated that I would like to stay on till after his birthday. He half turned away from me so that I could not see his expression and murmured that he did not wish me to miss any of my classes. Then he walked out abruptly to end the conversation. Little did I know then that he knew that was the last civilian flight out of Gauhati! The shortage of aircrafts in the military required diversion of as many passenger planes as possible from the Indian Airlines.





**Dr Goutam Sen**
*CTVS Surgeon*
*Traveller*
*Story teller*

#NIGHTMARES

Every Navratra I am reminded of the turmoil my family faced in the month of October/ November, 1962. I was in the Medical College at Jaipur. My rest of my family consisting of my parents and two younger sisters were in Guwahati where my father, Gopal Das, was posted as Station Director, Akashvani. It was a long way to go. The rail journey across the country took about three full days. The Brahmaputra River had no railway bridge then. Passengers had to cross it in a ferry from Amin Gaon to Pandu to finally arrive in Guwahati. To give me more time my father arranged for me to fly from Calcutta to Guwahati. Although it was quite expensive my father arranged for me to travel by train to Calcutta and stay with an old friend, Mrs. Leela Mazumdar, in her elegant flat on Park Street. After an overnight's rest I took the Dakota flight to Gauhati in the morning. That was the only flight. It had to be a morning flight as bad weather and surrounding hills made it unsafe at other times. That way I would be able to stay with the family for five out of the seven days break.

This time when I arrived there I could perceive the tension in the atmosphere. My father was busier than usual. My mother was quieter. The ongoing tension on the more than 1000 mile long border between China and North East Frontier Agency (NEFA) was creating an oppressive feeling amongst the people of Assam. I had planned to stay for my father's birthday (Dusshera according to the Lunar calendar). Vijaya Dashami was on 8th October, 1962. On the 6th morning my father informed me that I was flying out the next morning (7thOctober) to Calcutta. I remonstrated that I would like to stay on till after his birthday. He half turned away from me so that I could not see his expression and murmured that he did not wish me to miss any of my classes. Then he walked out abruptly to end the conversation. Little did I know then that he knew that was the last civilian flight out of Guwahati! The shortage of aircrafts in the military required diversion of as many passenger planes as possible from the Indian Airlines.

When I returned to Jaipur the uneasiness persisted. Communication was not easy then. The only way to keep updated was to listen to the news bulletins on the radio. I was the Prefect of the hostel. Dr (Mrs) Mangla Talwar, wife of our Professor of Surgery, Dr G L Talwar was the warden of the hostel and lived in the adjoining bungalow. I went quite often to meet her for official hostel purposes. Both of them had become quite fond of me. Dr Talwar was an avid news listener. He kept himself updated by listening to the news from Akashvani channels as well as the BBC. The radio was constantly on in the house. He and I often spoke about the tension on our eastern borders. The collection of the Chinese forces at Bomdilla followed by quick movement of the locals more inland was a source of concern. Rumours were rife that the Chinese had crossed the border and were invading inland unchecked into the foothills. A whole uneasy month passed this way when I received a post card from my father. It was unusual in the sense that besides the usual family news he emphasised that he was keeping me fully informed. About what? It sounded ominous! Later another post card dated 20th November stated that he was sending Mummy and my sisters to Agra to stay with my grandmother. He again stressed that since I was the eldest child he was passing on the responsibility of their care to me. This was sudden. It was matter of great anxiety for me.

Much later when I read my father's book I really understood how dreadful and threatening his situation was.

Let what he wrote speak for him:

My wife and I were staring at the ceiling as we lay awake in our bed at night. We looked calm but inside our fears were turbulent.

!9th November 1962 evening. The telephone rang.

A call from the Secretary of the CM of Assam! The CM wished to speak to the people. Was it possible for him to do so?

The CM was most welcome to broadcast to his people- I said.

Bimla Prasad Chaliha arrived from Shillong- the then capital of Assam. He was under great tension. He was in a frenzy – pacing up and down the room. He was chain smoking. I wondered if the distraught CM would be able to make the broadcast. What if he stopped midway! Much to my amazement Chaliha made the



broadcast without any hesitation. He spoke with great fervour and fluidity.

'I am the citizen of an Independent Nation. I will live in this freedom. If need be I will die here too.'(Azad desh ka Azad Nagrik)

Later on 20th November I arrived home after a full day at the office. The radio was on. I went to the washroom to freshen up. The radio was announcing that the former President of India, Rajendra Prasad was going to make a broadcast to the nation soon.

A few moments were left.

Then the sudden announcement was: This is Akashvani. Pandit Jawahar Lal Nehru, the Prime Minister, is going to address the nation.

The voice was tired. I had always heard this voice full of determination and strength. Today it was immersed in depression even sorrowful.

'Huge Chinese armies have been marching towards the northern part of NEFA. We have had reverses at Walong and Sela. Today Bomdilla has fallen. We shall not rest till the invader goes out or is pushed out. I want to make that clear to all of you and especially to our countrymen in Assam to whom our heart goes out at this moment...........'

Rani, my wife collapsed on the floor. – Oh Lord! Have Mercy.

The phone rang shrilly

'You people are absolutely useless (Nikamme!). You get your salaries for doing nothing'.

The voice was resentful and deprecating- even insulting.

I replied: 'I do not understand

> If on the present day, the Prime Minister decides to speak to the nation about his feelings and reassure them- Give them courage (Dhandus). Do I stop him from speaking just because the announcement could not have been made earlier?

you. Are you going to go on in this manner or come to the point'?

The angry and hoarse voice went on. 'You understand all that I am saying. Are you aware of the broadcast that is on at the moment? Do you know who is speaking?

Yes. The Prime Minister of India is speaking.

Are you aware of what your announcer had said?

I too heard him say from Delhi that the broadcast of Dr Rajendra Prasad, former President of India, was to follow.

How is it then Pandit Nehru is speaking?

If on the present day, the Prime Minister decides to speak to the nation about his feelings and reassure them- Give them courage (Dhandus). Do I stop him from speaking just because the announcement could not have been made earlier?

So that is what happened. Even you were not aware of this development?

No. It is upto you to believe me.

By then I took his name.

He was surprised. Ah! so you have recognised me. I said Namaste.

I put the receiver down.

The time was now 10:00pm. The phone rang again.

The call was from Shillong. A friend was calling.

He asked. So what have you thought? What are you going to do? The Chinese have reached the borders of Tezpur. If the forces change direction and capture Rangia (Rail Head across the Brahmaputra) all the routes for returning home will have shut down.

I was stunned.

He went on.

Have you not given any thought about your wife and daughters? If they are captured all will be finished.

Immersed in my work I had not given this any thought. Something had to be done soon for them.

I had already assured the Director General that I would 'man' the studios with my last breath. 'The show will go on'.

The next morning the atmosphere in the office was different. People were whispering the name of Nehru. They were looking askance. One by one they drifted into my office.

So, Pandit Nehru has left us to our destiny.

Another said. If we have to deal with the situation now it is upto us to decide whether we should fight the Chinese or do something else.

The telephone calls were coming.

The gist of the messages was that we should stop announcing anti-Chinese messages as we were not likely to face the consequences. We would abandon the place and leave the locals to face the anger of the Chinese. We should stop all anti-Chinese announcements from Guwahati radio station.

I remember vividly the description of the evacuation from Guwahati that my mother told me when she visited me in Jaipur. She and my sisters were hustled to the ferry and across the river with minimal baggage. Although they had reservations in the train there was no space anywhere. People were hanging on to the doors. 'We were stuffed into the compartment like cattle'. It was not just the worry about the journey; the concern about what would happen in Guwahati if the Chinese were to move further inland was gnawing into our hearts and mind.

My father went on to write:

My wife Rani objected. She did not wish to leave me alone. I was able to convince her that this had to be done for the sake of the children.

As my wife and I prepared for the hurried departure after the daughters had gone to sleep we kept on hearing the drone of aircrafts continually ferrying the armed forces to the north from Guwahati.

The phone rang. It was from Delhi.

You are going to meet a messenger tomorrow morning with sealed instructions. I did not ask further questions. Rani remained a mute spectator.

As we lay awake there was a call at the door from a familiar voice. I opened the door for two people. Rani had accompanied me into the living room. They looked exhausted and thirsty. After asking for a cup of tea the friend said that they were coming from Tezpur. The situation was tense. All they wanted was a flight out of Assam. Little did they know that all the civilian flights had been cancelled? The military were not going to listen.

Rich people from the tea gardens too were making frantic efforts to find seats in the returning military flights. Money was no constraint for them. How soon the night passed. The friend left to find his way into the mainland.

The chaprasi came to the door with a message at dawn.

'A person has come from Delhi and wishes to meet you urgently'.

I went to my office where he waited for me. He was an old acquaintance from Delhi. He handed me a sealed envelope and asked me to read it instantly and reply to the questions asked since he wanted the written reply before he left by the 4:00pm army return flight.

I cannot read it now. I have to see that my wife and my daughters Chitra and Raj are safely sent away. I was driving to Pandu. A friend has arranged for a private launch to ferry them across to Ameen Gaon.

At the point of departure Chitra clung to me.

We will not go leaving you alone.

Raj stood by mutely.

Rani stood a little apart. I saw not the Rani of the present day. For me she was the Rani who I first saw. Young and beautiful!

I returned to the radio station.

The station Engineer met me at the gate and remarked that the Chinese were barely five miles from Tezpur.

I questioned the veracity. No message had come on the teleprinter.

I sat down to study the Delhi message and write a reply.

After the departure of the family the house gradually became the epicenter of the media. The radio Station on the top of the hill had the most powerful transmitter in the east of India. The Army personnel found it convenient to pass messages on it. Our home was in the same area at the base of the hill. It became common for the many people who came to rest wherever they found space in the house. The domestic help later told us that there were so many people that he seemed to be making cups of tea and sandwiches all the time. Letters were not coming. I used to call the Station Director, Jaipur for the information regarding my father. He reassured me that he had heard his voice talking in code to the Akashvani Headquarters in Delhi recently. It was a relief in a way.

My father writes after the departure of the family:

Early next morning the phone rang again. The Director General of Akashvani was at the other end.

Gopal Das, All I wish to say is that my mind is fully focused on you.

Before I could respond the radio was announcing:

The Chinese are offering a cease-fire!

Even though sixty years have passed I still wake up in cold sweat with a dry mouth occasionally. The nightmare of that dreadful autumn of 1962 in Assam still remains a recurrent one.

*rajeshsharma1049@gmail.com*

#SPORTS

# EPTL GRAND FINALE

EPTL Season 2, a unique tennis league for engineers and architects in India, concluded with the Majestic Lions clinching the championship. Over 250 players from 21 states showcased their talent in spirited competition. The league, characterized by intense matches and camaraderie, celebrated the skill and determination of players, elevating the spirit of engineering excellence on the tennis court.




Naveen Mahajan paired with Tapan Sharma of Indore to win the Doubles open trophy in 50 plus category

**Naveen Mahajan**

The Engineering Premier Tennis League (EPTL) Season 2, one of its kind in India for Engineers and Architects, a resplendent celebration of engineering camaraderie through the art of tennis, drew its curtains amid a crescendo of applause at the esteemed Jai Club in Jaipur. The tournament, spanning from October 5th to October 8th, showcased a splendid array of talent as over 250 players from 21 different states participated in spirited competition over four intense days.

The journey of EPTL Season 2 commenced on September 3rd, 2023, with the League Player Auction at the opulent Hotel Hilton, Jaipur. Here, ten astute team owners battled for supremacy in acquiring players categorized under A+, A, B, C, and D. This fervent auction set the stage for the riveting battles that would unfold in the weeks ahead.

Players, each a beacon of skill and determination, were divided into two distinguished groups - Federer and Nadal, thus christened after the illustrious tennis icons. This division amplified the stakes and added a layer of rivalry that further electrified the matches. In the grand finale, it was the Majestic Lions, owned by the distinguished IAS Naveen Mahajan, who claimed the championship, displaying tenacity and skill that captured the imagination of the audience. The Baseline Smashers, steered by Mr. Rahul Sharma, Abhimanyu, and Vatsal, emerged as valiant runners-up. A special commendation is owed to IAS Naveen Mahajan, whose vision and support elevated the league to unprecedented heights.

The pinnacle of the tournament witnessed a scintillating face-off, where Mr. Tapan and Pradeep Sirohi from the Majestic Lions outmatched Abhimanyu and Rahul from Baseline Smashers in the first match. In the second, Ajay Saraswat and Sachin Garg were defeated by Lalit Sharma and Raman Lal from the Majestic Lions. The resounding 2-0 victory was a testament to the unyielding determination and astute captaincy of Mr. Naveen Mahajan. Beyond the team clashes, EPTL Season 2 also featured an array of singles matches across different age categories: 20-30, 30-40, 40-50, 50-60, 60-70, and 70+. The league also hosted exhilarating matches in the doubles and mixed doubles formats. The Open Doubles title was clinched by the formidable duo of Visakh and Samar. In the 100+ category, the indomitable partnership of Naveen Mahajan and Tapan Sharma emerged victorious. The 118+ category witnessed the brilliant teamwork of Bharat Singh and Lalit Sharma, while the Veterans category crowned Sudhir Malhotra and Raj Goyal as champions. The Mixed Doubles category was won by the dynamic pair of Lalit Sharma and Aashi Chhajed. Aashi Chhajed also triumphed in the Women's Singles, showcasing exceptional skill and finesse.

EPTL Season 2 marks not only a triumph of sportsmanship but also a pioneering milestone. It stands as the first and only tennis league in India conceived for engineers, and orchestrated by engineers, embodying the spirit of unity and excellence that defines the community.


Looking ahead, EPTL Season 3 promises to be an even grander affair. With 12 teams poised to compete, it is set to transcend the preceding editions in both scale and spectacle, promising a riveting showcase of talent. The entire event, from the Auction to the Closing Ceremony, was broadcasted live on YouTube, ensuring that enthusiasts across the globe could partake in this spectacular event. Updates and highlights were consistently shared on the official EPTL Instagram handles, allowing fans to stay abreast of every thrilling moment.

The event was sponsored by AU Bank, Dunlop, kingfisher, Red Fm 93.5, SGM outdoors, CKM group, Geostorm, Fortis hospital, and many more to make the event historical and promised their partnership in future too. Dignitaries who graced the Closing Ceremony included Chief Guest Mr. Gopal Saini, Guests of Honour Mr. Naveen Mahajan and Mr. J. D. Maheshwari, along with Mr. Suresh Agarwal, President of FORTI, who added to the grandeur of the event with their esteemed presence. Their patronage was instrumental in elevating EPTL Season 2 to unparalleled heights. The CEO Mr Virendra Singh and Vinay Godha promised that Season-3 will be more grand with 12 teams and of much higher competition.



Majestic Lions team captained by Naveen Mahajan with the EPTL trophy

## THE WALL





## BABY BLUES

By Rick Kirkman & Jerry Scott




## ZITS

By Jerry Scott & Jim Borgman



# जमीन और मकान बंटवारे को लेकर दो भाइयों में खूनी संघर्ष

## पति-पत्नी और साले सहित एक ही परिवार के पांच लोग घायल

■ घायलों को बाड़ी अस्पताल में भर्ती कराया गया

**धौलपुर** (निसं)। धौलपुर जिले के कंचनपुर थाना क्षेत्र के वेनपुरा खालसा गांव में दो भाइयों में जमीन और मकान बंटवारे को लेकर चल रहे झगडे में खूनी संघर्ष हो गया। घटना में पति-पत्नी और साले सहित पांच लोग घायल हुए हैं, जिन्हें बाड़ी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। वहीं कंचनपुर थाना प्रभारी योगेंद्र शर्मा द्वारा मामले की जांच की जा रही है।

जानकारी के अनुसार कंचनपुर थाना क्षेत्र के वेनपुरा खालसा गांव में मानसिंह के बड़े बेटे अमर सिंह का अपने पिता मानसिंह और अन्य भाइयों से खेत और परिवार के जमीन सहित अन्य बंटवारे को लेकर झगड़ा चल रहा है। इस झगड़े को लेकर पूर्व में 12 जुलाई को भी पीड़ित अमर सिंह और उसकी पत्नी पर हमला हुआ था। जिसका मामला कंचनपुर थाने में दर्ज कराया गया, लेकिन पुलिस ने कोई सुनवाई नहीं की। पीड़ित ने बताया कि गुरुवार को जब उसकी पत्नी रमन्ता अपने पशुओं के गोबर को डालने घूरे पर गई तो आरोपियों ने उससे गोबर डालने को लेकर झगड़ा कर दिया। जिस पर देखते ही देखते मामला बढ़ गया और उसके भाई सहित उसके ताऊ के लड़कों ने लाठी डंडों और फरसों से हमला कर दिया।


घायलों को अस्पताल में उपचार के लिए भर्ती कराया।

हमले में अमर सिंह के साथ उसकी पत्नी रमन्ता मौके पर मौजूद उसके दो साले बाबू और रामवीर निवासी रूपवास के साथ बचाने आया उसका बेटा सौरभ घायल हुआ है। सभी घायलों को अन्य परिजनों और ग्रामीणों द्वारा बाड़ी अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

जहां से प्राथमिक उपचार के बाद दो घायलों को जिला अस्पताल धौलपुर रेफर किया है। घटना को लेकर कंचनपुर थाना प्रभारी योगेंद्र शर्मा ने बताया कि गांव वेनपुरा खालसा में झगड़े की सूचना मिली है। पुलिस ने मौके पर जाकर मामले की जांच की है। पूरे मामले को लेकर बे खुद जांच कर रहे हैं। अभी घायलों को अस्पताल में उपचार के लिए भर्ती किया गया है। पूरा मामला एक ही परिवार के लोगो में जमीन बंटवारे से जुड़ा है, जिसकी जांच जारी है।

# रुपयों के लेनदेन को लेकर युवक का गला काटा, हालत गंभीर

## पुलिस ने साथी आरोपी को पकड़ लिया

■ भूरीभड़ाज ग्राम स्थित एमडीआर रोड की घटना, पीड़ित और आरोपी दोनों बनेठी गांव के निवासी

**पावटा,** (निसं)। पनियाला थाना क्षेत्र के गांव बनेठी में रहने वाले एक युवक को गंभीर हालत में जयपुर अस्पताल ले जाया गया है। अस्पताल में भर्ती किए जाने के बाद प्रागपुरा थाना पुलिस ने बताया कि युवक का पैसे के लेनदेन को लेकर युवक के साथी ने ही गला काटा है।

प्रागपुरा थाना पुलिस ने मामले की जांच करते हुए साथी आरोपी को पकड़ लिया है। पुलिस के अनुसार भूरी भड़ाज ग्राम स्थित एमडीआर रोड के पास एक दर्दनाक घटना सामने आई है। जिसमें एक युवक ने अपने साथी को वाहन में बिठाकर घुमाने के झांसे में लेकर वाहन में ही धारदार हथियार से उसका गला रेत दिया। बुरी तरह से जख्मी युवक अब जयपुर के एसएमएस अस्पताल में जीवन-मौत के बीच संघर्ष कर रहा है। सूचना मिलते ही प्रागपुरा थाना पुलिस ने तत्परता दिखाई और देर रात्रि को आरोपी को धर दबोचा।

जानकारी देते हुए अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कोटपुतली दिनेश कुमार यादव ने बताया कि पनियाला थाना क्षेत्र के बनेठी ग्राम निवासी आरोपी महेश गुप्ता पुत्र राजेन्द्र, उसी गांव के युवक राकेश पुत्र सुबेसिंह कुमावत (21) को एक गाड़ी में बैठाकर घुमाने के लिए ले गया। आरोपी महेश गुप्ता अपने साथी राकेश कुमावत को विभिन्न रास्तों से घुमाते हुए बुधवार रात्रि को द्वारिकपुरा गांव होते हुए प्रागपुरा थाना क्षेत्र के भूरीभडाज स्थित एमडीआर रोड के पास पहुंचा।


घायल युवक राकेश

इस दौरान दोनों के बीच किसी बात को लेकर मामूली कहासुनी हुई और महेश ने आव देखा न ताव, अपने साथ लाए उस्तरे (धारदार हथियार) से उसका गला रेत डाला। पुलिस सूत्रों की मानें तो आरोपी ने राकेश के गले पर गहरा घाव कर दिया था। मौके पर भारी मात्रा में खून बह चुका था। आरोपी उसे मरा हुआ समझकर भाग छूटा। इधर किसी ने सड़क पर जख्मी युवक को तड़पता देख उसकी सूचना प्रागपुरा पुलिस को दी।

एएसपी दिनेश कुमार यादव ने बताया कि सूचना मिलते ही कोटपूतली-बहरोड़ जिला पुलिस अधीक्षक रंजीता शर्मा ने त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए। जख्मी युवक को अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर हालत में जयपुर रैफर कर दिया। इसी दौरान घायल युवक ने पुलिस को पर्चा बयान देकर आरोपी का नाम बता दिया। आरोपी का नाम-पता मालूम पड़ते ही एसपी रंजीता शर्मा के निर्देश पर पुलिस की एक टीम सिविल ड्रेस में बनेठी गांव पहुंची और देर रात्रि को पुलिस ने आरोपी महेश अग्रवाल पुत्र राजेन्द्र को दबोच लिया।

## थार गाड़ी से छह लाख रूपये जब्त

**सादुलपुर,** (निसं)। राजगढ थाना पुलिस ने विधानसभा चुनाव की आदर्श आचार संहिता के चलते नाकांबदी के दौरान एक थार गाड़ी से छह लाख रूपये की नगदी जब्त की है। थानाधिकारी सुभाष चन्द्र ने बताया कि द्वारा नेशनल हाईवे हिसार से चूरू पर राजस्थान हरियाणा बार्डर पर नाकाबंदी कर चेकिंग अभियान चलाया गया। जिसमें नाकाबंदी के दोरान हरियाणा की तरफ से एक थार गाड़ी आई, जिसमें केवल एक चालक ही सवार था। उक्त गाड़ी की तलाशी लेने पर एक थार गाड़ी में कुल ०6 लाख रूपये की राशि मिली। जिसके बारे में पुछताछ करने पर थार गाड़ी चालक ने संतोष जनक जवाब नहीं दिया गया। जिस पर उक्त राशि को राजगढ थाना पुलिस ने संदिग्ध मानते हुए जाँच हेतु जब्त किया गया। जब्त की गई राशि हरियाणा में कहा से लायी जा रही थी व राजस्थान में किसी काम में उपयोग में ली जानी थी के संबन्ध में जांच जारी है।

# किसान से 4.89 लाख रुपए जब्त किए

■ कृषि मंडी में मोठ बेचकर गांव जा रहा था

**राववाला,** (निसं) विधानसभा चुनाव की आचार संहिता की आड़ में किसानों को परेशान करने का मामला सामने आया है। बीकानेर कृषि उपज मंडी में मोठ बेचकर रणजीतपुरा जा रहे किसान गणेशाराम के पास से चार लाख 90 हजार रुपए पुलिस ने जब्त कर लिए। उसने मंडी की रसीदी भी दिखाते हुए कहा कि रकम तीन किसानों की है, जिसमें से एक की पत्नी बीमार है। पुलिस ने एक नहीं मानी और रुपए जब्त हाथ से लिखी एक पर्ची थमाते हुए कहा कि इसे कोर्ट में पेश करके रकम छुड़ा लेना। हैरानी की बात ये है कि उस पर्ची पर एसएचओ के साइन और मुहर तक नहीं है।

रणजीतपुरा के चक 2पीएसएसएम निवासी गणेशाराम बीकानेर अनाज मंडी में मोठ बेचकर वापस गांव लौट रहे थे। बज्जू में नाकाबंदी पर पुलिस ने रोक लिया। गाड़ी की तलाशी में चार लाख 90 हजार रुपए मिले। गणेशाराम ने बताया कि यह रकम उसकी, जगदीश धायल और धनपतराय की है। जगदीश की पत्नी बीमार है। हॉस्पिटल में भर्ती है। मगर पुलिस ने एक नहीं सुनी। किसान खुद को लुटा हुआ महसूस कर रहे हैं। गौडू के जगदीश धायल की पत्नी के बुधवार को डिलीवरी हुई है। उन्होंने बताया कि मंगलवार को रणजीतपुरा में भर्ती करवाया फिर बज्जू ले गए। तबीयत ज्यादा खराब होने पर बीकानेर पीबीएम में भर्ती कराना पड़ा। इलाज में पैसे की जरूरत है। थानाधिकारी के आगे गिड़गिड़ाए, लेकिन धमका कर भगा दिया। रामकेस मीणा, बज्जू थानाधिकारी ने बताया कि पुलिस और जिला फ्लाइंग टीम ने दोपहर को गणेशाराम की गाड़ी को रोका। उसके पास 4 लाख 90 हजार रुपए थे। हमने इतने रुपए कहां से लाने का कारण पूछा और कागजात मांगे। गणेशाराम ने ये तो बताया कि मोठ बेचकर पैसे लाया है लेकिन मोठ बेचने की रसीद नहीं दिखाई।

## शव मिलने से सनसनी फैली

**गंगापुर सिटी,** (निसं)। शहर के रीको इंडस्ट्रीज एरिया में बुधवार को शव मिलने से सनसनी फैल गई। सूचना पर उदेई मोड थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर जिला अस्पताल लेकर आई जहां शव को शिनाख्त के लिए मॉर्च्युरी में रखवाया गया है। जानकारी के अनुसार रीको इंडस्ट्री एरिया में आरएस एंटरप्राइजेज के मालिक राम सहाय ने बताया कि मृतक का नाम श्याम शर्मा (50) है जो करीब एक माह से बीमार चल रहा था। श्याम हर रोज सुबह चाय पीने के लिए मिल से बाहर आता था। लेकिन बुधवार को वह बाहर नहीं आया। इस पर चाय की दुकान वालों ने अंदर जाकर देखा तो वह मृत मिला। इसके बाद चाय वाले ने मुझे सूचना दी। मैंने मौके पर पहुंच कर पुलिस को बुलाया। राम सहाय ने बताया कि मृतक लंबे समय से गंगापुर सिटी में ही मजदूर एवं चौकीदारी का काम कर रहा था। फिलहाल उदेई मोड थाना पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर गंगापुर सिटी गवर्नमेंट हॉस्पिटल की मॉर्च्युरी में रखवा कर परिजनो को सूचित कर दिया है।

# अवैध शराब सहित एक आरोपी गिरफ्तार

**सांचौर,** (निसं)। सांचोर पुलिस ने एक रात में दो बड़ी कार्रवाई करते हुए 244 कार्टून शराब बरामद कर दो वाहन जब्त किये। साथ ही एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। सांचौर एसपी सागर राणा ने बताया कि चुनाव को लेकर बढती जा रही सतर्कता के दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि शराब परिवहन करके गुजरात ले है जा रही है। इसके बाद हडेतर ठेके के पास पुलिस के जाप्ते को देखकर ब्रेजा गाड़ी रोकर चालक फरार हो गया।

पुलिस ने गाड़ी की तलाशी ली तो राजस्थान निर्मित 25 कार्टून शराब भरी हुई थी। इसके बाद शराब और वहां को जगत किया गया। इसी तरह दूसरी कार्रवाई गोलासन सरहद मे पिकअप गाड़ी जब्त करके की गई। उन्होंने बताया कि गशत के दौरान पुलिस को एक पिकअप गाड़ी गुजरात तरफ जाती हुई नजर आई। जिसके बाद राजस्थान निर्मित 219 कार्टून शराब भरी हुई थी। वाहन चालक भगवान राम पुत्र सोनाराम निवासी अरणा को गिरफ्तार किया। पुलिस पूछताछ में आरोपी ने बताया कि यह शराब भीनमाल के आबकारी गोदाम से भरी थी और चितलवाना की सरकारी दुकान पर ले जानी थी। लेकिन गाड़ी को चालक दुकान मालिक के कहने पर गुजरात ले है जा रही थी इसके बाद पुलिस ने शराब जगत करके आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।


सांचोर पुलिस ने अवैध शराब सहित एक आरोपी को गिरफ्तार किया।

# बदला लेने के लिए मकान में आग लगाई

**देवली,** (निसं)। गुरुवार को निकटवर्ती हनुमान नगर थाना क्षेत्र में एक युवक ने अपने रिश्तेदार से बदला लेने के लिए उसके मकान सहित बाड़े में आग लगा दी जिससे मकान में दरारें आ गई और बाड़े में रखा चारा जलकर खाक हो गया। इस घटना से आस-पास के लोगों में अफरा-तफरी मच गई। तो वहीं घटना स्थल पर लोगों भीड़ जमा हो गई। इस दौरान मकान मालिक भूतपूर्व सैनिक शिवजी राम मीणा ने सबसे पहले हनुमान नगर पुलिस थाने में सूचना दी। लेकिन पुलिस समय पर नहीं पहुंची। इस पर मकान मालिक ने देवली नगर पालिका को सूचना दा सूचना के बाद पालिका के फायर ब्रिगेड ने मौके पर पहुंचकर आग को बुझाया।

मकान मालिक शिवजी राम ने घटना के संबंध में बताया कि उनके भतीजे व उनकी पत्नी में सुबह आपसी झगड़ा हो रहा था। इस दौरान भतीजे को उन्होंने ऊलाहना दिया, जिससे नाराज होकर भतीजे ने हनुमान नगर पानी की टंकी स्थित उनके मकान में आग लगा दी। जिससे मकान की चद्दरों की छत जल गई और मकान की दीवारों में दरारें पड़ गई। वहीं बाड़े में रखा हजारों रुपए का चारा जलकर राख हो गया। बाड़े तीन गाय और बछड़े बंधे हुए थे। जिन्हें बड़ी मशक्कत के बाद बचा लिया गया।


मकान में दरारें आई और बाड़े में रखा चारा जलकर राख हो गया

## मादक पदार्थ के साथ दो गिरफ्तार

**गंगापुर सिटी,** (निसं)। जिला पुलिस अधीक्षक राजेश यादव के निर्देशन में एवं एएसपी प्रकाश चंद के सुपरविजन में अवैध मादक पदार्थ के विरूद्ध कार्यवाही करते हुए कोतवाली थानाधिकारी शिवलहरी मीना ने मय पुलिस टीम कैलाश चंद डीएसटी प्रभारीमय टीम द्वारा मुखवीर की सूचना पर दूध की डेयरी के पास नाकेबंदी के दौरान दो संदिग्ध व्यक्तियों को अवैध स्मैक का परिवहन करते हुए पाये जाने पर योगेश कुमार पुत्र कैलाश चंद मीना निवासी जाखोदा थाना सपोटरा व दिलकेश मीना पुत्र रामसहाय निवासी बडकी थाना कैलादेवी के कब्जे से 16.4०ग्राम स्मैक के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर गहनता से पुछताछ कर रही है।

# रास्ता खुलवाने गई नायब तहसीलदार टीम पर पथराव

**जोधपुर,** (कासं)। डांगियावास के पीथावास गांव में एक खसरें पर रास्ता खुलवाने गई नायब तहसीलदार टीम पर पथराव करने के साथ मारपीट करने का मामला सामने आया है। इस बारे में डांगियावास थाने में राजकार्य में बाधा उत्पन्न करने और आत्महत्या प्रयास का प्रकरण दर्ज करवाया गया है। पुलिस ने तफ्तीश शुरू की है। घटना बुधवार को होना बताया गया है।

नागौर के कोतवाली थानान्तर्गत संजय कॉलोनी हाल नायब तहसीलदार उप तहसील डांगियावास के बस्तीराम की तरफ से मामला दर्ज करवाया गया है। इसमें बताया कि पीथावास गांव में खसरा नंबर 270 पर हड़मानराम पुत्र छोगाराम विश्नोई, श्यामलाल पुत्र छोगाराम, भंवरलाल पुत्र छोगाराम, परसाराम पुत्र हनुमानराम विश्नोई, कालूराम पुत्र प्रहलादराम आदि के परिवार के लोग रहते है। इस खसरें पर आम रास्ते को रोककर रहवास चल रहा है। इस रास्ते को खुलवाने के लिए आदेश हो रखे है।

बुधवार को नायब तहसीलदार राजस्व टीम के साथ यहां रास्ता खुलवाने के लिए पहुंचे थे। तब उक्त लोगों के साथ ही परिवार की महिलाओं एवं परिजन ने विरोध जताते हुए टीम पर पत्थरवाजी की। साथ ही श्यामलाल और परसाराम हाथ में पेट्रोल की बोतल लेकर आए और खुद को आग लगाने का प्रयास भी करने लगे। इन्हें जैसे तैसे रोककर बचाया गया। अन्यथा ये लोग आत्महत्या कर लेते। रिपोर्ट में बताया कि इन लोगों द्वारा टीम के साथ अभद्र व्यवहार किया साथ ही मारपीट पर उतारू हो गए।

## ट्रेन की चपेट में आने से युवक की मौत

**नदबई,** (निसं)। आगरा-बांदीकुई रेलमार्ग पर रायसीस फाटक के समीप ट्रेन की चपेट में आने से एक युवक की मौके पर मौत हो गई। रेलकर्मी की सूचना पर पुलिस ने मौके पर जांच पडताल कर शव को कब्जे में लिया।

बाद में शव की शिनाक्त नही होने पर पुलिस ने शव को सीएचसी के मुर्दाघर में रखवा दिया। पुलिस सूत्रों की माने तो युवक की उम्र करीब 30 साल है। ट्रेन की चपेट में आने से युवक की मौत हो गई। पुलिस ने मौके पर जांच की। समीपवर्ती ग्रामीण क्षेत्र में लोगों से सम्पर्क किया। लेकिन, शव की शिनाक्त नही हो सकी। बाद में पुलिस ने सीएचसी के मुर्दाघर में शव को रखवा दिया।

# बजरी से भरे दो ट्रैक्टर-ट्रॉली व एक डम्पर जब्त

## आरोपी चालक को गिरफ्तार किया

**निवाई,** (निसं)। पुलिस थाना सदर के अन्तर्गत अवैध रूप से बजरी परिवहन करते हुए आरोपी चालक को गिरफ्तार कर दो ट्रैक्टर-ट्रॉली जप्त की गई है। थानाधिकारी जगदीशप्रसाद ने बताया कि पुलिस अधीक्षक राजर्षि राज के आदेशों पर अवैध बजरी खनन एवं परिवहन पर कार्यवाही अमल में लाई गई है।

उन्होंने बताया कि बुधवार गांव हनोतियां में एक ट्रैक्टर मय अवैध बजरी से भरी हुई ट्रॉली जप्त कर चालक अभिषेक रैगर निवासी तामडिया थाना चाकसू जिला जयपुर को गिरफ्तार किया गया है। इसी प्रकार दूसरी टीम ने सहायक उप निरीक्षक बिरधीचन्द के नेतृत्व में गुन्सी चौकी के सामने से भी एक ट्रैक्टर-ट्रोली मय बजरी जप्त की है। दोनों ट्रैक्टर-ट्रोलियों का सुरक्षा के लिए थाना परिसर में खड़ा कर दिया है। इसी प्रकार बरोनी थाना पुलिस ने गांव चिरोंज के समीप से बजरी से भरे हुए एक डम्पर को जब्त किया है।



बरोनी थाना पुलिस ने अवैध बजरी से भरे हुए डम्पर को जब्त किया।

## अवैध खनन करते दो डंपर जब्त

**गुढ़ागौडजी,** (निसं)। वन विभाग की टीम ने करोड़ों रुपए के अवैध खनन व्यापार को ध्वस्त कर दो चालकों को डिटेन कर दो अवैध खनन कर रहे डंपरों को जब्त किया है। वन विभाग के सीनियर रेंजर विजय कुमार फगेडिया ने बताया कि आदर्श आचार संहिता के बाद से विभाग में अवैध खनन के खिलाफ बार-बार शिकायत पहुंच रही थी। जिस पर उच्च अधिकारियों के निर्देशानुसार बीती रात कांकरिया वनखंड के गुढ़र पौंख इलाके से करोड़ों रुपए के अवैध खनन व्यापार को ध्वस्त कर अवैध खनन कर रहे दो चालक रामदेव पुत्र सरदाराम गुर्जर तथा बंशीधर पुत्र मालाराम गुर्जर निवासी गुढा ढहर को डिटेन कर अवैध खनन कर रहे तो डंपरों को जब्त किया गया। रेंजर ने बताया कि डीएफओ बीएल नेहरा के निर्देश पर अलग-अलग टीम का गठन कर छापेमार कार्रवाई की गई। इस दौरान मौके से अंधेरा का फायदा उठाकर दो जेसीबी को अवैध खनन माफिया वन क्षेत्र से ले गए। विजय कुमार ने बताया कि अवैध खनन माफिया दाताराम उर्फ छोटू गुर्जर के लोग भारी मात्रा में वन क्षेत्र में अवैध खनन कर रहे थे। उच्च अधिकारियों ने छोटू गुर्जर को पकड़ने के लिए विशेष जाल बिछा रखा है। वह जल्द ही विभाग की पकड़ में होगा।

# उदयपुर शहर सीट के लिए दोनों ही पार्टियां तलाश रही जिताऊ उम्मीदवार

- भाजपा के लिए प्रतिष्ठा बनी है सीट, कांग्रेस अपने कब्जे में लेने के प्रयास में
- जैन और ब्राह्मण जाति से होंगे दोनों के उम्मीदवार
- दोनों ही पार्टियों को स्थानीय उम्मीदवारों पर भरोसा कम

**उदयपुर,** (कासं)। प्रदेश में विधानसभा चुनाव को लेकर गहमा-गहमी जारी है। इसी क्रम में उदयपुर शहर विधानसभा सीट को लेकर भी भाजपा-कांग्रेस में आतंरिक कसरत चल रही है। लम्बे समय तक भाजपा के पास रही यह सीट पार्टी के लिए प्रतिष्ठा बनी हुई है, वहीं कांग्रेस इस बार इस सीट को लपकने के प्रयास में है। लेकिन दोनों ही पार्टियों के पास लम्बी फहरिस्त होने के उपरांत भी स्थानीय उम्मीदवारों की जीत को लेकर शंका बनी हुई है और दोनों ही पार्टिया बाहरी उम्मीदवारों की स्क्रीनिंग में जुटी हुई है।

उदयपुर सीट के राजनीतिक इतिहास की बात करें तो यह सीट कई दिग्गज नेताओं के लिए मशहूर रही है। अब तक हुए 15 चुनावें में कांग्रेस यहां से केवल 5 बार विजयी हुई है। जातिगत देखे तो अब तक इस सीट पर ब्राह्मण-जैन प्रत्याशी का एकाधिकार रहा है। अब तक यहां 8 बार ब्राह्मण विधायक रहे हैं, 6 बार जैन और एक बार ओबीसी प्रत्याशी को विधायक बनने का मौका मिला है। उदयपुर सीट पर 2018 में मतदाता की कुल संख्या 241588 थी जो इस बार 7 हजार 683 नये मतदाता जुड़ने से बढ़ कर 2 लाख 49 हजार 271 हो गई है। इस विधान सभा क्षेत्र में करीब 40-45 हजार जैन मतदाता, करीब 40 से 45 हजार ब्राह्मण और करीब 30 हजार मुस्लिम मतदाता है। उदयपुर शहर विधानसभा संघ की मजबूत सीट मानी जाती रही है, जीत के फैक्टर में यहां जैन-ब्राह्मण की सर्वाधिक मतदाताओं का होना है। सबसे ज्यादा मतदाता जैन समाज के हैं, इसके बाद दूसरे नंबर पर ब्राह्मण समाज के वोटर्स किसी प्रत्याशी की जीत में अहम माने जाते हैं, इसके अलावा ओबीसी वोटर्स भी अच्छी निर्णायक संख्या में हैं, कटारिया की जीत के पीछे जैन.ब्राह्मण के साथ मुस्लिम वोट बैंक का साथ होना भी माना जाता रहा है।

लेकिन कटारिया को असम का राज्यपाल बनाने के बाद यहाँ उनके योग्य उम्मीदवार भाजपा अभी तक नही तलाश पाई है। भाजपा की फेहरिस्त में रविन्द्र श्रीमाली,पारस सिंघवी,प्रमोद सामर, मनोहर चौधरी,प्रेम सिंह शक्तावत, जिनेन्द्र शास्त्री, के.के. गुप्ता तथा महिला प्रत्याशी पूर्व महापौर रजनी डांगी, अलका मूंदड़ा शामिल है लेकिन जो कयास लगाया जा रहा है उसके अनुसार प्रदेश अध्यक्ष सी.पी. जोशी को यहाँ कटारिया का विकल्प बनाया जा सकता है। जोशी क्योकि मुख्मंत्री की दौड़ में भी शामिल है,भाजपा के इस सुरक्षित सीट से उम्मीदवार हो सकते है।

इधर कांग्रेस में दिनेश खोडनिया, राष्ट्रीय प्रवक्ता गौरव वल्लभ, पूर्व मंत्री गिरिजा व्यास, राज्यमंत्री जगदीश श्रीमाली, पीसीसी सचिव लालसिंह झाला, प्रदेश प्रवक्ता पंकज शर्मा, हितांशी शर्मा, राजीव सुहालका सहित 29 उम्मीदवारों की लम्बी फेहरिस्त है। लम्बी लिस्ट के उपरांत भी कांग्रेस यहां से बाहरी उम्मीदवार दिनेश खोडनिया या गौरव वल्लभ को उतार कर सीट छीनने का प्रयास कर सकती हैलेकिन इस सीट से दोनों ही पार्टिया जैन या ब्राह्मण उम्मीदवार को ही प्राथमिकता देने की जुगत में है। यदि कांठोस यहाँ से जैन उम्मीदवार के रूप में दिनेश खोडनिया को चुनाव मैदान में उतारती है तो इस बार जैन मतों का यहाँ पर विभाजन भी तय है।

## संक्षिप्त

### फ्लैग मार्च निकाला

**दूदू, ( निसं )।** विधानसभा चुनावों में भय मुक्त होकर मतदान करने एवं आचार संहिता की पालना के लिए पुलिस अधीक्षक दूदू नरेन्द्र सिंह मीणा के निर्देशानुसार गुरूवार को विभिन्न गांवों में सीआईएसएफ बटालियन के साथ फ्लैग मार्च किया गया। इस दौरान उपपुलिस अधीक्षक रूप सिंह एवं थानानिरीक्षक इमरान मौहम्मद सहित बटालियन के जवान मौजूद रहे। फ्लैग मार्च बेनीखेडा रहलाणा, गागरडू गांव में किया गया।

### मतदाता जागरूकता रैली निकाली

**दूदू, ( निसं )।** जिला मुख्यालय दूदू के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा निर्वाचन अधिकारी दूदू विधानसभा के निर्देशानुसार मतदाताओं को मतदान के लिए जागरूकता रैली निकाली गई। रैली को मुख्य कार्यकारी अधिकारी जिला परिषद विजय सिंह जिला शिक्षा अधिकारी सुनील कुमार सिंधल ने झण्डी दिखाकर रवाना की। रैली मुख्यमार्गों से होते हुए वापसी विद्यालय प्रांगण में पहुंची।

### हथियार सहित दो जने गिरफ्तार

**मालपुरा, ( निसं )।** मालपुरा थाना पुलिस ने दौराने गश्त के क्षेत्र के मझोला की ढाणी कच्चे रास्ते पर अवैध रूप से एक नाली टोपीदार बंदूक लेकर घूमते सूरजमल पुत्र काना मोग्या को गिरफ्तार कर बंदूक जप्त की गई। रात्री में अंधेरे का फायदा उठा आरोपी पुलिस जीप को देख बंदूक छोड़ भाग छूटा। वहीं अजमेर रोड जीडी पैलेस होटल के पास राजू उर्फ बाबूलाल गुर्जर निवासी हरनोदा थाना डिग्गी को गिरफ्तार कर आरोपी के कब्जे से धारदार हथियार होना छुरा जप्त किया गया।

### सफाई व्यवस्था के लिए अनुरोध

**सांभरझील, ( निसं )।** सांभर में व्याप्त गंदगी और कचरे से निजात दिलाने के लिये गुरुवार को नेता प्रतिपक्ष अनिल कुमार गट्टानी के नेतृत्व में कुछ पार्षदों ने अधिशाषी अधिकारी कंचन राठौड़ से मिलकर उन्हें इस आशय का ज्ञापन सौंपा। इस मौके पर धर्मेंद्र जोपट, बाबुल, विजय व आशीष की मौजूदगी रही।

# 'रंगीलो म्हारो श्याम' महोत्सव का कलश यात्रा के साथ शुभारम्भ

**चाकसू, ( निसं )।** कस्बे में गुरुवार को श्री श्याम निशांन संघ परिवार चाकसू की ओर से 11वां वार्षिकत्सव और विशाल भजन संध्या 'रंगीलो म्हारो श्याम महोत्सव' का संत समागम एवं कलश यात्रा के साथ हुआ आगाज हुआ। शुक्रवार शाम को कस्बे के राजकीय महाविद्यालय में विशाल भजन संध्या का आयोजन होगा जो देर रात तक चलेगा।

शोभायात्रा विधिवत पूजा अर्चना के साथ अग्रवाल धर्मशाला, गोलीराव तालाब से रवाना होकर मुख्य बाजार, मामोडिया मोहल्ला, नगर पालिका

- **आज विशाल भजन संध्या का आयोजन होगा जो देर रात तक चलेगा**



चाकसू में महिलाओं ने श्याम बाबा की शोभायात्रा निकाली।

चाकसू होते हुए कार्यक्रम स्थल पहुंची। भजन संध्या से पूर्व आयोजित विशाल कलशयात्रा, श्याम बाबा की भव्य झांकी एवं संतों की शोभा यात्रा का जगह-जगह स्वागत दार एवं पुष्प वर्षा के साथ स्वागत किया गया।

रथ पर सवार संत बजरंगाचार्य महाराज तामडिया धाम, बालकानंद महाराज हरभावता धाम, बालमुकुंदाचार्य महाराज हाथोज धाम, खाटूश्याम जी मंदिर कमेटी के मंत्री श्याम सिंह चौहान के आगे सुसज्जित रथ पर श्याम बाबा की आकर्षक झांकी, बैंड-बाजा के भक्ति से ओत-प्रोत संगीत के साथ सैंकड़ों की संख्या में पीले की साड़ी पहने कलश धारण किए की हुई महिला श्रद्धालु माहौल को भक्ति में बना रहे थे। वहीं श्याम भक्त श्याम बाबा के जयकारों के साथ नाचते-गाते चल रहे थे। कार्यक्रम स्थल पर श्याम निशाना संघ परिवार के लोगों ने संतों का यथोचित सम्मान कर आशीर्वाद लिया।

मंडल सदस्य अमित बाहेती एडवोकेट ने बताया कि शुक्रवार को राजकीय महाविद्यालय में सायं 7:15 बजे से भजन संध्या का आयोजन होगा जिसमें भव्य दरबार, आकर्षक श्रृंगार, इत्र एवं पुष्प वर्षा, अखंड ज्योत, छप्पन भोग मुख्य आकर्षण रहेंगे। कार्यक्रम में सुप्रसिद्ध गायक कलाकार कोलकाता से संजय मित्तल, अबोहर से मयंक अग्रवाल, दिल्ली से प्रिया प्राची ठाकुर व स्थानीय कलाकारों द्वारा भजन प्रस्तुत किए जाएंगे।

## शिव महापुराण व श्याम कीर्तन जारी

**कोटपूतली, ( निसं )।** श्री श्याम शक्ति मण्डल कोटपूतली ट्रस्ट का 37 वां श्री शिव महापुराण कथा एवं श्री श्याम कीर्तन महोत्सव का आयोजन जारी है।

गुरूवार को श्री शिव महापुराण कथा के तृतीय दिवस कथाव्यास महंत राधेश्याम व्यास द्वारा शिवलिंग का रहस्य एवं उसकी पूजा और पूजा से मिलने वाले फल का महत्व बताया। उन्होंने कहा कि, बिनु सत्संग विवेक ना होई, राम कृपा बिन सुलभ ना सोई। शंकर भगवान ने पार्वती जी को बताया कि बिना सत्संग के इंसान में विवेक नहीं आ सकता वैसे ही राम की कृपा के बिना कुछ भी नहीं मिल सकता। उन्होंने रावण के चरित्र का वर्णन किया। व्यास जी ने कहा कि भगवान शंकर की पूजा रावण के जैसे कोई नहीं कर सकता, इसलिए रावण को भगवान शंकर ने साक्षात दर्शन देकर वरदान दिया था।

इस दौरान ट्रस्ट के अध्यक्ष श्याम लाल बंसल, उपाध्यक्ष ख्यालीराम सैनी, कोषाध्यक्ष जगदीश सैनी, महामंत्री मनोज दीवान, जगन दीवान, रमेश जिंदल, रमेश फूलवाला, सियाराम शर्मा, जितेन्द्र जोशी, भीम सैनी, राजू सैनी, सुभाष नारनोली, छाजूराम सैनी, महेश बंसल, बाबूलाल सैनी, हीरालाल सैनी, प्रदीप अग्रवाल, मनोज सोनी, सुनील कुमावत, महेंद्र सैनी, श्रीराम सैनी, बिहारी लाल मित्तल, दिनेश मित्तल समेत बड़ी संख्या में श्रद्धालू मौजूद रहे।

## सार-समाचार

### स्वयं सेवकों ने पथ संचलन निकाला



**मालपुरा, ( निसं )।** समाज सेवा के क्षेत्र में अग्रणी संगठन राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के स्वयं सेवकों गुरूवार को उपखण्ड क्षेत्र के पचेवर कस्बे में विशाल पथ संचलन निकाला। आदर्श विद्या मंदिर से शुरू हुआ संचलन संघ घोष की धुनों पर शहर के मुख्य मार्गों से होकर गुजरा। संघ घोष की धुनों पर पूर्ण गणवेश पहने स्वयं सेवक हाथों में भुज दण्ड लिये मुख्य मार्गों से गुजरे तो ग्रामीणों ने पुष्पवर्षा से स्वागत किया। शस्त्र वाहिनी, घोष वाहिनी, ध्वज वाहिनी व बाल वाहिनी सहित सात वाहिनियों के मध्य चल रहे भगवा ध्वज को देख हर किसी के पांव थम गये। संघ प्रार्थना के साथ संचलन का समापन हुआ। मालपुरा खण्ड में गांव व कस्बों में निकाले जा रहे पथ संचलन में युवा वर्ग बढ-चढकर भाग ले रहा है तथा संघ शाखाओं के प्रति युवाओं का रूझान बढ रहा है।

### रंगोली बना मतदान की शपथ दिलाई



**दूदू, ( निसं )।** निकटवर्ती मौजमाबाद उपखण्ड मुख्यालय पर महिला बाल विकास विभाग द्वारा आंगनबाड़ी केन्द्रों पर मतदाता जागरूकता कार्यकम का आयोजन कर रंगोली बनायी जाकर महिलाओं को मतदान की शपथ दिलायी गई। इस अवसर पर सी डी पी ओ मनोरमा शर्मा एवं आंगन बाडी कार्यकर्ता व सहयोगिनी, सहायिका मौजूद रही।

### मतदान के लिए जागरूक किया

**टोंक, ( निसं )।** देवली उपखंड के दूनी तहसील मुख्यालय स्थित राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में जिला निर्वाचन अधिकारी टोंक के निर्देशानुसार 'मैं हू पंच्छी गूज, अपने वोट का करो यूज' के स्लोगन के साथ जिला शुभंकर पोस्टर के माध्यम से छात्र-छात्राओं को जागरूक किया। इस अवसर पर पंचायत प्रारंभिक शिक्षा अधिकारी भंवरलाल कुम्हार ने छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि, परिवार में कोई भी सदस्य जिसका मतदाता सूची में नाम है, वह मतदान से वंचित न रहे। मतदान, मतदाता का अधिकार है, और मतदान अवश्य करें। कार्यक्रम में शिक्षक सुरेन्द्र सिंह नरूका ने विद्यालय स्टाफ एवं छात्र-छात्राओं को स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण मतदान में सहयोग करने की शपथ दिलाई। इसके पश्चात मतदाता स्वीप कार्यक्रम के तहत विद्यार्थियों से संकल्प पत्र भरवा कर अभिभावकों से मतदान अवश्य करने हेतु घर-घर आग्रह पत्र भिजवाया गया।

### श्रीराम की वनवास लीला का मंचन

**मालपुरा, ( निसं )।** दशहरा महोत्सव समिति एवं रामलीला आयोजन समिति व नगरपालिका मंडल के संयुक्त तत्वावधान में शारदीय नवरात्राओं में केदारनाथ मंदिर उत्सव प्रांगण में आयोजित रामलीला मंचन में भवानी नाट्यकलां मंडल के कलाकारों द्वारा रामलीला का मंचन किया गया। गुरूवार की रात्री को आयोजित लीला मंचन में महारानी केकई द्वारा राजा दशरथ को उनके द्वारा दिये गये वचन को पूरा करने का स्मरण करवाते हुए मर्यादा पुरूषोतम राम को चौदह वर्ष का वनवास मांगने पर राजा दशरथ ने अपना वचन निभाते हुए राम को चौदह वर्ष का वनवास भेजने की स्वीकृति दी। समिति के महामंत्री सुरेश विजय व कृष्णगोपाल गुर्जर ने बताया कि लीला मंचन के पांचवें दिन राम वनवास सहित केवट राम संवाद एवं राजा दशरथ मरण के मार्मिक प्रसंगो पर लीला का मंचन किया गया।

### देशी शराब के 47 पव्वे जप्त

**सांभरझील, ( निसं )।** शांतनू कुमार सिंह पुलिस अधीक्षक जिला जयपुर ग्रामीण ने बताया कि चुनावों को देखते हुए अवैध देशी शराब बेचने वालों के खिलाफ कार्रवाई करने के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मुख्यालय जिला जयपुर ग्रामीण हरिप्रसाद सोमानी के सुपरविजन व वृताधिकारी सांभर लक्ष्मी सुथार के निर्देशन में थानाधिकारी राजेन्द्र कुमार के नेतृत्व में 18 अक्टूबर को टीम गठित कर अवैध देशी शराब बेचने वालों के खिलाफ कार्यवाही करते हुये बिना अनुज्ञा पत्र के अवैध देश शराब बेचने पर अभियुक्त अनिल गिरफ्तार किया जाकर 47 पव्वे अवैध देशी शराब के जप्त मुकदमा दर्ज किया गया।

### भाजपा प्रत्याशी की देवदर्शन यात्रा जारी

**कोटपूतली, ( निसं )।** कोटपूतली विधानसभा क्षेत्र से प्रत्याशी हंसराज पटेल की देवदर्शन यात्रा निरन्तर जारी है। उल्लेखनीय है कि भाजपा प्रत्याशी पटेल क्षेत्र के विभिन्न देवस्थानों व मठ मंदिरों में दर्शन कर भगवान व साधु संतों का आशीर्वाद ग्रहण कर जनसम्पर्क भी कर रहे हैं। पटेल ने गुरूवार को ग्राम केशवाना गुर्जर (टोडी) स्थित श्री गरीब नाथ मंदिर में आयोजित वार्षिकोत्सव कार्यक्रम में भाग लिया। इस दौरान उन्होंने भगवान के दर्शन कर आशीर्वाद ग्रहण किया।

## 'अलवर से 20 हजार कांग्रेसी सिकराय पहुंचेंगे'

**अलवर, ( निसं )।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की महासचिव प्रियंका गांधी की 20 अक्टूबर को प्रातः 11 बजे सिकराय में आयोजित जन जागरण अभियान विशाल जनसभा में अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के महासचिव, पूर्व केंद्रीय मंत्री जितेन्द्र सिंह के नेतृत्व में अलवर जिले से कांग्रेसजन सिकराय जायेंगे। कांग्रेस जिलाध्यक्ष योगेश मिश्रा ने बताया कि अलवर जिले की 11 विधानसभा क्षेत्रों से करीब 20000 कांग्रेस पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता सिकराय पहुंचेंगे। अलवर जिले से सिकराय जाने वाले सभी वाहनों की एन्ट्री, फोटोग्राफी, वीडियोग्राफी के लिए जिला कांग्रेस कमेटी, अलवर ने सिकंदरा टोल टैक्स के पास ( आगरा-जयपुर राष्ट्रीय राजमार्ग ) और वापी औद्योगिक क्षेत्र ( दौसा-चंदवाजी राजमार्ग ) पर चैक पोस्ट बनाई।

# दुर्गा महोत्सव में डांडिया की धूम

**श्रीमाधोपुर, ( निसं )।** महात्मा गांधी पी.जी. कॉलेज, श्रीमाधोपुर में गुरुवार को महाविद्यालय प्रांगण में दुर्गा महोत्सव के साथ डांडिया व गरबा का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम संयोजक विजेंद्र पूनिया ने बताया कि सर्वप्रथम महाविद्यालय निदेशक मोहर सिंह खर्रा, सचिव गीता खर्रा, महाविद्यालय प्राचार्य डॉ वीरेंद्र सैनी, स्कूल प्राचार्य कंवलजीत कौर, आईटीआई प्राचार्य महेंद्र यादव, बीएड उप प्राचार्य मुकेश वर्मा द्वारा माता के समक्ष दीप प्रज्वलित कर पंडित राकेश चुलेट के सानिध्य में कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ किया गया। शिवानी, कविता, सुमन ग्रुप के द्वारा माता की महाआरती की गई। मांगीलाल कुमावत व नीलम शर्मा के सानिध्य में काजल शर्मा, मानसी, कोमल द्वारा गणेश वंदना कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया।

व्याख्याता सुशीला देवी व मांगीलाल कुमावत के सानिध्य में



महात्मा गांधी पी.जी. कॉलेज, श्रीमाधोपुर में दुर्गा महोत्सव के साथ डांडिया व गरबा का आयोजन किया गया।

हेमलता एंड ग्रुप ने ढोलिडा डोल रे वगाड..., मानसी ग्रुप ने गरबा नृत्य, स्टाफ सदस्यों ने नगाड़ा संग ढोल बाजे तथा छात्रों ने मां शेरावाली ए तेरा शेर आ गया पर शानदार नृत्य की प्रस्तुति दी।चौगाडा तारा पर लडकों ने शमां बांध दिया। डांडिया महोत्सव में छात्र छात्राओं ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम में गुजराती वेशभूषा आकर्षण का केंद्र रहा। छात्र छात्राओं के द्वारा हाथ में डांडिया लेकर गुजरात का पारंपरिक नृत्य डांडिया व गरबा खेल कर अपने देश की संस्कृति की छवि को बरकरार रखने का संदेश दिया। संगीत व म्यूजिक कार्यक्रम आनंद बबेरवाल, शिवप्रसाद यादव, जितेंद्र सिंह दायमा के सानिध्य में आयोजित हुआ। इस अवसर पर व्याख्याता नीलम शर्मा, आरती चतुर्वेदी, डॉ आशा, ममता चौधरी, सीमा जांगिड़, करीना कुमावत, कोमल वर्मा, ने छात्राओं के डांडिया दल का नेतृत्व किया व वीरेंद्र यादव, सुनील चौधरी, विष्णु मीणा, ने छात्रों के डांडिया दल का नेतृत्व किया। इस कार्यक्रम में बृजमोहन यादव, कैलाश बिजारणिया, रोहित शर्मा, कमलेश कुमार, दयाराम, शिवप्रसाद यादव, सुमित्रा चौधरी, वीणा सैनी, राज सक्सेना, नंदकिशोर सैनी, सोनू निर्बान, रामसिंह जाट, प्रदीप शर्मा, सुरेश सामोता, धर्मपाल सिंह बिजारणिया, रणवीर सिंह सहित संपूर्ण महाविद्यालय स्टाफ व विधार्थी मौजूद थे।

# मोरल डैम की दोनों मुख्य नहरों की सफाई करने की मांग

**बौंली, ( निसं )।** सवाई माधोपुर व दौसा जिले के करीब 90 गांव के किसानों को फसल सिंचाई का पानी उपलब्ध कराए जाने वाला एशिया के प्रमुख कच्चे बांधों में शुमार मोरेल डैम की दोनों मुख्य नहरों की साफ सफाई कराए जाने को लेकर राजस्थान किसान सभा सवाई माधोपुर के जिला अध्यक्ष कांनजी मीणा के नेतृत्व में किसानों ने सवाई माधोपुर जिला कलेक्टर को एक ज्ञापन सोंपा है।

- **किसानों ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा**

ज्ञापन में अंकित किया गया है कि मोरेल डैम से दोनों नहरें निकलती हैं जिसकी लंबाई करीब 105 किलोमीटर है मुख्य नहर को जब फसल सिंचाई के लिए खोला जाता है तो 470 घन फीट प्रति सेकंड के हिसाब से पानी डिस्चार्ज होता है मुख्य नहर से 12हजार 688 कमांड एरिया की सिंचाई के लिए सप्लाई होती है एवं पूर्वी नहर से सभी माइनरों सहित 53 किलोमीटर है पूर्वी नहर पर 173 घन फिट प्रति सेकंड के हिसाब से सिंचाई के लिए पानी उपलब्ध होता है जिस पर 6हजार705 हेक्टेयर कमांड एरिया की फसल के लिए सिंचाई होती है वर्तमान में मोरल डैम में 24 फीट 4 इंच पानी मौजूद है इसकी भराव क्षमता करीब 32 फिट है। किसानों ने ज्ञापन में सभी माइनारो पर सिंचाई विभाग का कर्मचारियों की ड्यूटी लगाने एवं सभी नेहरों की साफ सफाई कराई जाने की मांग की है। अगर मोरेल बांध का पानी व्यर्थ नहीं जाएगा तो पूरे क्षेत्र के एरिया को यह तीन बार सिंचाई के लिए पानी उपलब्ध करा सकता है एवं दौसा व सवाई माधोपुर जिले के किसानों का जीवन खुशहाल कर सकता है। ज्ञापन देने वालों में बरनाला के किसान सभा ब्लॉक अध्यक्ष बनवारी लाल मीणा, मलारना डूंगर के ब्लॉक अध्यक्ष पप्पू लाल वर्मा, बौंली तहसील के ब्लॉक अध्यक्ष राजेश मीणा, जिला उपाध्यक्ष मीठालाल मीणा, गंभीरा के जुगराज गुर्जर एवं चौथ का बरवाड़ा तहसील के रामस्वरूप मीणा एवं सवाई माधोपुर जिले के उपाध्यक्ष आसाराम गहलोत सहित अनेको किसान उपस्थित थे।

## लावारिश शव का अन्तिम संस्कार किया

**कोटपूतली, ( निसं )।** स्थानीय मानव कल्याण सेवा समिति द्वारा विगत 4-5 रोज पूर्व राजमार्ग पर ग्राम कल्याणपुरा खुर्द के पास एक होटल के नजदीक मिले लावारिश व्यक्ति के शव का गुरूवार को अन्तिम संस्कार किया गया। समिति अध्यक्ष ओमप्रकाश स्वामी ने बताया कि मृतक की शिनाख्त ना होने पर पुलिस ने शव को राजकीय बीडीएम जिला अस्पताल की मोर्चरी में रखवा दिया था।

जिसके परिजनों का कोई पता नहीं चलने पर गुरूवार को समिति द्वारा अन्तिम संस्कार किया गया। मृतक की अस्थियों को हरिद्वार माँ गंगा में विसर्जित किया जायेगा। उल्लेखनीय है कि समिति द्वारा अभी तक 133 लावारिश शवों का अन्तिम संस्कार किया जा चुका है।

# मतदान जागरूकता कार्यक्रम के तहत स्टीकर लगाए

**निवाई, ( निसं )।** जिला निर्वाचन अधिकारी टोंक के निर्देश पर रिटर्निंग अधिकारी एसडीएम रविकांत सिंह के पर्यवेक्षण में स्वीप योजना के तहत विधान सभा क्षेत्र में मतदान जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है।

चुनाव विभागकर्मी मतदान जागरूकता कार्यक्रम में दुपहिया, तिपहिया व चार पहिया वाहनों, सब्जी ठेलों, सेलूनों, परचूनी की दुकानों, गैस सिलेण्डारों पर स्टीकर्स लगाकर जागरूकता पैदा कर रहे हैं। चैनपुरा आंगनबाडी केन्द्र पर महिलाओं व छात्राओं की रैली निकाल कर, पंचायत समिति निवाई परिसर पर महिलाओं द्वारा रंगोली बनाकर लोगों में मतदान के प्रति जागरुकता उत्पन्न की जा रही है। एसडीएम रविकांत सिंह ने बताया कि स्कूलों में छात्र-छात्राओं को मतदान करने व मतदान करवाने के लिए पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य मतदान के प्रति जागरुकता लाना है। उहोंने बताया कि चुनाव आयोग का मुख्य उद्देश्य चुनाव में मतदान दिवस पर हर व्यक्ति मतदान कर अपनी भागीदारी निश्चित कर अच्छे नागरिक होने का परिचिय दे। मतदान जागरूकता के तहत राउमावि करेडा बूजुर्ग व सीन्दरा के छात्रों द्वारा गांवों में रैली निकाल दीवार पर नारा लेखन आदि कार्यक्रम आयोजित किए गए। स्वीप कार्यक्रम को लेकर महिला एवं बाल विकास विभाग की आंगन?बाडी कार्यकर्ता, एकलव्य स्कूल के छात्र-छात्राएं, सरकारी कर्मचारी भाग ले रहे हैं ।

# हरियाणा के डिप्टी सी.एम. चौटाला ने कोटपुतली में जन संकल्प यात्रा निकाली

**कोटपूतली, (निसं)।** राजस्थान विधानसभा चुनाव को लेकर विभिन्न राजनैतिक दल सक्रिय नजर आ रहे हैं। आपको बता दें कि हरियाणा में भाजपा के साथ मिलकर सरकार चला रही जननायक जनता पार्टी भी पूरे दमखम के साथ राजस्थान के चुनाव मैदान में उतर चुकी है।

- **जजपा की चाबी से खुलेगा राजस्थान की सत्ता का ताला : चौटाला**
- **'राजस्थान में 25 विधानसभा सीटों पर मजबूती से लड़ेंगे चुनाव'**



जजपा नेता व हरियाणा के डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला ने जन संकल्प यात्रा निकाली।

इसी क्रम में जजपा नेता व हरियाणा के डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला द्वारा राजस्थान में जन संकल्प यात्रा निकाली जा रही है। यात्रा को लेकर डिप्टी सीएम चौटाला ने गुरूवार को पार्टी के प्रदेश प्रधान महासचिव व कोटपूतली विधानसभा क्षेत्र से जजपा प्रत्याशी रामनिवास यादव के साथ रोड़ शो किया। जो ग्राम मोरदा से शुरू होकर पनियाला, कोटपूतली के मुख्य मार्गों से होता हुआ बसई, भालोजी, पाथरेड़ी मोड़, चौकी गोरधनपुरा, दांतिल, शुक्लावास, खड़ब, नारेहड़ा, बनार, देवता, छारदड़ा, चिमनपुरा, जयसिंहपुरा, गोपालपुरा होते हुए पावटा जाकर समाप्त हुआ। चौटाला के रोड़ शो में सैकड़ों की संख्या में गाडियों का काफिला देखने को मिला। इस दौरान कार्यकर्ताओं के हुजुम में अपार जोश व उत्साह नजर आया। उन्होंने स्थानीय नागरिकों के साथ-साथ व्यापारियों व अपर जिला एवं सत्र न्यायालय परिसर में अधिवक्ताओं के साथ संवाद भी किया। साथ ही कस्बे के डाबला रोड़ पर जजपा प्रत्याशी रामनिवास यादव के चुनाव कार्यालय का उद्घाटन भी किया। विभिन्न जगहों पर आयोजित नुक्कड़ सभाओं को सम्बोधित करते हुए उन्होंने कहा कि राजस्थान की सत्ता का ताला जजपा की चाबी से ही खुलेगा। प्रदेश की 25 विधानसभा सीटों पर जजपा बेहद मजबूती के साथ चुनाव लड़ेगी। साथ ही देश के पूर्व प्रधानमंत्री जननायक ताऊ देवी लाल की विचारधारा गांव, गरीब, किसान व मजदूर तक पहुंचाकर लोगों से वोट मांगे जायेंगे। रोड़ शो में पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव दिग्विजय चौटाला भी मौजूद रहे। चौटाला जजपा प्रत्याशी रामनिवास यादव के साथ ग्राम जोधपुरा में अल्ट्राटेक सीमेंट कम्पनी के खिलाफ ग्रामीणों द्वारा विगत 316 दिनों से आयोजित धरने में भी शिरकत की। साथ ही धरणार्थियों की मांग को भी विस्तार से सुना।


## मानव श्रृंखला बनाकर मतदाताओं को जागरूक किया

**अलवर, ( निसं )।** विधानसभा आम चुनाव 2023 के तहत मतदाताओं को जागरूक करने हेतु सभी 11 विधानसभा क्षेत्रों में स्वीप कार्यक्रम के तहत विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जा रही है।

जिला परिषद के सीईओ एवं जिला स्वीप प्रभारी कनिष्क कटारिया ने बताया कि थानागाजी विधानसभा क्षेत्र में स्वीप गतिविधियों के तहत उपखंड अधिकारी मनीषा मीणा व स्वीप प्रभारी जगरूप एवं नगरपालिका की टीम के सहयोग से आज ज्योति बाल विद्या मंदिर स्कूल के विद्यार्थियों द्वारा मानव श्रृंखला बनाकर 25 नवंबर को होने वाले विधानसभा आम चुनाव में अधिक से अधिक संख्या में मतदान करने के लिए मतदाताओं को प्रेरित किया।

उन्होंने बताया कि, विधानसभा आम चुनाव के तहत मतदाताओं को जागरूक करने हेतु जिले की सभी 11 विधानसभा क्षेत्रों में स्वीप गतिविधियों के क्रियान्वयन हेतु स्वीप प्रभारी नियुक्त किए गए है जो रंगोली, पेंटिंग, चित्राकला, भाषण प्रतियोगिता, जागरूकता रैली, पोस्टर आदि के माध्यम से गतिविधियां आयोजित कराकर मतदाताओं को जागरूक कर रहे हैं।

# वैश्य समाज का गरबा महोत्सव सम्पन्न



वैश्य समाज के पुरुषों, महिलाओं, युवाओं, युवतियों, बालकों ने डांडिया का भरपूर आनन्द लिया।

**टोंक, ( निसं )।** अग्रवाल धर्मशाला में अखिल भारतीय वैश्य महासम्मेलन टोंक का गरबा रास 2023 कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ पुष्पा मंगल महिला प्रभारी राजस्थान प्रदेश दामोदर अग्रवाल, प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष, पंकज गुप्ता, प्रदेश मंत्री केशव गुप्ता, प्रदेश महामंत्री टोंक जिला प्रमुख सरोज नरेश बंसल, संघटन जिलाध्यक्ष राजीव बंसल, महिला जिलाध्यक्ष स्नेहा बम्ब, संरक्षक मणिकांत गर्ग मुरारी, सिंघल तारा चन्द जेंन, भगवान दास अजमेरा, राजेन्द्र गोयल, अग्रवाल समाज अध्यक्ष द्वारा किया गया।

इस अवसर पर प्रदेश से पधारे संघटन के वरिष्ठ उपाध्यक्ष दामोदर अग्रवाल, प्रदेश महामंत्री केशव गुप्ता ने अपने विचारों में संघटित समाज के महत्व को बताया, कार्यक्रम में देर रात तक वैश्य समाज के पुरुषों, महिलाओं युवाओं, युवतियों बालकों ने डांडिया का भरपूर आनन्द लिया। जिसमें काफी पुरस्कार भी वितरित किये गए, कार्यक्रम में रवि जैन, राजीव सिंघल, ओम प्रकाश विजय सांखना नवरत्न विजय बाबू लाल जैन दिनेश पाटोदी अनिल कासलीवाल डॉ विशाल अग्रवाल सुनील बंसल संजीव सिंघल व्यापार मंडल अध्यक्ष मनीष बंसल शैलेन्द्र गर्ग आदि उपस्थित रहे।



आपको यह महसूस करना होगा कि आप रिटायर होना चाहते हैं और इसके बारे में बहुत स्पष्ट होना चाहिए, लेकिन फिलहाल, मैं इस पर विचार भी नहीं कर रही हूं। -गार्बिन मुगुरुजा

विश्व की पूर्व नंबर एक टेनिस खिलाड़ी, अपने संन्यास के बारे में बोलते हुए।

# खेल जगत

**आज का खिलाड़ी** विराट कोहली



इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल ने विराट कोहली को वर्ल्ड कप 2023 में अब तक का मोस्ट इम्पैक्टफुल फील्डर माना है। के मुताबिक, टूर्नामेंट के पहले 13 दिनों में विराट कोहली ने फील्ड पर अपनी फील्डिंग से सबसे ज्यादा प्रभाव डाला है। सभी टीमों के तीन ग्रुप मैचों के बाद की ओर से फील्ड पर सबसे प्रभावी फील्डर्स की एक लिस्ट जारी की गई है, जिसमें कोहली टॉप पर हैं। कोहली ने टूर्नामेंट में अब तक तीन कैच लिए हैं, जो न्यूजीलैंड के मैट हेनरी और ऑस्ट्रेलिया के डेविड वॉर्नर से 2 कम हैं, लेकिन फील्ड पर उन्होंने सबसे ज्यादा प्रभाव छोड़ा है।

**क्या आप जानते हैं ?...** क्रिकेट इतिहास के 1877 में सबसे पहले टैस्ट में खेलने वाले एडवर्ड ग्रेगरी, उनके पुत्र सिड ग्रेगरी और उनके भतीजे जैक ग्रेगरी ने अपने टैस्ट जीवन की शुरुआत शून्य (0) से की।

# भारत ने बांग्लादेश को 7 विकेट से हराया

## कोहली ने सिक्स मारकर जिताया, 48वीं सेंचुरी बनाई, सबसे तेज 26 हजार इंटरनेशनल रन पूरे किए, इंडिया लगातार चौथा मैच जीती

पुणे, 19 अक्टूबर। टीम इंडिया ने वर्ल्ड कप 2023 में लगातार चौथी जीत हासिल की है। भारतीय टीम ने बांग्लादेश को 7 विकेट से हराया। कोहली ने 48वां वनडे शतक जमाया। उन्होंने सबसे तेज 26 हजार इंटरनेशनल रन भी पूरे कर लिए हैं। उन्होंने 567 पारियों में यह अचीवमेंट हासिल की है। उनसे पहले सचिन तेंदुलकर ने 600 पारियों में यह कारनामा किया था।

पुणे के मैदान पर बांग्लादेश ने टॉस जीतकर बल्लेबाजी करते हुए 50 ओवर में 8 विकेट पर 256 रन बनाए। 257 रन का टारगेट भारतीय बल्लेबाजों ने 41.3 ओवर में 3 विकेट पर हासिल कर लिया। विराट कोहली ने वनडे करियर की 69वीं फिफ्टी जमाई, जबकि शुभमन गिल ने 10वां अर्धशतक जमाया। गिल ने रोहित के साथ 76 बॉल पर 88 रन की ओपनिंग साझेदारी की।

257 का टारगेट चेज कर रहे रोहित शर्मा और शुभमन गिल ने 88 रन की ओपनिंग पार्टनरशिप की। रोहित फिफ्टी से चूक गए। उन्होंने 48 रन बनाए। हसन की गेंद पर पुल शॉट मारने के चक्कर में रोहित को हृदॉय ने बाउंड्री पर लपका। शुभमन गिल ने वर्ल्ड कप में अपनी पहली फिफ्टी लगाई। वो 53 रन बनाकर मेहंदी हसन मिराज की गेंद पर कैच आउट हुए। महमूदुल्लाह ने बाउंड्री पर उनका कैच लपका। पुणे के एमसीए मैदान पर बांग्लादेश की टीम ने टॉस





जीतकर बैटिंग चुनी। बांग्लादेश ने 50 ओवर में 8 विकेट पर 256 रन बनाए। ओपनर्स तंजिद हसन तमीम और लिट्टन दास के बीच 93 रन की साझेदारी हुई। तंजिद ने वर्ल्ड कप में अपनी पहली फिफ्टी लगाई। वो 51 रन बनाकर आउट हुए।

लिट्टन दास ने 12वीं वनडे फिफ्टी लगाई, वो 66 रन बनाकर आउट हुए। शांतो (8 रन), मिराज (3) और तौहीद हृदॉय (16) जल्दी आउट हुए। मुशफिकुर रहीम (38 रन) और महमूदुल्लाह (46 रन) के बीच 42 रन की साझेदारी हुई। मुशफिकुर को बुमराह ने आउट किया। बैकवर्ड पॉइंट पर जडेजा ने डाइव लगाकर उनका कैच पकड़ा। महमुदुल्लाह ने फिर नसुम अहमद के साथ 32 रन की साझेदारी की। मैच के दौरान हार्दिक पंड्या चोटिल हो गए। उनकी जगह विराट कोहली बॉलिंग करने आए। उन्होंने 3 बॉल पर 2 रन दिए। कोहली ने 6 साल बाद वनडे में बॉलिंग की है। उन्होंने आखिरी बार 2017 में श्रीलंका के खिलाफ वनडे में बॉलिंग की थी। पंड्या स्कैन कराने के बाद स्टेडियम में वापसी कर चुके हैं, लेकिन उनके बैटिंग करने पर संशय है। चोट लगने के बाद उन्होंने बॉलिंग और फील्डिंग नहीं की। टीम इंडिया के विकेटकीपर केएल राहुल ने बांग्लादेश के खिलाफ बेहतरीन डाइविंग कैच पकड़ा। 25वें ओवर की पहली बॉल मोहम्मद सिराज ने लेग साइड पर शॉर्ट पिच फेंकी।

मेहदी हसन मिराज ने फ्लिक किया, लेकिन बॉल बैट से लगकर विकेट के पीछे चली गई। जहां राहुल ने अपने बाएं तरफ डाइव लगाकर एक हाथ से डाइविंग कैच पकड़ लिया। केएल राहुल ने मैच से पहले लेग साइड पर जाती गेंद के लिए कोच के साथ स्पेशल प्रैक्टिस की थी। कोच ने लेग स्टंप से दूर एक बैट रखा, ताकि राहुल को गेंद देखने में दिक्कत हो। उन्होंने फिर बहुत पास से टप्पा खाती हुई गेंदों को राहुल की तरफ फेंका, ताकि उनके रिफ्लेक्स तेज हो और उन्हें लेग साइड की ओर जाती गेंदों को पकड़ने में आसानी हो। प्रैक्टिस का असर मैच में दिखा और राहुल ने बेहतरीन कैच पकड़ लिया। बांग्लादेश के कप्तान शाकिब अल हसन चोटिल हैं। वे भारत के खिलाफ मैच नहीं खेल सके। उनकी गैरमौजूदगी में नजमुल हुसैन शांतो ने कप्तानी की। शाकिब की जगह टीम में नसुम अहमद को मौका दिया गया। वहीं टीम इंडिया में कोई बदलाव नहीं हुआ।

**दोनों टीमों की प्लेइंग-11 : भारत :** रोहित शर्मा (कप्तान), शुभमन गिल, विराट कोहली, श्रेयस अय्यर, केएल राहुल (विकेटकीपर), हार्दिक पंड्या, रवींद्र जडेजा, शार्दूल ठाकुर, कुलदीप यादव, जसप्रीत बुमराह और मोहम्मद सिराज। **बांग्लादेश :** नजमुल हुसैन शांतो (कप्तान), तंजिद हसन तमीम, लिट्टन दास, मेहदी हसन मिराज, मुशफिकुर रहीम (विकेटकीपर), तौहीद हृदॉय, महमूदुल्लाह रियाद, नसुम अहमद, हसन महमूद, शोरिफुल इस्लाम और मुस्तफिजुर रहमान।

### सीबीएसई वेस्ट जोन फुटबॉल गर्ल्स चैम्पियनशिप का भव्य शुभारंभ

## भोपाल ने सूरत को 8-0 के बड़े अंतर से किया पराजित

झुंझुनूं, 19 अक्टूबर। झुंझुनूं एकेडमी में सीबीएसई की वेस्ट जोन फुटबॉल गर्ल्स चैंपियनशिप का भव्य शुभारंभ रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ हुआ। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में डॉ. डीएस ढूल एवं अतिथि के रूप में केंद्रीय विद्यालय झुंझुनूं के प्राचार्य ओआर चौधरी, जवाहर नवोदय विद्यालय काजड़ा के प्राचार्य संजय यादव, डॉ. अजीत कस्वां एवं अरुण पांडे उपस्थित थे। जिनका विद्यालय परिवार द्वारा पुष्प गुच्छ भेंट कर स्वागत किया गया। इसी अवसर पर उपस्थित सभी अतिथियों के साथ झुंझुनूं एकेडमी चेयरमैन डॉ. दिलीप मोदी, चैंपियनशिप संयोजक एवं स्कूल निदेशक आकाश मोदी, छात्रावास निदेशक कुरड़ाराम धींवा, स्कूल प्राचार्य डॉ. रविशंकर शर्मा, उप-प्राचार्या सरोज सिंह, श्यामसुंदर शर्मा एवं प्रशासक कमलेश कुलहरि ने सामूहिक रूप से दीपदान कर सीबीएसई ध्वज को फहराया तथा स्कूल कप्तान ने सभी टीमों को खेल भावना एवं नियमों का पालन करने की शपथ दिलाई। इसके बाद सभी जोन के खिलाड़ियों द्वारा लाइव म्यूजिक बैंड की जोशीली धुनों पर शानदार परेड कर सीबीएसई ध्वज व अतिथियों को सलामी दी गई तथा रंगबिरंगे गुब्बारे छोड़े गए। जो कार्यक्रम की शोभा बढ़ा रहे थे। इस अवसर पर विद्यार्थी परिषद के द्वारा राज्य भर से आए हुए खिलाड़ियों को राजस्थानी कला से अवगत करवाने के लिए 'धरती धोरां री', 'म्हारी चिरमी' गीतों की धुन पर छात्राओं ने शानदार पारंपरिक नृत्य कर राजस्थानी संस्कृति की छटाएं बिखेरीं।

## अश्विन को टीम में शामिल करने पर रहेगी प्रशंसकों की नजर

पुणे,19 अक्टूबर। आईसीसी विश्व कप में महाराष्ट्र क्रिकेट एसोसिएशन स्टेडियम में बंगलादेश के खिलाफ गुरुवार को होने वाले मुकाबले में स्पिनर आर अश्विन को टीम में शामिल किये जाने सवाल पर रहेंगी लाखों प्रशंसकों की नजर। हालांकि इस मुकाबले में भारत का पलड़ा भारी है। ऐसा माना जा रहा है कि पुणे की पिच बल्लेबाजी के लिए अनुकूल नेट अभ्यास के दौरान दिग्गज स्पिनर अश्विन को स्पिन गेंदबाजी पर टिप्स देते देखा गया। ऐसा माना जा रहा है कि टीम का बल्लेबाजी क्रम को परेशान नहीं करना चाहता, जब तक कि अश्विन एकादश के जरूरी न हो।

यहां प्रशंसक भारत द्वारा आक्रामक खेल की उम्मीद कर रहे हैं, रोहित शर्मा शानदार लय में दिख रहे हैं और शुभमन गिल अहमदाबाद में पाकिस्तान के खिलाफ वापसी की हैं, उन्होंने विकेट पर अपने संक्षिप्त पारी में आक्रमता की झलक दिखाई। रोहित ने तीन मैचों में 217 रन बनाए हैं और पिछले दो मैचों में एक शतक और एक अर्धशतक लगाया है। आईसीसी विश्व कप 2023 में आठ विकेट के साथ जसप्रीत बुमरा संयुक्त रूप से सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज हैं। बंगलादेश के नजमुल हुसैन शांतो और मुश्फिकुर रहीम ने इस वर्ष एकदिवसीय मैचों में क्रमशः 764 और 714 रन बनाए हैं। तस्कीन अहमद 2023 में 23 विकेट के साथ बंगलादेश के सबसे सफल एकदिवसीय गेंदबाज हैं। बंगलादेश में भारत को हराने की पूरी क्षमता है वह 2007 विश्व कप में ऐसा उलटफेर कर चुका और 2022 के बाद से मेजबान टीम के खिलाफ चार वनडे मैचों में से तीन मैच जीते हैं।

लिटन दास, शान्तो और तौहीद हृदोय ने अभी तक टूर्नामेंट में भाग नहीं लिया है। मैच के लिए शाकिब अल हसन की संदिग्ध उपलब्धता चिंताजनक है हालांकि उन्हें न्यूजीलैंड के खिलाफ मामूली चोट के बाद नेट्स पर बल्लेबाजी करते देखा गया। दूसरी ओर, भारतीय बल्लेबाज इस टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन कर रहे हैं और विराट कोहली, श्रेयस अय्यर और केएल राहुल भी अच्छे रन बना रहे हैं। हार्दिक पंड्या, रवींद्र जड़ेजा, कुलदीप यादव, बुमराह और मोहम्मद सिराज ने भी टूर्नामेंट में अच्छी गेंदबाजी की। अश्विन के शामिल होने से भारत न सिर्फ स्पिन बल्कि बल्ले से भी मजबूत होगा। दोनों टीमों के 40 एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय मुकाबले खेले हैं। इनमें भारत ने 31 मैच जीते हैं। बंगलादेश ने आठ में जीत दर्ज की है। वहीं एक मैच का कोई परिणाम नहीं निकला। वहीं एक दिवसीय विश्व कप की बात करें तो दोनों टीमों के बीच चार मैच हुए हैं तीन में भारत और एक में बंगलादेश को जीत मिली है।

## हार्दिक हुए इंजर्ड

पुणे, 19 अक्टूबर। पुणे के स्टेडियम में टॉस जीतकर पहले बैटिंग करने उतरी बांग्लादेश टीम ने 50 ओवर में 8 विकेट खोकर 256 रन बनाए। पहली पारी में बॉलिंग के दौरान हार्दिक पंड्या इंजर्ड हो गए, वह अपने ओवर की 3 ही गेंदें फेंक सके थे। उनकी जगह विराट कोहली ने बॉलिंग की और ओवर पूरा किया। मैच में रवींद्र जडेजा और केएल राहुल ने बेहतरीन फील्डिंग करते हुए



डाइविंग कैच पकड़े। जडेजा ने एक ही बॉल पर 2 डायरेक्ट हिट मारे, जो सीधे स्टंप्स से लगे। पहली पारी के ऐसे ही टॉप मोमेंट्स इस स्टोरी में हम जानेंगे। बांग्लादेश के ओपनर तंजिद हसन तमीम पारी की शुरुआत में आउट होने से बच गए, क्योंकि टीम इंडिया ने रिव्यू नहीं लिया। दरअसल, 5वें ओवर की पहली बॉल जसप्रीत बुमराह ने लेग स्टंप पर फुलर लेंथ आउट स्विंगर फेंकी। तमीम ने बैट आगे कर सिंगल ले लिया, टीम इंडिया ने इस पर की अपील की, लेकिन अंपायर ने नॉटआउट दे दिया। कप्तान रोहित शर्मा ने बुमराह से रिव्यू लेने के लिए पूछा, लेकिन गेंदबाज ने मना कर दिया। रिव्यू का टाइम बीत जाने के बाद मैदान में लगी टीवी स्क्रीन पर उसी गेंद का रिप्ले दिखाया गया। रिप्ले में दिखा कि बॉल तंजिम के पैड्स पर लगी थी और अगर टीम इंडिया लेती तो सफलता भी मिल जाती। इस वक्त तंजिद 4 रन के स्कोर पर खेल रहे थे, उन्होंने 51 रन बनाए और लिट्टन दास के साथ 93 रन की ओपनिंग पार्टनरशिप भी की। टीम इंडिया के ऑलराउंडर हार्दिक पंड्या चोटिल हो गए। बॉलिंग करते हुए हार्दिक का टखना मुड़ गया। इस कारण उनके बाएं टखने में चोट आई।

## हमारे गेंदबाजों ने बेहतरीन प्रदर्शन किया : लेथम

चेन्नई, 19 अक्टूबर। न्यूजीलैंड के कप्तान टॉम लेथम ने गुरुवार को आईसीसी विश्व कप 2023 के 16वें मुकाबले में अफगानिस्तान पर मिली 149 रनों की जीत पर कहा कि विश्व कप में हमारी शुरुआत जबर्दस्त रही है और यहां भी हमारे गेंदबाजों ने बेहतरीन प्रदर्शन किया है। लेथम ने कहा विश्वकप में हमारी शुरुआत जबर्दस्त रही है और यह एक और बेहतरीन प्रदर्शन था। हां हम कुछ पलों के लिए दबाव में थे, लेकिन हमारे गेंदबाज़ों ने जब भी विकेट की ज़रूरत थी, विकेट निकाले। उन्होंने बेहतरीन गेंदबाज़ी की। ग्लेन की पारी महत्वपूर्ण थी। सैंटनर ने हरफ़नमौला प्रदर्शन किया। अब हमें भारत और ऑस्ट्रेलिया से भिड़ना है और उम्मीद है कि हम यह मोमेंटम बनाए रखेंगे। वहीं अफगानस्तान के कप्तान शाहिदी ने कहा कि इस स्तर पर आपको कैच पकड़ने होते हैं। क्षेत्ररक्षण बहुत खराब रहा और हम कैच टपकाने की वजह से मैच में पीछे रह गए। अंतिम छह ओवरों में न्यूज़ीलैंड ने ढेर सारे रन बनाए और हम उन्हें रोक नहीं सके। हमने कोशिश की, लेकिन असफल रहे। यह पिच धीमी लग रही थी, इसलिए मैंने टॉस जीतकर पहले गेंदबाज़ी का फ़ैसला किया।

## सौराष्ट्र ने मणिपुर को 85 रनों से हराया

रांची, 19 अक्टूबर। सौराष्ट्र ने हार्विक देसाई के नाबाद 104 की शतकीय और विश्वराज जाडेजा 69 की अर्धशतकीय पारी की बदौलत मणिपुर को आज सैयद मुश्ताक़ अली ट्रॉफ़ी ग्रुप सी मुकाबले में 85 रनों से हरा दिया है। आज यहां मणिपुर ने टॉस जीतकर सौराष्ट्र को बल्लेबाजी का न्यौता दिया। पहले बल्लेबाजी करने उतरी सौराष्ट्र की टीम के सलामी बल्लेबाज हार्विक देसाई 55 गेंदों में नाबाद 104 ठोक डाले। वही तरंग गोहिल 13 को सिंह ने बोल्ड कर पवेलियन भेज दिया।

## टेनिस को अलविदा कहने का कोई इरादा नहीं : वीनस

नयी दिल्ली 19 अक्टूबर। विश्व नंबर की पूर्व एक टेनिस खिलाड़ी वीनस विलियम्स ने कहा है कि उनका अभी टेनिस को अलविदा कहने का कोई इरादा नहीं है वह अगले वर्ष मार्च में होने वाली प्रतियोगिता में वापसी का लक्ष्य बना रही हैं। विलियम्स ने हाल ही में टेनिस डॉट कॉम को दिये एक साक्षात्कार में कहा उन्होंने अगले वसंत में वापसी का लक्ष्य रखा है। उन्होंने कहा, मैंने यूएस ओपन के लिए ठीक होने का पूरा प्रयास किया। मैं फॉर्म में नहीं हूं इसलिए अब मैं वापस आने तक आराम कर रही हूं। मैं मार्च को लक्ष्य बना रही हूं, तभी टूर्नामेंट वापस जाएंगे, इसलिए मेरा लक्ष्य है जब यूएस ओपन टूर्नामेंट वापस आएंगे तो यह शुरु होगा।

उल्लेखनीय है कि विलियम्स ने विंबलडन में दुर्भाग्यपूर्ण हार के बाद तीन स्पर्धाएं खेली। वह मॉन्ट्रियल में पहले दौर में हार गई, और झेंग किनवेन से हारने से पहले चार साल में अपनी पहली शीर्ष 20 जीत के लिए सिनसिनाटी में शुरुआती दौर में वेरोनिका कुडरमेतोवा को हराया। सीज़न का उनका आखिरी मैच यूएस ओपन के पहले दौर में बेल्जियम ग्रीट मिन्नेन से 6-1, 6-1 से हार गया था। टूर्नामेंट में 100 करियर मैचों में यह विलियम्स की यूएस ओपन की सबसे एकतरफा हार थी।

## विश्व कप : डीआरएस फैसले से नाखुश वार्नर ने अधिक पारदर्शिता की मांग की

बेंगलुरु, 19 अक्टूबर। ऑस्ट्रेलिया के सलामी बल्लेबाज डेविड वार्नर ने एक दिवसीय विश्व कप में श्रीलंका के खिलाफ मैच में डीआरएस के फैसले पर नाराजगी जताते हुये अधिक पारदर्शिता की मांग की है।

श्रीलंका के खिलाफ मैच में वार्नर ने उनको पगबाधा आउट करार देने के अंपायर जोएल विल्सन के फैसले से इस कदर निराश हो गये थे कि उन्होंने गुस्से में अपना बल्ला अपने पैड पर दे मारा था। वार्नर ने कहा कि मैदान पर होने वाली घटनाओं और हॉकआई पर दिखाई देने वाली छवियों के बीच बेमेल होता है, जिससे पता चलता है कि तकनीक बॉल-ट्रैकिंग पर ध्यान केंद्रित करती है, न कि पिच के बाहर या हवा में गेंद की गति को। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया से बात करते हुए वॉर्नर ने कहा, जब मैं वहां था तो मैंने जोएल से पूछा कि क्या हुआ, उसने आउट क्यों दिया। अंपायर ने कहा कि गेंद रिवर्स स्विंग कर रही थी, इसलिए गेंदबाज के पक्ष में फैसला दिया है, उन्होंने ऐसा सोच कर निर्णय दिया है। लेकिन फिर जब आप इसका रीप्ले देखते हैं कि यह कैसे घटित हुआ तो आप थोड़ा परेशान हो जाते हैं, लेकिन यह बात हमारे नियंत्रण से बाहर है।

वार्नर ने अंपायर जोएल विल्सन के साथ अपनी बातचीत और बड़े स्क्रीन पर रीप्ले देखने के बाद किस कारण से उन्हें निराशा हुई, इसके बारे में भी बताया। उन्होंने कहा, इंग्लैंड में गेंद पिच पर उछलती है और एक बार उछलने के बाद यह वास्तव में घूमती भी है, न केवल सीम से बल्कि हवा में भी घूम सकती है। तो ऐसी छोटी-छोटी चीजें हैं कि एक खिलाड़ी के रूप में आपके हाथ निराशा हाथ लगती हैं क्योंकि इस पर कोई स्पष्टीकरण नहीं है... लेकिन कुछ न कुछ जवाबदेही होनी चाहिए।

## नवंबर के अंतिम सप्ताह तक सम्पन्न होगी यूपी में खेलकूद प्रतियोगिताएं

लखनऊ, 19 नवंबर। उत्तर प्रदेश के सभी बेसिक और माध्यमिक विद्यालयों की मंडल स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिताएं नवंबर माह के अंत तक हर हाल में संपन्न कराई जाएंगी। कुछ जिलों में प्रतियोगिताओं में हो रहे विलम्ब को देखते हुए निदेशक महेंद्र देव ने तय समय में प्रतियोगिताओं के अयोजन के निर्देश दिए हैं। ताकि 15 दिसंबर तक प्रदेश स्तर की प्रतियोगिताओं को संपन्न कराया जा सके। उल्लेखनीय है कि बच्चों में खेलों के प्रति रुचि और जागरूकता लाने के लिए योगी सरकार ने सभी बेसिक और माध्यमिक विद्यालयों में जिला, मंडलीय और प्रदेश स्तर पर अनिवार्य रूप से खेलकूद प्रतियोगिताएं आयोजित करने के निर्देश दिए हैं। साथ ही इन प्रतियोगिताओं की समय सीमा भी निर्धारित की गई है। पहले जनपद, फिर मंडलीय और अंत में प्रदेश स्तर पर खेलकूद प्रतियोगिताओं का आयोजन करना होगा।

शैक्षिक सत्र 2023-24 में विद्यालय स्तर से प्रदेश स्तर तक बालक/बालिकाओं के खेलकूद कार्यक्रमों एवं प्रतियोगिताओं के आयोजन के सम्बन्ध में पहले ही सभी जिलों को निर्देश दिए जा चुके हैं। हालांकि कुछ जिलों में प्रतियोगिताओं में देरी पर निदेशक महेंद्र देव ने नाराजगी जताई है। उन्होंने पत्र लिखकर सभी मंडलीय सहायक शिक्षा निदेशक और जिला बेसिक शिक्षा अधिकारियों को निर्देशित किया है कि नवंबर के अंतिम सप्ताह तक मंडल स्तर तक की सभी प्रतियोगिताएं संपन्न करा ली जाएं, ताकि 15 दिसंबर तक प्रदेश स्तर पर सभी प्रतियोगिताओं को संपन्न कराया जा सके।

## शार्दुल की जगह शमी ज्यादा प्रभावी होंगे : मनोज तिवारी

कोलकाता, 19 अक्टूबर। बांग्लादेश के खिलाफ विश्व कप मुकाबले से पहले क्रिकेट पंडितों ने आलराउंडर शार्दुल ठाकुर के स्थान पर भारतीय टीम के अंतिम एकादश में मोहम्मद शमी को चुने जाने की वकालत की है।

भारतीय टीम के पूर्व सदस्य मनोज तिवारी ने कहा शार्दुल का प्रदर्शन अभी तक प्रबंधन की उम्मीदों के मुताबिक नहीं रहा है। उन्हें दो मैचों में एक विकेट मिला है। यह देखना होगा कि वह आगामी मैचों में कैसा प्रदर्शन करते हैं, लेकिन मैं शुरू से ही चाहता था कि मोहम्मद शमी टीम में हों, जिसका मतलब होगा तीन वास्तविक तेज गेंदबाजी विकल्प। प्रबंधन शार्दुल को एक ऑलराउंडर मानता है लेकिन मेरी पसंद शमी हैं क्योंकि हार्दिक पंड्या के रूप में पहले से ही एक तेज गेंदबाजी ऑलराउंडर मौजूद है।

उन्होने कहा बांग्लादेश एक अच्छी टीम है जो किसी भी दिन किसी भी टीम को परेशान कर सकती है लेकिन टीम इंडिया कहीं अधिक मजबूत है और अच्छी लय में दिख रही है। वे पुणे में बांग्लादेश को आसानी से हरा देंगे। इसमें कोई संदेह नहीं है कि शार्दुल ठाकुर एक अच्छे गेंदबाज हैं जिन्होंने 46 मैचों में 64 विकेट लिए हैं लेकिन शमी के नाम 171 विकेट हैं। हम जानते हैं कि शमी अपनी लाइन और लेंथ में बहुत सटीक हैं, उनके पास गति है और गेंद को स्विंग करा सकते हैं। उनकी इकोनॉमी छह से कम है, जबकि शार्दुल छह रन प्रति ओवर से ऊपर हैं. इसलिए बांग्लादेश के खिलाफ शमी को शामिल किया जाना चाहिए।

तिवारी ने कहा, मैं हमेशा मोहम्मद शमी को प्राथमिकता दूंगा। टीम प्रबंधन शायद शार्दुल की बल्लेबाजी के कारनामे पर विचार कर रहा है।

## इंडियन बेसबॉल ड्रीम्स डॉक्यूमेंट्री-सीरीज में नजर आएंगे अर्जुन निम्माला

मुंबई, 19 अक्टूबर। मेजर लीग बेसबॉल और डिज्नी स्टार ने आईएमजी और एम्पेड पिक्चर्स के साथ मिलकर इंडियन बेसबॉल ड्रीम्स नाम का डॉक्यूमेंट्री-सीरीज प्रोड्यूस किया है। इसमें पहली पीढ़ी के भारतीय अमेरिकी अर्जुन निम्माला की प्रेरणादायी कहानी के बारे में बताया गया है।

जुलाई में टोरंटो ब्लू जेज द्वारा एमएलबी एमेच्योर ड्राफ्ट के पहले राउंड में निम्माला को शामिल किया गया था। इसी के साथ चार प्रमुख अमेरिकी पेशेवर खेलों में से किसी एक में इतने हाई पोजीशन पर चुने जाने वाले पहली पीढ़ी के भारतीय अमेरिकी के रूप में निम्माला ने इतिहास रच दिया था।

डॉक्यूमेंट्री सीरीज दर्शकों को निम्माला के साथ एक ऐसी यात्रा पर ले जाती है, जहां वह अपने माता-पिता के गृहनगर विजयवाड़ा (आंध्र प्रदेश) में अपनी जड़ों का पता लगाने के लिए निकले और भारत की खेल संस्कृति को उजागर किया। इस दौरान दोस्ताना क्रिकेट मैच के लिए निम्माला का भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान रह चुके अजिंक्य रहाणे से मिलना एक बड़ी घटना थी। निम्माला क्रिकेट का अभ्यास करते हुए बड़े हुए हैं। पूरी डॉक्यूमेंट्री के दौरान अर्जुन निम्माला भारत की उभरती बेसबॉल प्रतिभाओं से मिलते हैं और इसमें इन युवा खिलाड़ियों की कहानियां भी दिखाई गई हैं।

## अफगानिस्तान को चित कर न्यूजीलैंड ने लगाया जीत का चौका

चेन्नई, 19 अक्टूबर। न्यूजीलैंड गुरुवार को आईसीसी विश्व कप 2023 के 16वें मुकाबले में अफगानिस्तान पर 149 रनों की जीत का चौका लगाते हुए अंक तालिका में शीर्ष पर पहुंच गया हैं। न्यूजीलैंड के गेंदबाजी आक्रमण के आगे 289 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी अफगानिस्तान की पूरी टीम 34.4 ओवर में 139 रन पर सिमट गई। अफगानिस्तान की शुरुआत खराब रही और छठें ओवर की पांचवीं गेंद पर उसके सलामी बल्लेबाज रहमानउल्लाह गुरबाज 11 रन को हेनरी ने बोल्ड कर पवेलियन भेज दिया। इसके बाद टीम ने नियमित अंतराल पर विकेट गंवाए। अफगानिस्तान की ओर से सबसे अधिक 36 रन रहमत शाह ने बनाए।

रहमत शाह को रचिन रवींद्र ने आउट किया। वहीं अजमतुल्लाह उमरजई ने 27 रन का योगदान दिया। इकराम अलीखिल 19 रन बनाकर आउट हुए। ट्रेंट बोल्ट ने इब्राहिम जादरान को आउट किया। 43 के स्कोर पर अफगानिस्तान ने तीसरा विकेट कप्तान हशमतुल्लाह शाहिदी के रूप गिरा। शाहिदी 29 गेंदों में सिर्फ आठ रन बनाकर आउट हुए। उन्हें लॉकी फर्ग्यूसन ने सैंटनर के हाथों कैच आउट कराया। इसके बाद रहमत शाह और अजमतुल्लाह उमरजई के बीच अर्धशतकीय साझेदारी हुई। 26वें ओवर की चौथी गेंद पर अजमतुल्लाह ओमरजई 32 गेंदों में 27 रन बनाकर आउट हुए। उमरजई को ट्रेंट बोल्ट ने आउट किया। इसके बाद देखते ही देखते अफगानिस्तान की पूरी टीम 35वें ओवर में 139 रनों पर ही सिमट गई। अफगानिस्तान के पांच बल्लेबाज दहाई का आंकड़ा भी नहीं छू सके।

न्यूजीलैंड की ओर से लॉकी फर्ग्यूसन और स्पिनर मिचेल सैंटनर ने 3-3 विकेट निकाले जबकि ट्रेंट बोल्ट के खाते में 2 विकेट झटके। इससे पहले ग्लेन फिलिप्स 71 रन और कप्तान टॉम लैथम 68 रन के अर्धशतकों की बदौलत न्यूजीलैंड ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 50 ओवरों में छह विकेट पर 288 रन बनाये है। एमए चिदंबरम स्टेडियम में आज अफगानिस्तान के कप्तान हशमतुल्लाह शाहिदी ने टॉस जीतकर न्यूजीलैंड को पहले बल्लेबाजी करने का न्यौता दिया।

## तमिलनाडु ने त्रिपुरा को 8 विकेट से हराया

देहरादून, 19 अक्टूबर। तमिलनाडु ने सी हरि निशांत 46 गेंदों में 59 रन तथा साई सुदर्शन नाबाद 54 रनों की बेहतरीन पारी की बदौलत आज सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी ग्रुप ई मुकाबले में त्रिपुरा को आठ विकेट से हराया दिया है। आज यहां टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए त्रिपुरा ने गणेश सतीश के नाबाद 52 रन और रजत डे के 26 गेंदों में 35 रनों की बदौलत निर्धारित 20 ओवरों में पांच विकेट पर 129 रन का स्कोर खड़ा किया। तमिलनाडु की ओर से कुलदीप सेन और वरुण चक्रवर्ती ने दो-दो विकेट लिये। लक्ष्य का पीछा करने उतरी तमिलनाडु ने सी हरि निशांत 59 रन, साई सुदर्शन नाबाद 54 रन तथा शाहरुख़ ख़ान नाबाद15 रनों की बदौलत 16.5 ओवर में दो विकेट पर 133 रन बनाकर मुकाबला जीत लिया।

## विश्वकप क्वालीफायर मुकाबले में चोटिल नेमार के घुटने की होगी सर्जरी

रियो डी जनेरियो, 19 अक्टूबर। ब्राजीलियाई फुटबॉल परिसंघ (सीबीएफ) ने कहा है कि स्टार फुटबॉलर नेमार के घुटने की सर्जरी की जायेगी। नेमार के घुटने के स्कैन के बाद सर्जरी की पुष्टि हुई है। उन्हें सर्जरी के बाद अब कम से कम छह महीने मैदान से दूर रहना होगा।

सीबीएफ ने यहां जारी बयान में कहा, नेमार की सर्जरी तय तारीख पर होगी। उन्होंने कहा, ब्राजील की राष्ट्रीय टीम का चिकित्सा विभाग और अल हिलाल लगातार संपर्क में हैं और खिलाड़ी के ठीक होने के लिए जो भी सर्वोत्तम होगा वह किया जायेगा।

नेमार ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा, मुझे पता है कि मैं मजबूत हूं, लेकिन इस बार मुझे अपने परिवार और दोस्तों की और भी अधिक जरूरत होगी। उन्होंने कहा, चोट और सर्जरी से गुजरना आसान नहीं है, लेकिन मुझे विश्वास है, यहां तक कि बहुत ज्यादा भी। समर्थन और स्नेह के संदेशों के लिए धन्यवाद। उल्लेखनीय है कि मंगलवार को उरुग्वे और ब्राजील के बीच मोंटेवीडियो में विश्व कप क्वालीफायर में मुकाबले के दौरान ब्राजील के स्टार फुटबॉलर नेमार को घुटने में चोट लग गई थी और स्ट्रेचर पर मैदान से बाहर ले जाया गया था। ब्राजील यह मुकाबला उरुग्वे से 2-0 से हार गया था।

## एशियन पैरा गेम्स में पहुंची पानीपत की बहू

नई दिल्ली, 19 अक्टूबर। एशियन गेम्स 2023 में देश के खिलाड़ियों ने अपना परचम लहराया है। अब 22 अक्टूबर से चीन के पैरा एशियन गेम्स होने जा रही हैं। इन गेम्स में पानीपत के सिवाह गांव की बहू सुमन अपना जौहर दिखाएगी। एशियन पैरा गेम्स में सुमन का वेट लिफ्टिंग में चयन हुआ है।



*पूर्व उप मुख्यमंत्री सचिन पायलट ने गुरुवार को दौसा की सिकराय विधानसभा क्षेत्र में होने वाली प्रियंका गांधी की जनसभा की तैयारियों का जायजा लिया। पायलट ने पार्टी कार्यकर्ताओं का हौसला बढ़ाते हुये कहा, कौन क्या कहता है, मेरे बारे में इन सब बातों को भूल जाओ, हम सब एकजुट होकर सरकार बनायेंगे, इस बार राजस्थान में रिवाज़ बदलने वाला है, एक बार फिर प्रदेश में कांग्रेस की सरकार बनने वाली है। पायलट ने सभा स्थल पर मौजूद कार्यकर्ताओं से लम्बी बातचीत की और उन्हें सभा की तैयारियों के संबंध में निर्देश दिये।*

# देवेगौड़ा ने इब्राहिम को हटाकर अपने बेटे को पार्टी प्रमुख बनाया

## उन्होंने भाजपा के साथ गठबंधन को बचाने के लिए यह कदम उठाया है

**-लक्ष्मण वेंकट कुची-**
**-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-**

- **पूर्व पार्टी प्रमुख इब्राहिम ने भाजपा के साथ गठबंधन के देवेगौड़ा के फैसले को अस्वीकार कर कांग्रेस को समर्थन देने की घोषणा की थी।**
- **गौरतलब है कि, पहले विधानसभा चुनावों में करारी हार और अब कांग्रेस के ऑपरेशन ''हस्त'' की वजह से जद (एस) अस्तित्व के संकट से जूझ रही है।**

नई दिल्ली, 19 अक्टूबर। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और अन्य भाजपा नेता कांग्रेस तथा अन्य विरोधी क्षेत्रीय पार्टियों पर वंशवाद का आरोप लगाते नहीं थकते लेकिन यह विडंबना ही है कि कर्नाटक में भाजपा की नवीनतम सहयोगी पार्टी जनता दल (सेक्यूलर) ने वंशवाद का जोरदार बिगुल बजाया है।

जे.डी. (एस) के अध्यक्ष सी.एम. इब्राहिम ने विद्रोह करते हुए धमकी दी थी कि वे 2024 लोकसभा चुनाव के लिए भाजपा के साथ गठबंधन समाप्त कर देंगे। इसके बाद पार्टी के वयोवृद्ध संस्थापक एच.डी. देवगौड़ा ने इब्राहिम को अध्यक्ष पद से निष्कासित कर दिया और अपने पुत्र तथा पूर्व मुख्यमंत्री एच.डी. कुमारस्वामी को पार्टी का नियुक्त कर दिया ताकि दोनों पार्टियों का गठबंधन बचाया जा सके। जबसे अल्पसंख्यकों का झुकाव कांग्रेस की तरफ हुआ तो जद (एस) का कर्नाटक वर्चस्व कम हुआ है इसलिए पार्टी ने अपना अस्तित्व बचाने के लिए भाजपा से गठबंधन किया।

दोनों पार्टियों का तर्क है कि वोटों की गणित कांग्रेस को हरा देगी जो भारी बहुमत के साथ सत्ता में आई है और लोकसभा चुनाव के पहले राज्य में अपना वर्चस्व स्थापित कर लिया। इसके अलावा कांग्रेस ऑपरेशन हस्त भी चला रही थी जिसके अंतर्गत इन दोनों पार्टियों के नेताओं को निशाना बनाया जा रहा था और उन्हें अपनी ओर आकर्षित कर राज्य में पार्टी का आधार मजबूत किया जा रहा था। कांग्रेस का निशाना स्पष्ट रुप से लोकसभा चुनाव हैं। भाजपा ने 2019 में दो को छोड़कर राज्य की सारी सीटें जीत ली थीं। कर्नाटक में कांग्रेस की जीत के बाद विश्लेषकों का अनुमान है कि वह लोकसभा सीटों में सेंध लगाएगी और वह 10 के करीब सीटें जीत सकती है।

भाजपा और जद (एस) दोनों ही इसे रोकना चाहेंगे इसलिए दोनों साथ आकर अपने वोट शामिल कर कांग्रेस को बाहर करना चाहेंगी।

यह कहने में आसान लगता है। लेकिन है मुश्किल क्योंकि राज्य में दोनों विपक्षी पार्टियों के नेताओं में कांग्रेस का प्रभाव है और वे कांग्रेस का समर्थन करने की सोच रहे हैं।

गुरुवार को पूर्व केन्द्रीय मंत्री और कर्नाटक जे.डी. (एस) अध्यक्ष सी.एम. इब्राहिम को पूर्व प्रधानमंत्री और पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष देवगौड़ा ने पार्टी से बर्खास्त कर दिया। उन्होंने तुरंत अपने पुत्र कुमारस्वामी को आज जल्दी में बुलाई 20 सदस्यीय कोर कमेटी की बैठक में तदर्थ अध्यक्ष नियुक्त कर दिया।

इब्राहिम को बर्खास्त करने का निर्णय उनके द्वारा यह घोषणा करने के एक दिन बाद लिया गया कि वे राज्य में अल्पसंख्यक नेताओं से मशविरा किए बिना भाजपा के साथ किया गया गठबंधन निरस्त कर देंगे। उनका मानना था कि देवगौड़ा भी गठबंधन के पक्ष में नहीं है। इब्राहिम ने 16 अक्टूबर को अपनी पार्टी में समान विचार वाले नेताओं से मिलना-जुलना आरंभ किया और दावा किया कि वे ही अधिकृत पार्टी हैं और उन्होंने एक कोर कमेटी बनाई है जो भाजपा से संबंध विच्छेद को औपचारिक रुप देगी। मगर उनके सोच और कदम को ध्वस्त करते हुए देवगौड़ा ने इब्राहिम को हटाने के निर्णय में सक्रिय भूमिका निभाई। इब्राहिम 1996 से 1998 तक देवगौड़ा और आई.के. गुजराल की सरकारों में सूचना एवं प्रसारण नागरिक उड्डयन और पर्यटन मंत्री रहे।

# गलता पीठ महंत की नियुक्ति के मामले की सुनवाई 6 तारीख तक टली

**-यादवेन्द्र शर्मा-**

- **देवस्थान विभाग ने गलतापीठ ट्रस्ट के संबंध में उपलब्ध पूरा रिकॉर्ड अदालत को सौंपा।**
- **इस रिकॉर्ड का अध्ययन करने के लिए अदालत ने याचिकाकर्ता अवधेशाचार्य के वकील और देवस्थान विभाग के प्रतिनिधि की सहायता मांगी है।**

जयपुर, 19 अक्टूबर। राजस्थान हाई कोर्ट में गलतापीठ के महंत के नियुक्ति के मामले पर सुनवाई जारी रही। सुनवाई के दौरान अदालत में देवस्थान विभाग ने गलतापीठ मंदिर के ट्रस्ट के संबंध में उपलब्ध पूरे रिकॉर्ड को अदालत के समक्ष पेश कर दिया। न्यायाधीश समीर जैन ने कहा कि वह इस रिकॉर्ड का अध्ययन करेंगे जिसके लिए याचिकाकर्ता की ओर से एक वकील और देवस्थान विभाग की ओर से एक प्रतिनिधि उनकी सहायता के लिए उपस्थित रहेंगे। अदालत ने इस मामले की अगली तारीख 6 नवम्बर तय की है। और इसे 2 बजे बाद सुना जाएगा।

गौरतलब है कि याचिकाकर्ता देवस्थान विभाग के वर्तमान महंत अवधेशाचार्य और उनके परिवार जन है। उन्होंने देवस्थान विभाग के आयुक्त द्वारा वर्ष 2016 में दिए गए फैसले को चुनौती दी है जिसके तहत उन्होंने गलतापीठ के महंत व कार्यकारी ट्रस्टी के पद को रिक्त पाया और कहा कि इस संबंध में जांच कर के नियुक्ति की जानी चाहिए।

आयुक्त के आदेश में विवादित तौर पर यह भी कहा गया कि गलतापीठ की संपत्ति राज्य सरकार की संपत्ति है और महंत केवल मंदिर के ''मैनेजर'' है। देवस्थान विभाग का यह भी कहना था कि उक्त संपत्ति की देख रेख सही से नहीं की जा रही थी।

गत सुनवाई के दौरान अदालत ने देवस्थान विभाग से पूरा रिकॉर्ड लेने हेतु कहा कि क्या देवस्थान विभाग के पास गलतापीठ के ट्रस्ट में आने वाली संपत्ति का पूरा रिकॉर्ड है क्या देवस्थान विभाग इस पर नजर रखता है कि किसी संपत्ति को बेचा गया है या नहीं उन्होंने यह भी पूछा की क्या देवस्थान विभाग मंदिर में आए चढावे व प्रसाद का ब्यौरा रखता है कि नहीं या उसका ऑडिट करता है कि नहीं जिस पर देवस्थान विभाग की ओर से कहा गया कि उनके पास गलतापीठ ट्रस्ट के खिलाफ कोई शिकायत नहीं आई है इसलिए उन्होने कभी भी ट्रस्ट की संपत्ति का औचक निरीक्षण नहीं किया। अदालत ने कहा कि, गलता ट्रस्ट के बारे में इतनी कम जानकारी उपलब्ध होने के कारण ऐसा प्रतीत होता है कि देवस्थान विभाग अपना कोई भी कार्य नहीं करता है जिसके लिए उसे बनाया गया है।

## 47 पूर्व जज ...

**( प्रथम पृष्ठ का शेष )**

साधना एस जाधव, विनय देशपांडे, सत्यरंजन सी. धर्माधिकारी, तानाजी विश्वास नलवाडे और अभय महादेव थिप्से।

पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट के पूर्व जज मोहिंदर मोहन सिंह बेदी, गुरमीत राम,, अशोक कुमार वर्मा, तेजिंदर सिह ढींढसा, महिंदर सिंह भुल्लर और जयश्री ठाकुर को भी वरिष्ठ अधिवक्ता नामांकित किया गया।

## हैदराबाद में इज़राइल का विरोध

हैदराबाद, 19 अक्टूबर। गुरुवार को तेलंगाना में भी फिलिस्तीन के लिए समर्थन देखने को मिला। इजरायल-हमास युद्ध के बीच हैदराबाद के सैदाबाद इलाके में महिलाएं फिलिस्तीन के साथ एकजुटता प्रदर्शित करने के लिए दरगाह मैदान में एकत्र हुईं। इसमें मुस्लिम महिलाएं भी शामिल थीं। एंट्री गेट के जमीन पर इजरायल और अमेरिका के झंडे रखे हुए थे, जिनको महिलाओं ने पैरों से रौंदते हुए विरोध जताया। वीडियो में देखा जा सकता है कि कई मुस्लिम महिलाएं और बच्चे इजरायल और अमेरिका के झंडों के ऊपर से गुजरते हुए जा रहे हैं। हालांकि, कुछ झंडे के बगल से भी जाते दिखाई दिए।

- **हैदराबाद के सैदाबाद इलाके में महिलाएं फिलिस्तीन के साथ एकजुटता प्रदर्शित करने के लिए दरगाह मैदान में एकत्र हुईं।**

# 'गाज़ा में फंसे भारतीयों की निकासी मुश्किल टास्क है'

- **विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अरिंदम बागची ने कहा कि, गाज़ा के हालात बहुत खराब हैं, और वहां से भारतीयों को निकालने का प्रयास करना भी बहुत जोखिमभरा काम है**

नई दिल्ली, 19 अक्टूबर। हमास के हमले के बाद गाजा पट्टी पर इज़राइल की जवाबी कार्रवाई लगातार जारी है। ऐसे में गाजा से भारतीय नागरिकों को निकालना मुश्किल हो रहा है। विदेश मंत्रालय ने कहा कि गाजा में चार भारतीय हैं और फिलहाल जैसी स्थिति है उसमें उन्हें निकलना ठीक नहीं होगा। मंत्रालय ने कहा कि जब भी मौका मिलेगा उन्हें वापस लाया जाएगा। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अरिंदम बागची ने कहा, ''गाजा में जो स्थिति उसमें किसी को निकालना कठिन है लेकिन अगर हमें मौका मिला तो हम उन्हें बाहर निकाल लेंगे।''

अरिंदम बागची ने गाजा के अस्पताल पर हुए भीषण हमले में मारे गए 500 से अधिक लोगों के प्रति संवेदनाएं जाहिर की। उन्होंने कहा, ''प्रधानमंत्री ने नागरिकों की मौत पर चिंता व्यक्त की है और परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त की है। भारत सभी प्रकार की हिंसा की निंदा करता है।'' उन्होंने कहा, ''फिलिस्तीन मुद्दे पर, हमने अपनी बात दोहराई है। हम दोनों देशों के आपसी समाधान का समर्थन करते हैं।'' विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने अंतर्राष्ट्रीय समुदाय से आतंकवाद के सभी रूपों से निपटने के लिए एक साथ आने का भी आग्रह किया।

हमास के हमले के बाद इजरायल ने गाजा पट्टी के लिए खाद्यान्न, ईंधन और जल आपूर्ति रोक दी थी। इजरायल में हमास के हमले में 1,400 लोगों की मौत हो गई थी। वहीं इज़राइल की जवाबी कार्रवाई में गाजा पट्टी में लगभग 3500 लोगों की मौत की खबर है।

## आखिर क्या...

**( प्रथम पृष्ठ का शेष )**

लगा रहे है जबकि वे जानते हैं कि गांधी परिवार ने उनसे मुंह फेर लिया है, पर अभी भी पार्टी के कई वरिष्ठ नेता हैं जो उनसे आर्थिक फायदा पाते हैं, वे उन्हें बचाने की कोशिश कर रहे हैं।

शुक्रवार को गहलोत प्रियंका गांधी को अपने विशेष विमान से जयपुर ला रहे हैं, प्रियंका राजस्थान में कई सभाएं करेंगी। इस दौरान वे पूरी कोशिश करेंगे कि प्रियंका उनके पक्ष में आ जाए और उनकी सुने। जो शायद एक और हारी हुई लड़ाई साबित होगा।

## केंद्रीय चुनाव ...

**( प्रथम पृष्ठ का शेष )**

प्रदेश व केंद्र के नेता मौजूद रहेंगे। इस मीटिंग में दूसरी लिस्ट को मंजूरी दी जाएगी।

माना जा रहा है कि भाजपा की दूसरी लिस्ट में 70 से 80 सीटों पर प्रत्याशी घोषित किए जा सकते है।

# 'हमास ने मानवता की हत्या की है, हिंसा का यह चक्र खत्म होना चाहिये'

- **राहुल गांधी ने पहली बार फिलिस्तीन-इज़राइल विवाद पर टिप्पणी की और हमास को दोषी ठहराया।**

नई दिल्ली, 19 अक्टूबर। कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने गुरुवार को पहली बार इज़राइल और हमास के बीच चल रहे संघर्ष पर आधिकारिक बयान जारी किया। हिंसा की निंदा करते हुए राहुल गांधी ने कहा कि गाजा में निर्दोष नागरिकों की हत्या और उनके भोजन, पानी, बिजली में कटौती मानवता के खिलाफ अपराध है। राहुल गांधी ने कहा, ''हमास द्वारा निर्दोष इज़राइलियों की हत्या करना और बंधक बनाना एक अपराध है और इसकी निंदा की जानी चाहिए।'' उन्होंने कहा कि इज़राइल और फिलिस्तीन के बीच हिंसा के चक्र को समाप्त किया जाना चाहिए।

राहुल गांधी ने ट्वीट कर लिखा, ''गाजा में बच्चों सहित हजारों निर्दोष नागरिकों की हत्या और उनके भोजन, पानी और बिजली को काटकर लाखों लोगों की सामूहिक सजा मानवता के खिलाफ अपराध है। हमास द्वारा निर्दोष इजराइलियों की हत्या करना और बंधक बनाना एक अपराध है और इसकी भी निंदा की जानी चाहिए। इज़राइल और फिलिस्तीन के बीच हिंसा के चक्र को समाप्त किया जाना चाहिए।'' यह बयान ऐसे समय में आया है जब कांग्रेस फिलिस्तीन को लंबे समय से समर्थन देने को लेकर विवाद में फंस गई है।

इससे पहले गुरुवार को एक बयान में, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने एक बार फिर फिलिस्तीनी लोगों के अधिकारों के लिए कांग्रेस के समर्थन को दोहराया और कहा कि एक संप्रभु राज्य में गरिमा, आत्म-सम्मान और समानता के जीवन के लिए फिलिस्तीनियों की आकांक्षाएं वैध हैं। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने गाजा में अस्पताल एवं रिहायशी इलाकों पर हमले की निंदा करते हुए बृहस्पतिवार को आव्हान किया कि पश्चिम एशिया में तत्काल संघर्ष विराम हो और कूटनीतिक प्रयास आरंभ किए जाएं ताकि फलस्तीन की आकांक्षाओं को पूरा किया जा सके और इज़राइल की सुरक्षा चिंताओं का समाधान भी सुनिश्चित हो सके।

खड़गे ने एक बयान में कहा, ''गाजा में अस्पताल और रिहायशी इलाकों पर बमबारी के कारण सैकड़ों निर्दोष पुरुषों, महिलाओं और बच्चों की जान चली गई।

# पुरुषों के लिए गर्भनिरोधक इंजैक्शन का ट्रायल सफल, आई.सी.एम.आर. ने कामयाबी हासिल की

## यह इंजैक्शन 13 साल तक प्रभावी रहता है

- **आई.सी.एम.आर. बीते 7 सालों से इस इंजैक्शन पर कड़ी मेहनत कर रहा था। ट्रायल का परिणाम सौ प्रतिशत सफल रहा, आई.सी.एम.आर. ने सात सालों तक 303 पुरुषों पर इस इंजैक्शन का ट्रायल किया है।**
- **खास बात यह है कि, इस इंजैक्शन का किसी भी प्रकार का कोई साइड इफैक्ट नहीं है।**

नई दिल्ली, 19 अक्टूबर। पुरुषों के लिए गर्भनिरोध वाले इंजैक्शन का सफलतापूर्वक परीक्षण कर लिया गया है। इंडियन काउन्सिल ऑफ मैडिकल रिसर्च (आई.सी.एम.आर.) इस इंजैक्शन को लेकर पिछले 7 साल से 303 स्वस्थ पुरुषों पर परीक्षण कर रहा था। अब जाकर आई.सी.एम.आर को इसमें सफलता मिली, इस इंजैक्शन का रिजल्ट सफल रहा है। अच्छी बात यह है कि एक बार अगर कोई पुरुष इस इंजैक्शन को लगा लेता है तो 13 साल तक गर्भनिरोध लेने की कोई जरूरत नहीं होगी। यानी वह पुरुष अगले 13 साल तक पिता नहीं बन सकेगा या महिला को प्रेग्नैंट नहीं कर सकेगा। इंजैक्शन के इस सफलता से महिलाओं को कई तरह की झंझटों से मुक्ति मिलेगी। अब तक महिलाओं के उपर ही अधिकांश मामलों में गर्भनिरोधक का जिम्मा रहता है। इन सारी झंझटों से उन्हें मुक्ति मिल सकेगी।

दुनिया भर के वैज्ञानिक पुरुषों के लिए गर्भनिरोधक गोलियां बनाने में लगे हुए हैं ताकि पार्टनर की प्रेग्नेंसी को रोका जा सके। हालांकि इसमें शत प्रतिशत सफलता अब तक नहीं मिली है। लेकिन आईसीएमआर द्वारा तैयार इंजेक्शन से शत प्रतिशत सफलता मिलने की गारंटी है। इस इंजेक्शन का नाम रिसयुग (आर.आई.एस.यू.जी.-रिवर्सिबल इनहिबिशन ऑफ स्पर्म) जो नॉन-हार्मोनल इंजेक्टेबल कंट्रासेप्टिव होगा। आपको जानकर हैरानी होगी कि आईसीएमआर द्वारा तैयार पुरुषों के लिए यह गर्भनिरोध इंजेक्शन बेहद प्रभावकारी इंजेक्शन है। आईसीएमआर ने इसे सुरक्षित माना है। इस इंजेक्शन के ट्रायल में वैज्ञानिकों ने 7 साल तक 303 हेल्दी पुरुषों पर परीक्षण किया जिनकी उम्र 25 से 40 साल के बीच थी। ये सभी पुरुष शादीशुदा थे और फिजिकली अपनी पत्नी के साथ एक्टिव थे। इन लोगों ने स्वेच्छा से गर्भनिरोधक का यह जरिया चुना था। इन लोगों को 60 एमजी वालाआर.आई.एस.यू.जी. का इंजैक्शन दिया गया।

आईसीएमआर के इस सफल ट्रायल का प्रकाशन इंटरनेशनल ओपन एक्सेस जर्नल एंड्रोलॉजी में हुआ है। यह इंजेक्शन प्रेगनेंसी को रोकने में 99 प्रतिशत तक प्रभावी है। हालांकि ट्रायल के दौरान यह इंजेक्शन प्रेगनेंसी रोकने में लगभग 99.02 प्रतिशत तक प्रभावी रहा। इंजेक्शन लेने वाले पुरुषों में कोई साइड इफेक्ट देखने को नहीं मिला। पुरुषों के अलावा महिलाओं पर भी साइड इफेक्ट का टेस्ट किया गया इसके लिए उन पुरुषों की पत्नियों का चेकअप किया गया जिन्हें ये इंजेक्शन लगाए गए थे। चेकअप में उन पुरुषों की पत्नियों पर भी इसका कोई साइड इफेक्ट नहीं दिखा। डॉक्टर एम वली और अरुण गुप्ता ने बताया इस इंजेक्शन को स्पर्म डक्ट में इंजेक्ट किया जाएगा। इसको लगाने से पहले व्यक्ति को लोकल एनेस्थीसिया दिया जाता है। आर.आई.एस.यू.जी. को एक के बाद एक स्पर्म डक्ट्स में इंजेक्ट किया जाता है।

## न्यूज़क्लिक ...

**( प्रथम पृष्ठ का शेष )**

नोटिस जारी किया।

न्यायमूर्ति बी.आर.गवई और न्यायमूर्ति प्रशांत कुमार मिश्रा की पीठ ने यूएपीए के तहत दर्ज मामले में उनकी (आरोपियों की) गिरफ्तारी और हिरासत को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर पुलिस से जवाब तलब किया है।

शीर्ष अदालत इस मामले में अगली सुनवाई 30 अक्टूबर को करेगी। पीठ ने शुरू में पुलिस को जवाब दाखिल करने के लिए तीन सप्ताह का समय दिया, लेकिन याचिकाकर्ताओं की ओर से वरिष्ठ वकील कपिल सिब्बल और देवदत्त कामत ने कहा कि वे (पुरकायस्थ और चक्रवर्ती) जेल में बंद हैं। याचिकाकर्ताओं की इस दलील के बाद पीठ ने मामले को 30 अक्टूबर के लिए सूचीबद्ध करने का निर्देश दिया। पीठ ने यह भी स्पष्ट किया कि दशहरा अवकाश से पहले आखिरी कार्य दिवस शुक्रवार को इस मामले पर सुनवाई नहीं की जा सकती। याचिकाकर्ताओं ने दिल्ली उच्च न्यायालय के 13 अक्टूबर 2023 को याचिका खारिज करने के आदेश की वैधता को शीर्ष अदालत में चुनौती दी है। पुरकायस्थ और चक्रवर्ती ने यूएपीए मामले में उनकी गिरफ्तारी और हिरासत को चुनौती दी थी।

## 'इंडिया गठबंधन...

**( प्रथम पृष्ठ का शेष )**

सीटों पर विचार करेंगे। जब उन्होने प्रत्याशियों की घोषणा की तो सपा के लिए कुछ भी नहीं था। अगर मुझे पता होता कि राज्य स्तर पर कोई गठबंधन नहीं है तो हम मिलते ही नहीं। हम कांग्रेस से बात ही नहीं करते। अब लोकसभा चुनाव में गठबंधन के बारे में सोचेंगे। हम उनसे वैसा ही व्यवहार करेंगे जैसा वे हमारे साथ करेंगे।''

कांग्रेस ने नवरात्रि के पहले दिन 144 उम्मीदवारों की पहली सूची जारी की। आठ घंटे बाद समाजवादी पार्टी ने नौ उम्मीदवारों के नाम जारी किए जिनमें से पांच कांग्रेस के खिलाफ थे। कल शाम सपा ने 22 और प्रत्याशियों की घोषणा की, जिनमें से 13 कांग्रेस उम्मीदवारों के सामने हैं।

मामला और बिगड़ता गया जब कांग्रेस की उत्तर प्रदेश इकाई के अध्यक्ष अजय राय ने कुछ अवांछित टिपणियां की। उन्होंगे कहा कि सपा को मध्य प्रदेश में जमीनी समर्थन नहीं है और उसे वहां से चुनाव नही लड़ना चाहिए। उन्होंने कहा कि कांग्रेस उत्तर प्रदेश में सभी 80 सीटो पर चुनाव लडने की तैयारी कर रही है।

इस बात पर पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव आगबबूला हो गए उन्होंने कहा, ''मैं कांग्रेस से कहना चाहता हूं कि उनके चिरकुट नेता सपा के बारे में ना बोले। ये कांग्रेस वाले भाजपा के साथ हैं। अगर मुझे पता होता कि राज्य स्तर पर कोई गठबंधन नहीं है तो मैं सपा नेताओं को कमलनाथ और दिग्विजय सिंह के पास नहीं भेजता।''

कल कमलनाथ ने कहा था कि राज्य स्तरीय गठबंधन पर अभी सपा से बात चल रही है। उन्होंने कहा, ''इसमे व्यवहारिक कठिनाइयां हैं। अगर सपा कहे भी कि वह अपने चुनाव चिन्ह पर हमारे उम्मीदवार खड़े करने बारे में तैयार है तो भी हमारे उम्मीदवार सपा के चिन्ह पर चुनाव लड़ने को तैयार नहीं हैं। ऐसी स्थिति में हम क्या करें? ये जमीनी हकीकत है। दूसरी ओर पार्टी चुनाव में भाजपा को परास्त करने के लिए अखिलेश यादव के साथ तालमेल पर विचार कर रही है। हम चाहते हैं कि भाजपा को हराने में सपा हमारी मदद करे।'' मैं अखिलेश यादव को धन्यवाद देता हूं कि उनका लक्ष्य भाजपा को हराना है। उन्होंने मुझे व्यक्तिगत रूप से यह बताया।''

## गहलोत ने ...

**( प्रथम पृष्ठ का शेष )**

एक प्रश्न के जवाब में उन्होंने जोर देकर कहा कि, पार्टी में अन्तर्कलह के कारण प्रत्याशियों की लिस्ट जारी होने में देरी होने की खबरों के बावजूद उनके नेतृत्व में कांग्रेस जीतेगी। उन्होंने कहा अधिकतर बागियों के नाम क्लीयर हो गए हैं और उन्होंने एक की भी उम्मीदवारी पर आपत्ति नहीं जताई।

उन्होने कहा, सोनिया, राहुल और प्रियंका को उनमें इतना विश्वास है कि उन्हें (गहलोत को) तीन बार मुख्यमंत्री बनाया है। यह पूछे जाने पर कि, चुनाव के बाद क्या वो चौथी बार मुख्यमंत्री बनेंगे या ए.आई.सी.सी. मुख्यालय में शिफ्ट होंगे, गहलोत ने कहा, जो भी निर्णय पार्टी लेगी वो उन्हें स्वीकार्य होगा।

उनका घिसापिटा प्रतीकात्मक जवाब था कि, वो तो पद को छोड़ना चाहते है, लेकिन, पद उन्हें नहीं छोड़ रहा है। उन्होंने बड़े गर्व से कहा कि उनके विरूद्ध शासनविरोधी भावनाएं नहीं हैं।

# 'मैं विधायकों के खिलाफ ''एन्टी...

**( प्रथम पृष्ठ का शेष )**

नेतृत्व पर ''हॉर्स ट्रेडिंग'' का आरोप लगाया था जो कभी सिद्ध नहीं हुआ और राज्य सभा चुनाव के नतीजे जैसे अपेक्षित थे, वैसे ही आए। परन्तु गहलोत ने परोक्ष रूप से पायलट पर सरकार गिराने के आरोप लगाने शुरू कर दिए। वहीं जब बेबुनियाद आरोपों से तंग आकर पायलट और उनके समर्थकों ने अशोक गहलोत के नेतृत्व के खिलाफ विरोध प्रदेर्शन किया तो गहलोत ने पायलट के खिलाफ अपनी भाषा को अभद्र और कठोर कर लिया और उनकी सरकार व उनके अनुयायी गुट के नेताओं ने पायलट गुट के खिलाफ देशद्रोह के आरोप भी लगाए।

उल्लेखनीय है कि गहलोत सरकार ने कानून की पूरी तरह उपेक्षा करते हुए, अपने ही मंत्रियों के ''फोन टैप'' कराए और विद्रोह कर रहे पायलट गुट के एक मंत्री के फोन टैप करके उस वार्तालाप के कुछ अंश को ''सोशल मीडिया'' पर लीक कराया गया। और कई स्थानीय बडे अखबारों में मीडिया सलाहकार के माध्यम से उसे छपवाया भी गया। उल्लेखनीय है कि गहलोत के इस मीडिया सलाहकार के खिलाफ आज भी मुकदमा चल रहा है। यह पूरा घटनाक्रम पायलट व उनके समर्थकों को बदनाम करने की मंशा से ही किया गया था क्योंकि अदालत में ना केवल इनके खिलाफ देशद्रोह के मामले खारिज कर दिए गए बल्कि सरकार गिराने के लिए तथा कथित रूप से दी गई करोड़ों रु. की राशि के सबूत भी कभी नहीं मिले। इसलिए पायलट गुट के खिलाफ (पी.एम.एल.ए.) प्रिवैंशन ऑफ मनी लॉण्डरिंग एक्ट के तहत मामले दर्ज नहीं हुए।

परन्तु पायलट के विद्रोह के दौरान भी कांग्रेस सरकार राजस्थान में अल्पमत में नहीं थी क्योंकि उनके पास 102 विधायकों का समर्थन था। सरकार पर पहली बार अल्पमत में आने का खतरा तभी मंडराया जब भाजपा नेता मदन दिलावर ने कोर्ट में याचिका दायर की। इस याचिका में मदन दिलावर ने विधानसभा अध्यक्ष के फैसले को चुनौती दी थी जिसके तहत उन्होंने बसपा विधायकों को कांग्रेस में विलय होने की अनुमति दी थी। जबकि राष्ट्रीय स्तर और राज्य स्तर पे दोनों पार्टीयों के बीच कोई समझौता नहीं था तब 6 बसपा विधायकों को अपना पक्ष रखने के लिए हाई कोर्ट ने नोटिस भी जारी किए थे। परन्तु विधायकों को ना नोटिस पहुंचे और ना ही उन्होंने अपना जवाब दिया क्योंकि वह जैसलमेर के होटल में सरकार की सुरक्षा में सरकारी महमान थे। हैरानी की बात है कि तत्कालीन मुख्य न्यायाधीश इंद्रजीत मोहंती की खंडपीठ को विधायकों का जवाब या उनकी उपस्थिति सुनिश्चित करने के लिए ''स्पेशल सर्विस'' से नोटिस जारी करने पडे और पुलिस की मदद से विधायकों तक नोटिस पहुंचाने के आदेश देने पडे। तब अटकले लगाई गई थी। कि अगर विधायकों का जवाब या उनकी उपस्थिति सुनिश्चित नहीं हुई तो उन्हें गहलोत सरकार के ''फ्लोर टेस्ट'' में भाग लेने से रोक दिया जाएगा क्योंकि उनकी सदस्यता से जुडे मामले अदालत में लंबित थे।

इन तथ्यों से यह जाहिर होता है कि मुख्यमंत्री गहलोत के साथ होटल में रह रहे विधायक पूरी दुनिया से कितने कटे हुए थे। उनका वकीलों और समर्थकों से फोन पर बात करना असंभव ही था, फिर गहलोत किस दावे से कह सकते है कि कार्यकर्ताओं ने विधायकों को फोन कर के कहा था कि वह होटलों में बने रहे। वहीं जब 25 सितम्बर को मुख्यमंत्री गहलोत के पक्ष में विधायकों के एक गुट ने आलाकमान के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया तब भी मीडिया के एक सैक्शन ने गहलोत को विद्रोह का ''आर्किटैक्ट'' ना बताकर, गांधीवादी और पीड़ित दिखाया। मीडिया में ऐसे आंकड़े उछाले जा रहे थे कि गहलोत के समर्थन में 92 विधायक है जिन्होंने विधानसभा अध्यक्ष को इस्तीफे सौंपे हैं ताकि गहलोत को हाई कमान एक तरफा फैसला लेकर सी.एम. पद से ना हटाए। हैरानी की बात है हाई कोर्ट में विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि यह संख्या 92 नहीं 81 है जबकि उन्होंने अदालत में एक भी विधायक का इस्तिफा या इस्तीफा के वापस लेने के लिए दिए गए पत्र को अदालत में पेश नहीं किया। इससे साफ नजर आता है कि विधानसभा अध्यक्ष की ओर से हाई कोर्ट में दिया गया जवाब राजनीतिक षडयंत्र पर पर्दा डालने की नीयत से दिया गया था और बाद में सोचा गया एक कदम था।

गहलोत के अपने प्रतिंद्वदियों के खिलाफ दिए गए बयान, उनके न्यायपालिकाओं के लिए दिए बयान जैसे ही होते हैं, जिनसे मीडिया में हल्ला तो खूब होता है लेकिन उनके पास अपने बयान को साबित करने के लिए कोई सबूत नहीं होते हैं।

राष्ट्रदूत (एच.यू.एफ.) के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सोमेश शर्मा द्वारा वतन प्रेस, सुधर्मा, एम.आई.रोड़, जयपुर एवं सुधर्मा-II, लालकोठी शॉपिंग सेंटर, टोंक रोड़, जयपुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक:- राजेश शर्मा। आर.एन.आई. नं. 3641/57, ई-मेल-rastrdut@gmail.com कोटा कार्यालय:-पलायथा हाउस, छत्रपति शिवाजी मार्ग, कोटा। फोन:2386031, 2386032, फैक्स:0744-2386033 बीकानेर कार्यालय:-कुंम्भाना हाउस, हनुमान हत्था, बीकानेर। फोन:2200660, फैक्स: 0151-2527371 उदयपुर कार्यालय:-आयड, मेन रोड आयड, उदयपुर। फोन: 2413092, 2418945, फैक्स: 0294-2410146 अजमेर कार्यालय:-घूघरा घाटी, जयपुर रोड,अजमेर। फोन: 2627612, फैक्स:0145-2624665 जालोर कार्यालय :- जी 1/63, इन्डस्ट्रीयल एरिया, फेस प्रथम, जालोर। फोन: 226422, 226423, फैक्स: 02973-226424 हिण्डौनसिटी कार्यालय :- जी -1-201, रीको औद्योगिक क्षेत्र, हिण्डौनसिटी। फोन: 230200, 230400, फैक्स: 07469-230600 चूरू कार्यालय: एच-150, रीको औद्योगिक क्षेत्र, चूरू, फोन: 256906, 256907, फैक्स:01562-256908